* ओड़िशा संस्करण

18 जुलाई, 2023
सावन, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
मंगलवार, वर्ष 08, अंक 268


सहारा इंडिया में फंसा लोगों का पैसा अब वापस मिलेगा:गृह मंत्री अमित शाह आज लॉन्च करेंगे 'सहारा रिफंड पोर्टल'









## दिल्ली से बेंगलुरु तक मिशन 2024 की धमक, फोकस मोदी

# मोदी हटाओ-मोदी बढ़ाओ वालों के बीच बैठक वार

### ■ 26 विपक्षी दलों के नेता बेंगलुरु में जुटे डिनर पॉलिटिक्स में सोनिया ने की शिरकत

### ■ एनडीए के 38 दल बैठेंगे साथ पीएम नरेंद्र मोदी करेंगे अध्यक्षता

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली/बेंगलुरु।** लोकसभा चुनाव के लिए अब एक साल से कम का समय बचा है। चुनावी चौसर बिछ चुकी है। मिशन 2024 को भेदने के लिए सत्ता पक्ष और विपक्ष गोटी सेट करने में लग गये हैं। एक तरफ मोदी बढ़ाओ, तो दूसरी तरफ मोदी हटाओ की रणनीति बन रही है। दिल्ली से बेंगलुरु तक राजनीतिक हलचल तेज है। मंगलवार का दिन अहम है। दिल्ली में एनडीए की मंगलवार को बैठक होगी। इसमें 38 दलों के नेता शामिल होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसकी अध्यक्षता करेंगे। वहीं, बेंगलुरु में विपक्षी दलों की बैठक हो रही है। इसमें 26 दलों के नेता जुट रहे हैं। इसकी भी बैठक मंगलवार को होगी। हालांकि इससे पूर्व सोमवार की रात विपक्ष के नेता डिनर टेबल पर मिले। इसमें सोनिया गांधी ने भी शिरकत की।

**विपक्षी दलों की दूसरी बैठक :** गौरतलब है कि विपक्षी दलों की पहली बैठक 23 जून को पटना में हुई थी। उसमें 17 राजनीतिक दल शामिल हुए थे। अब दूसरी बैठक हो रही है। इसमें आठ नये राजनीतिक दलों के नेताओं के शमिल होने की उम्मीद है। कई दलों के नेता बेंगलुरु पहुंच गये हैं। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बताया कि इसमें 26 पार्टियां शामिल होंगी। बैठक मंगलवार सुबह 11 बजे से शाम चार बजे तक होगी। सोनिया और राहुल बेंगलुरु पहुंच गये हैं। सोनिया गांधी ने ही सोमवार को विपक्षी दलों को डिनर पर बुलाया था।



#### हेमंत सोरेन समेत अन्य नेता पहुंचे बेंगलुरु

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत कई नेता बेंगलुरु पहुंच गये हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी पहुंच गयी हैं। अभी तक कांग्रेस, टीएनसी, सीपीआइ, सीपीएम, एनसीपी, जदयू, डीएमके, आप, शिवसेना (यूटीबी), राजद, केरला कांग्रेस, केरला कांग्रेस (एम), एमडीएमके, वीसीके समेत 24 दलों के नेता बेंगलुरु पहुंच चुके हैं।

#### विपक्षी दलों की बैठक में तीन एजेंडा

सूत्रों के मुताबिक विपक्ष की बैठक में तीन मुख्य मुद्दों पर चर्चा हो सकती है। पहला लोकसभा चुनाव में विपक्ष की एकजुटता, दूसरा सीट शेयरिंग और तीसरा यूपीए का नया नाम। इसके अलावा यूनिफॉर्म सिविल कोड, मणिपुर हिंसा, पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव के साथ ही भाजपा की पार्टियों को तोड़ने की स्ट्रैटजी और उसके काउंटर प्लान पर भी चर्चा होगी।





"एनडीए का गठबंधन भारत को मजबूत करने के लिए है, जबकि यूपीए नेतृत्वहीन और नीतिहीन है। यह फोटो खिंचवाने के अवसर के लिए अच्छा है।

जेपी नड्डा, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष



"मुझे ताज्जुब है कि मोदी जी ने कहा था कि मैं सभी विपक्षियों पर अकेला भारी हूं। अगर वो विपक्षियों पर भारी हैं, फिर वो एनडीए की मीटिंग में क्यों बुला रहे हैं।

मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष

#### एनडीए की बैठक दिल्ली के अशोका में

उधर, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने 18 जुलाई को दिल्ली के अशोका होटल में एनडीए की मीटिंग बुलायी है। बैठक की अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। नड्डा ने सोमवार शाम को मीडिया से बातचीत में दावा किया कि बैठक में 38 पार्टियों के नेता शामिल हो रहे हैं। बैठक में एनडीए के घटक दलों के साथ चुनावी रणनीति बनेगी। शीट शेयरिंग पर चर्चा की संभावना है।

#### बैठक से पहले चिराग मिले अमित शाह से

लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) के मुखिया चिराग पासवान सोमवार को दिल्ली पहुंचे। यहां वे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आवास पर उनसे मिले। वह मंगलवार को होनी वाली एनडीए की बैठक में शामिल होंगे। बैठक से पहले शाह से उनके मुलाकता को अहम माना जा रहा है। चिराग लोकसभा चुनाव में अपनी पार्टी की सीटों की हिस्सेदारी को अंतिम रूप देने के लिए बातचीत कर रहे हैं।

## न्यूज रील्स

### चंद्रयान-3 एक और ऑर्बिट ऊपर गया

बेंगलुरु। इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइज्जेशन के वैज्ञानिकों ने सोमवार को चंद्रयान-3 की दूसरी ऑर्बिट रेजिंग प्रोसेस सक्सेसफुली पूरी की। अब स्पेसक्राफ्ट 41603 किमी गुणा 226 किमी ऑर्बिट में है। इसका मतलब है कि चंद्रयान-3 अब ऐसी अंडाकार कक्षा में घूम रहा है जो पृथ्वी से सबसे करीब 226 किमी और सबसे दूर 41,603 किमी है। कक्षा बढ़ाने के लिए अगली फायरिंग मंगलवार दोपहर 2 से 3 बजे के बीच प्लान की गयी है। इसके बाद पृथ्वी के ऑर्बिट में दो बार और फायरिंग की जायेगी।

### ताजमहल तक पहुंचा यमुना नदी का पानी

आगरा। दिल्ली में यमुना नदी का जलस्तर खतरे के निशान से नीचे आने के बाद एक बार फिर बढ़ने लगा है। यमुना का पानी आगरा में ताजमहल तक आ चुका है। मथुरा में यमुना डेंजर लेवल से एक मीटर ऊपर बह रही है। 52 कॉलोनियों में भी पानी भर गया है।

### 2400 करोड़ की ड्रग्स जलायी गयी

बेंगलुरु। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को बेंगलुरु में ड्रग्स तस्करी और नेशनल सिक्योरिटी पर क्षेत्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता की। दक्षिण के पांच और तीन केंद्र शासित प्रदेशों के डेलीगेट्स शामिल हुए। इस दौरान देश के अलग-अलग हिस्सों में 1,235 करोड़ रुपये की 9,298 किलो ड्रग्स को जलाया गया।

### अध्यादेश मामले पर संविधान पीठ कर सकती है सुनवाई

नयी दिल्ली। दिल्ली अध्यादेश के मामले पर दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार आमने-सामने हैं। अब इस मामले पर सुनवाई करते हुए देश के मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि वह इस मामले को पांच जजों की संविधान पीठ के पास भेज सकते हैं। सीजेआइ ने कहा कि ऐसे संशोधन करने पर संविधान पीठ विचार करेगी।

### वंदे भारत ट्रेन में आग लगी, सभी सुरक्षित

भोपाल। रानी कमलापति से निजामुद्दीन जा रही वंदे भारत ट्रेन के सी-14 कोच में सोमवार सुबह आग लग गयी। आग बैटरी बॉक्स में लगी थी। बीना रेलवे स्टेशन से पहले ट्रेन को रोका गया। सभी पैसेंजर्स को सुरक्षित निकाला गया। फायर ब्रिगेड और रेलवे की टीम 58 मिनट में आग पर काबू पाया।

### शरद पवार से 24 घंटे में दूसरी बार मिले अजित

मुंबई। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार सोमवार को लगातार दूसरे दिन शरद पवार से मिलने मुंबई के एनसीपी ऑफिस वाइबी चव्हाण सेंटर पहुंचे। उनके साथ उनके गुट के एनसीपी विधायक भी थे।

## डायन बिसाही के आरोप में वृद्ध दंपति की गला रेत कर हत्या

● पुलिस मामले की कर रही छानबीन

रवि कुमार गुप्ता

**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह थाना क्षेत्र की मंगरा पंचायत के अमडीहा ग्राम में मध्य रात्रि वृद्ध दंपति की डायन बिसाही के आरोप में धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या कर दी गयी। घटना की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी श्रीनिवास कुमार सिंह घटनास्थल पहुंचे। जांच पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया।

जानकारी के अनुसार अमडीहा ग्राम के मंगरा अमडीहा मुख्य मार्ग के किनारे वृद्ध कृत सिंह (65) और उसकी पत्नी तुलसमनीया देवी (60) अपने नये पीएम आवास में रहते थे, जबकि उनके दो पुत्र नगीना सिंह और अरुण सिंह अपने-अपने परिवार के साथ सड़क से कुछ दूरी पर अवस्थित अपने पुराने घर में रहते थे। रविवार मध्यरात्रि के बाद अज्ञात अपराधियों ने दोनों वृद्धों की धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या कर दी। वहीं अपराधियों द्वारा धारदार हथियार से शरीर के अन्य हिस्सों में भी वार किया गया। सोमवार की सुबह दंपती के पुत्र नगीना सिंह जब अपने माता-पिता से मिलने पहुंचे, तब घटना की जानकारी हुई। मृतक के पुत्र द्वारा घटना की जानकारी बरवाडीह पुलिस को दी गयी। सूचना मिलने के साथ थाना प्रभारी श्रीनिवास कुमार सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेजते हुए हत्या प्रकरण में सभी पहलुओं पर जांच पड़ताल शुरू कर दी। थाना प्रभारी ने कहा कि आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार किया जायेगा।



#### घटना के संबंध में क्या कहते हैं परिजन

घटना के संबंध में मृतक कृत सिंह की 30 वर्षीय नतनी देवंती देवी ने बताया कि चार वर्ष पूर्व गांव के ही पहलवान सिंह समेत कुछ अन्य लोगों द्वारा नाना-नानी को डायन ओझा बता कर मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया था। इसके बाद भी गांव के उक्त लोगो द्वारा डायन बिसाही का आरोप लगा कर नाना-नानी को प्रताड़ित किया जाता था। देवंती देवी ने बताया कि उसके नाना-नानी ने अपनी हत्या की आशंका व्यक्त की थी।

## पतरातू में अपराधियों ने डीएसपी नीरज को गोली मारी, मेडिका में भर्ती

### पुलिस गयी थी अमन साहू गिरोह के शूटर को पकड़ने, मेडिका में डीएसपी को देखने पहुंचे आलाधिकारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ के पतरातू थाना क्षेत्र के टेरपा गांव में सोमवार को रात नौ बजे अमन साहू गिरोह के अपराधियों ने दुस्साहस का परिचय देते हुए एटीएस के डीएसपी नीरज कुमार पर फायरिंग कर दी। वह घायल हो गये। उन्हें पेट में गोली लगी है। उन्हें रांची के मेडिका अस्पताल में भर्ती कराया गया है। देर रात मुख्यालय के कई अधिकारी उन्हें देखने पहुंचे। वहीं इस घटना में रजरप्पा का दारोगा भी जख्मी हुआ है। घायल डीएसपी को रांची मेडिका में भर्ती कराया गया है। एटीएस को यह सूचना मिली थी कि उस इलाके में रंगदारी वसूलने वाला संगठित गिरोह का सरगना अमन साहू के कुछ गुर्गे शरण लिये हुए हैं। इसी सूचना पर एटीएस की टीम वहां पहुंची। पुलिस को देखते हुए अपराधियों ने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। फायरिंग में एटीएस के डीएसपी नीरज कुमार घायल हो गये और जमीन पर गिर पड़े।

घटना की सूचना मिलने के बाद रामगढ़ पुलिस ने पूरे इलाके में सर्च अभियान शुरू किया है। जगह-जगह बैरिकेडिंग कर दी गयी है। अपराधियों की धड़पकड़ के लिए ताबड़तोड़ छापेमारी की जा रही है। इधर, घायल डीएसपी को मेडिका लाया गया है, जहां पुलिस मुख्यालय के कई सीनियर अधिकारी अस्पातल पहुंचे।




आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No. 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 56,000 रु./10 ग्राम
चांदी 77,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 18 जुलाई, 2023
www.azadsipahi.in


# आप के साथ कांग्रेस का हाथ, विपक्षी एकता को मिली ताकत

## ■ अध्यादेश के मुद्दे पर साथ आने से दोनों पार्टियों को होगा फायदा

## ■ भारतीय जनता पार्टी को राज्यसभा में जुगाड़ करना होगा बहुमत

**बेंगलुरु में शुरू हुई विपक्षी दलों की महाबैठक से पहले इस पूरी मुहिम को उस समय बड़ी खुशखबरी मिली, जब आम आदमी पार्टी ने इस बैठक में शामिल होने का एलान कर दिया। आप का यह एलान अध्यादेश के मुद्दे पर साथ देने के कांग्रेस की घोषणा के बाद किया गया। पार्टी की राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक में फैसला लिया गया कि पार्टी विपक्षी एकजुटता के लिए होनेवाली मुहिम में शामिल होगी। आप ने अध्यादेश के मुद्दे पर साथ देने के लिए कांग्रेस के फैसले का इंतजार किया और जब कांग्रेस अध्यक्ष ने अनुकूल घोषणा की, तब आप का रुख नरम हुआ। अब यहां सवाल उठता है कि कांग्रेस और आप की इस नजदीकी का सियासी मतलब क्या है और इस दोस्ती से अध्यादेश का क्या होगा। आप ने पहले ही कांग्रेस को ऑफर किया है कि यदि वह दिल्ली और पंजाब से खुद को हटा ले, तो मध्यप्रदेश और राजस्थान से वह हट जायेगी। इस तरह यह नजदीकी दोनों पार्टियों के लिए फायदेमंद साबित हो सकती है। इस नजदीकी का दूसरा सबसे महत्वपूर्ण लाभ यह होगा कि अब अध्यादेश को राज्यसभा से पास कराना सत्ता पक्ष के लिए मुश्किल हो सकता है, क्योंकि जरूरी संख्या बल जुटाने के लिए उसे अब दूसरी पार्टियों पर निर्भर करना होगा। अध्यादेश का मुद्दा विपक्षी दलों की पटना में हुई बैठक में भी उठा था और उस समय आप और कांग्रेस के बीच काफी तल्खी भी सामने आयी थी। लेकिन अब एकजुटता के रास्ते में पैदा हुई यह बड़ी बाधा दूर होती दिखाई दे रही है, जिसका सियासी असर 2024 के चुनाव में जरूर दिखेगा। कांग्रेस और आप की इस नजदीकी के राजनीतिक असर का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह

लोकसभा चुनाव में विपक्षी एकजुटता के मुद्दे पर बेंगलुरु में शुरू हुई विपक्षी दलों की बैठक से पहले आम आदमी पार्टी (आप) को कांग्रेस का साथ मिल गया है। कांग्रेस ने कहा है कि वह दिल्ली की प्रशासनिक सेवाओं से जुड़े केंद्र सरकार के अध्यादेश का संसद में समर्थन नहीं करेगी। आम आदमी पार्टी कांग्रेस से इस मुद्दे पर रुख स्पष्ट करने की मांग कर रही थी। कांग्रेस की इस घोषणा के बाद आप ने बेंगलुरु की बैठक में शामिल होने का एलान कर दिया है।

### क्या कहा कांग्रेस ने

कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि पार्टी राज्यपालों के जरिये गैर-भाजपा शासित राज्यों में हस्तक्षेप करने के केंद्र सरकार के किसी भी कथित प्रयास का विरोध करेगी। कांग्रेस देश के संघीय ढांचे को कमजोर करने के प्रयासों का हमेशा विरोध करती रही है और आगे भी इस पर अडिग रहेगी।

वेणुगोपाल ने कहा कि पार्टी ने संसद के मानसून सत्र में दिल्ली की सेवाओं से जुड़े केंद्र के अध्यादेश पर विधेयक का विरोध करने का फैसला किया है। इससे पहले पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा था कि कांग्रेस निर्वाचित सरकारों के संघीय ढांचे पर किसी भी तरह के हमले का विरोध करती रही है। पार्टी आगे भी संसद के अंदर और बाहर इस रुख पर कायम रहेगी। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कांग्रेस के इस फैसले का स्वागत किया था।

### क्या कहा आप ने

कांग्रेस की घोषणा के बाद आप ने पार्टी की राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक की।




बैठक के बाद पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राघव चड्ढा ने कहा कि कांग्रेस ने सेवाओं के नियंत्रण से संबंधित केंद्र सरकार के अध्यादेश का सदन में स्पष्ट तौर पर विरोध करने की घोषणा की है। यह एक सकारात्मक घटनाक्रम है। आम आदमी पार्टी इसका स्वागत करती है और वह बेंगलुरु में होनेवाली विपक्षी दलों की बैठक में शामिल होगी।

### राज्यसभा में सरकार को हो सकती है मुश्किल

संसद के मॉनसून सत्र में केंद्र सरकार 21 बिल लायेगी, जिसमें दिल्ली में अफसरों के ट्रांसफर-पोस्टिंग के अधिकार से जुड़ा अध्यादेश भी शामिल है। केजरीवाल अध्यादेश के खिलाफ समर्थन जुटा रहे हैं। नीतीश कुमार द्वारा 23 जून को पटना में बुलायी गयी विपक्षी दलों की बैठक में केजरीवाल ने कहा था कि कांग्रेस ने अगर अध्यादेश के विरोध में हमारा समर्थन नहीं किया, तो वह विपक्ष की बैठक में नहीं आयेंगे। कांग्रेस द्वारा अध्यादेश का विरोध करने के बाद अब इसे राज्यसभा से पास कराने में सरकार को मुश्किल हो सकती है। राज्यसभा के सदस्यों की वर्तमान संख्या 237 है। इनमें से पांच नामित सदस्य हैं, यानी सामान्य परिस्थितियों में 232 सदस्य वोट कर पायेंगे। ऐसे में आम आदमी पार्टी अगर विधेयक के विरोध में 117 वोट जुटाने में सफल रहती है, तो सरकार की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। भाजपा के 93 सासदों के साथ एनडीए के सदस्यों की संख्या 106 है। राज्यसभा में पांच मनोनीत सदस्य हैं। ये सदस्य किसी पार्टी से संबद्ध नहीं हैं, पर सदन में जरूरत पड़ने पर वे वोट कर सकते हैं। पांचों नामित सदस्य भाजपा को वोट करते हैं, तो राज्यसभा में राजग के कुल सदस्यों की संख्या 111 हो जायेगी। इसके बावजूद राजग को बहुमत जुटाने के लिए दूसरी पार्टियों से सहयोग लेना होगा।

### कांग्रेस की रणनीति

वैसे लोकसभा चुनाव में भाजपा को पटखनी देने के लिए कांग्रेस बहुत जल्दी में नहीं है। वह बहुत सोच-समझ कर रणनीति को जमीन पर उतारने की तैयारी में है। यही वजह है कि पिछले कुछ दिनों में कांग्रेस की विपक्षी एकता को धार देने की कवायद में दिलचस्पी बढ़ी है। इतना ही नहीं, पार्टी अब बड़े और कड़े दोनों तरह के फैसले लेने में हिचक भी नहीं रही है। अध्यादेश के मुद्दे पर आप का समर्थन करने का उसका फैसला इसी नजरिये से देखा जा रहा है।

### विपक्षी एकता की मुहिम को मिली ताकत

कांग्रेस और आप की घोषणाओं से विपक्षी एकता की मुहिम को तो ताकत मिली ही है, साथ ही दोनों दलों के लिए यह नजदीकी फायदेमंद साबित हो सकती है। आप ने पहले ही कांग्रेस को ऑफर दिया है कि यदि वह पंजाब और दिल्ली से खुद को अलग रखती है, तो राजस्थान और मध्यप्रदेश से आप बाहर रहेगी। इन दोनों राज्यों में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव भी होने हैं। लोकसभा सीटों के लिहाज से कांग्रेस को केवल 20 सीटें छोड़नी होंगी, जबकि बदले में उसे राजस्थान में 25 और मध्यप्रदेश में 29 सीटों पर मुकाबले को सीधा बनाने का मौका मिल जायेगा। इसके अलावा इन दोनों राज्यों में विधानसभा चुनाव में भी उसे त्रिकोणीय मुकाबले से मुक्ति मिल जायेगी। उधर आम आदमी पार्टी भी दिल्ली की सात और पंजाब की 13 सीटों पर भाजपा से सीधा मुकाबला कर सकेगी।

कांग्रेस और आप की घोषणा के बाद विपक्षी दलों में स्वाभाविक रूप से नया उत्साह देखा जा रहा है। शरद पवार के बैठक में शामिल नहीं होने के बावजूद विपक्षी दलों को लग रहा है कि बात बन जायेगी और 2024 के लिए एक साझा मंच आकार ले लेगा। यह तो अभी भविष्य के गर्भ में है, लेकिन फिलहाल कांग्रेस और आप के बीच की नजदीकी से नया सियासी समीकरण जरूर आकार लेने लगा है।

---

## यूपीए बैठक पर बोले भाजपा प्रदेश अध्यक्ष

# यह लोकतंत्र नहीं, गर्दन बचाओ की बैठक : बाबूलाल मरांडी

**भ्रष्टाचार के जनक, पोषक और संरक्षक दलों के ठगबंधन की हो रही कवायद**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने बेंगलुरु में आज हो रही यूपीए दलों की बैठक पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र बचाओ के नाम पर जुटनेवाले दलों का चाल, चरित्र और इतिहास लोकतंत्र की हत्या करने, लोकतांत्रिक संस्थाओं को अपमानित करने का है। आज भी ये दल लोकतंत्र की आवाज को लाठी डंडे से कुचलने की हर संभव कोशिश कर रहे हैं। न्यायालय के निर्णयों पर भी असंवैधानिक टिप्पणी कर रहे हैं।



उन्होंने कहा कि हाल में ही पश्चिम बंगाल और बिहार में यूपीए सरकार का लोकतंत्र विरोधी वीभत्स चेहरा उजागर हुआ है। झारखंड सरकार तो उनकी नाकामियों को उजागर करनेवालों के खिलाफ फर्जी केश मुकदमों से प्रताड़ित करने का रिकॉर्ड बना रही। उन्होंने कहा कि सच्चाई यह है कि भारत का लोकतंत्र पूरी तरह सुरक्षित है, परंतु यूपीए घटक दलों में शामिल नेता भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे होने के कारण अपने को पूरी तरह असुरक्षित महसूस करने लगे हैं। इन दलों का चरित्र भ्रष्टाचार के जनक, पोषक और संरक्षक होने का है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी भ्रष्टाचार की जननी है। देश में अनगिनत घोटालों का रिकॉर्ड कांग्रेस पार्टी के नाम दर्ज है। आज भी कांग्रेस पार्टी के युवराज एक मामले में सजायाफ्ता हैं तो दूसरे में जमानत पर।

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के राज में झारखंड लूट खंड बन गया है। लगातार जांच एजेंसियों के घेरे में ये उलझते जा रहे हैं। अपने और अपनों के खिलाफ बढ़ती जांच से इनकी बौखलाहट बढ़ती जा रही। उन्होंने कहा कि चारा घोटाले में सजायाफ्ता लालू प्रसाद यादव अब लैंड फॉर जॉब मामले में चार्ज शीटेड हैं, ममता बनर्जी का भतीजा शिक्षक भर्ती और कोयला घोटाला में जांच का सामना कर रहा है। उनके एक मंत्री जेल की हवा खा रहे हैं। कहा कि केजरीवाल की कहानी भी इनसे अलग नहीं। इनके उपमुख्यमंत्री अरबों रुपये के शराब घोटाले में जेल में हैं और जमानत के लिए तरस रहे हैं। मरांडी ने कहा कि तमिलनाडु की डीएमके सरकार भी भ्रष्टाचार में डूबीहुई है। मनी लांड्रिंग मामले में एक मंत्री जेल में हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे में जनता पूरी तरह इनकी बौखलाहट को समझ रही है। 2024 के चुनाव में भ्रष्टाचार के पोषक और संरक्षक नीति, नीयत और नेता विहीन ठगबंधन को जनता करारा जवाब देगी।

---

# पंचायत का तुगलकी फरमान, परिवार को किया समाज से बाहर

आजाद सिपाही संवाददाता

**साहिबगंज।** पंचायत ने तुगलकी फरमान जारी करते साहिबगंज जिले में 14 सदस्यों के एक परिवार का हुक्का पानी बंद कर दिया है। पंचायत की तरफ से एक व्यक्ति (गोडैत) ने गांव में सभी जगह चिल्ला-चिल्ला कर यह संदेश दिया कि उस परिवार से अगर किसी ने बात की, उन्हें राशन पानी दिया तो पंचायत उस पर दस हजार जुर्माना लगायेगी और 15 लाठी मारा जायेगा। इस फरमान ने पूरे इलाके में उस परिवार को अकेला कर दिया। मामला साहिबगंज जिले के जिरवाबाड़ी ओपी क्षेत्र अंतर्गत बड़ा मदनशाही, छोटा पांगड़ो में पंचायत का है।

**बेदखल परिवार से किसी ने कोई संबंध रखा, तो लगेगा 10 हजार जुर्माना और 15 लाठी की सजा**

### जबरन जमीन पर कब्जे का आरोप

पंचायत ने तुगलकी फरमान जारी कर 14 सदस्यों के एक परिवार का हुक्का पानी बंद कर दिया है, जिसके बाद पीड़ित परिवार की महिला सनेजा खातून ने शनिवार को डीसी से मुलाकात की। आवेदन में उन्होंने बताया कि नाम से जमीन सह मकान पर वर्षों से उनका परिवार रह रहा है। इस जमीन पर कुछ लोगों की नजर है। शमशेर अली अपने परिवार और सहयोगियों की मदद से जबरन उनकी जमीन सह मकान हड़पना चाहता है। इसकी शिकायत जिरवाबाड़ी ओपी और न्यायालय में करने पर शमशेर अली ने आक्रोशित होकर गांव की पंचायत से मिलकर उनके खिलाफ षड्यंत्र रचा। 5 जुलाई को पंचायत बुला कर उसकी जमीन का ऑरिजनल कागजात फड़वा कर शमशेर के नाम से कागज बनवाने का दबाव बनाया गया। विरोध करने पर दाऊद अंसारी के माध्यम से परिवार का हुक्का पानी बंद कराने का एलान करा दिया।

### 15 लाठी की सजा और दस हजार का जुर्माना

पंचायत की बात नहीं मानने वाले पर 10000 रुपये फाइन और 15 लाठी की सजा का भी एलान करवा दिया गया। इससे संबंधित वीडियो भी जारी किया गया, जो अब वायरल हो रहा है। परिवार से समाज का कोई व्यक्ति संबंध नहीं रख रहा है। गांव की किसी दुकान से राशन, समान, दवाई या अन्य जरूरी सामान नहीं दिया जा रहा है। पीड़िता ने आवेदन की कॉपी एसपी, डीजीपी और अन्य को भी प्रेषित कर न्याय की गुहार लगायी है। उपायुक्त को पीड़ित परिवार के द्वारा आवेदन देने के बाद सिविल एसडीओ राहुल आनंद और ओपी थाना प्रभारी चिरंजीत प्रसाद ने रविवार को गांव वालों के साथ मीटिंग की है।

---

## महिलाओं को मिला फूलो झानो अभियान का लाभ

# 30 हजार महिलाओं ने उठाया लाभ





**2353 लाख रुपये लोन के रूप में बांटे गये**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य में हड़िया और शराब बिक्री और निर्माण कार्य से जुड़ कर घर चला रही महिलाएं अब आजीविका कर रही हैं। राज्य सरकार से लोन लेकर अब ये विभिन्न तरह के व्यवसाय कर रही हैं। इन्हें फूलो झानो अभियान के तहत लोन दिया गया है। राज्य सरकार के आंकड़ों के मुताबिक लगभग ढाई साल में 30 हजार से अधिक महिलाएं इस अभियान का लाभ उठा रही हैं। रोजगार कर रही हैं। अब तक इन लोगों के बीच इस योजना के तहत 2353 लाख रुपये का लोन बांटा जा चुका है।

### पहले चरण में 15 हजार से अधिक महिलाएं जुड़ीं

फूलो झानो आशीर्वाद अभियान का शुभारंभ हड़िया और शराब बिक्री और निर्माण कार्य से जुड़ी महिलाओं को सम्मानजनक आजीविका प्रदान करने के उद्देश्य से किया गया था। अभियान का प्रथम चरण सितंबर 2020 से शुरू हुआ। सर्वेक्षण के माध्यम से इस कार्य से जुड़ी महिलाओं की संख्या 15, 284 दर्ज की गयी। इनके बीच जागरूकता अभियान चलाया गया, ताकि ये वैकल्पिक सम्मानजनक आजीविका गतिविधियों से जुड़ अपने जीवन को नयी दिशा दे सकें। सरकार को इसमें सफलता मिली और 14, 243 महिलाओं को रोजगार के अन्य वैकल्पिक साधनों से जोड़ा गया। इस चरण में महिलाओं के बीच ब्याज मुक्त कुल 1,424.3 लाख ऋण की सहयोग धनराशि उपलब्ध करायी गयी।

### दूसरे चरण में 9,291 महिलाओं को मिली आजीविका

इसके बाद अभियान का दूसरा चरण 15 नवंबर 2021 से 28 दिसंबर 2021 तक संचालित किया गया। इसमें सर्वेक्षण के माध्यम से 9, 474 महिलाएं चिह्नत हुईं। और 9, 291 महिलाओं को वैकल्पिक सम्मानजनक आजीविका गतिविधियों से जोड़ने में सफलता मिली। इन्हें रोजगार के अन्य साधनों से जोड़ने के लिए 929.1 लाख ब्याज मुक्त धनराशि उपलब्ध करायी गयी। इस तरह दो चरण में योजना के तहत 2,353.4 लाख की धनराशि महिलाओं को स्वरोजगार के लिए दिया गया। इसके बाद भी अभियान नहीं रुका। हड़िया और शराब बिक्री और निर्माण कार्य से जुड़ी महिलाओं को चिह्नित करने का कार्य पूरे राज्य में चलता रहा, जिसका परिणाम है कि अब तक 30,013 महिलाओं को इस योजना से जोड़ कर बेहतर जीवन के अवसर प्रदान करने में राज्य सरकार को सफलता प्राप्त हुई है।

---

# एक साल बाद भी पेंशन के लिए भटक रही हैं सांसद की पत्नी

कार्तिक कुमार

**पाकुड़ (आजाद सिपाही)।** राजमहल सुरक्षित लोकसभा क्षेत्र से 1998 के संसदीय उपचुनाव में मात्र नौ वोट से निर्वाचित हुए भाजपा सांसद सोम मरांडी के निधन के बाद आज उनका परिवार आर्थिक तंगी के दौर से गुजर रहा है। अटल बिहारी के 13 महीने की सरकार में भाजपा के सांसद रहे सोम मरांडी का 23 मार्च 2022 को उनके पैतृक गांव लिट्टीपाड़ा में निधन हो गया था।

**पूर्व सांसद सोम मरांडी की विधवा की कहानी, आर्थिक तंगी के दौर से गुजर रहा पूरा परिवार**

उनके निधन के बाद से परिवार के समक्ष रोजी-रोटी पर आफत आ गयी है। पूर्व सांसद की पत्नी कपूर मलि टुडू बताती हैं कि उनके पति के मरणोपरांत उन्हें बच्चों की परवरिश में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। पेंशन के लिए प्रयास कर रही हैं, लेकिन संबंधित कागजात पूरा नहीं होने के कारण पेंशन अब तक शुरू नहीं हो पायी है। बेटी सावित्री मरांडी बताती हैं कि मम्मी अकेले होने के कारण पेंशन के लिए कागजात तैयार करने में परेशानी हो रही है। हम लोगों को भी पढ़ाई में पैसे की कमी की समस्या आ गयी है। सावित्री बताती हैं कि हम लोग छह बहनें हैं, जिनमें एक बहन की शादी हुई है, पांच बहनें पढ़ाई कर रही हैं और एक छोटा भाई है। वह बताती हैं कि बाबूलाल मरांडी हम लोगों को सहयोग करते हैं, लेकिन कुछ दिनों से उनकी तरफ से आर्थिक सहयोग नहीं मिल पा रहा है। पापा बैंक से लोन लिये थे, इसलिए मां का अकाउंट होल्ड कर दिया गया है। पापा को 25000 रुपये पेंशन मिलती थी। सोम मरांडी ने लिट्टीपाड़ा एसबीआइ ब्रांच से 350000 रुपये लोन लिये थे। फिलवक्त दिवंगत सांसद की विधवा और उसका परिवार मदद का हाथ बढ़ानेवालों की आस लगाये है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
189200 Subscribers
YouTube Channel
Channel Subscribe NOW


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 30.3 °c | 23.8 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 18.38 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.13 बजे | |

# हीरो एशियन हॉकी चैंपियनशिप-2023 ट्रॉफी का मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया अनावरण

**'पास द बॉल ट्रॉफी टूर' अभियान को लॉन्च करते हुए मुख्यमंत्री ने भारतीय हॉकी टीम को दी शुभकामनाएं**

**चेन्नई की मेजबानी में 3 से 12 अगस्त तक एशियन हॉकी ट्रॉफी चैंपियनशिप का आयोजन**




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने तीन अगस्त से शुरू होने वाले हीरो एशियन हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी चेन्नई- 2023 की प्रतिष्ठित ट्रॉफी का आज अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने 'पास द बॉल ट्रॉफी टूर' अभियान को लॉन्च करते हुए भारतीय हॉकी टीम को शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने आशा व्यक्त कि इस चैंपियनशिप में भारतीय हॉकी टीम बेहतर और शानदार खेल का प्रदर्शन करेगी।

**चैंपियनशिप के प्रति उत्साह और आकर्षण बढ़ेगा :** मुख्यमंत्री ने कहा कि हीरो एशियन हॉकी चैंपियनशिप-2023 की ट्रॉफी का देश के विभिन्न शहरों में भ्रमण कराया जाना एक बेहतरीन कदम है। इससे ना सिर्फ हॉकी खिलाड़ियों बल्कि खेल प्रेमियों के बीच भी चैंपियनशिप के प्रति आकर्षण और उत्साह का संचार होगा । इसके साथ आम लोगों में भी हॉकी की प्रति लगाव बढ़ेगा।

**झारखंड की धरती से निकले हैं कई अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी :** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड का हॉकी से गहरा नाता रहा है। खूंटी और सिमडेगा जैसे जिलों के गांव -गांव में हॉकी बसती है। यहां के बच्चे- बच्चियों में बचपन से ही स्टिक पर 'मैजिक' शुरू हो जाती है। ऐसा लगता कि हॉकी के बिना उनकी जिंदगी अधूरी सी है। इसी का नतीजा है कि यहां के कई खिलाड़ी राष्ट्रीय- अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बना चुके हैं। यहां से कई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी निकले हैं, जिन्होंने अपने खेल से झारखंड और देश का नाम रोशन किया है।

**भारत पहली बार कर रहा मेजबानी :** ज्ञात हो कि एशियन हॉकी चैंपियनशिप का भारत पहली बार मेजबानी कर रहा है इसका आयोजन चेन्नई में 3 से 12 अगस्त तक हो रहा है। इस चैंपियनशिप में मेजबान भारत समेत दक्षिण कोरिया, मलेशिया, जापान, पाकिस्तान और चीन की टीम मुख्य रूप से भाग ले रही है । ज्ञात हो कि भारत अब तक तीन बार एशियन हॉकी चैंपियनशिप का विजेता बना है। भारत ने वर्ष 2011, वर्ष 2016 और वर्ष 2018 में खिताब जीता था।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, झारखंड के खेल निदेशक सरोजिनी लकड़ा, हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह, हॉकी झारखंड के महासचिव श्री विजय शंकर सिंह, हॉकी झारखंड के उपाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार, हॉकी झारखंड के सीइओ रजनीश कुमार मौजूद थे।

## दाहू की याचिका का सरकारी अधिवक्ता ने किया विरोध, हाइकोर्ट का अग्रिम जमानत देने से इनकार

**रांची (आजाद सिपाही)।** हाइकोर्ट ने आर्म्स एक्ट और हत्या के प्रयास के मामले में आरोपी दाहू यादव उर्फ राजेश यादव को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया है। सोमवार को हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय की कोर्ट में दाहू यादव की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से मौजूद अधिवक्ता ने दाहू यादव की ओर से दायर अग्रिम जमानत याचिका का पुरजोर विरोध करते हुए कोर्ट को बताया कि दाहू के खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज हैं और वह फिलहाल फरार चल रहा है। इडी कोर्ट ने इसके खिलाफ वारंट जारी किया है। जिस मामले में दाहू यादव की अग्रिम बेल रिजेक्ट हुई है, वह आर्म्स एक्ट का मामला है। इस संबंध मे साहिबगंज के मुफस्सिल थाना में कांड संख्या 28 /2022 दर्ज किया गया है। दाहू यादव 1000 करोड़ रुपये के अवैध खनन के प्रमुख आरोपी पंकज मिश्रा का सहयोगी है।

## कारोबारी विष्णु अग्रवाल नहीं पहुंचे इडी ऑफिस, फिर से जारी होगा समन

**रांची (आजाद सिपाही)।** कारोबारी विष्णु अग्रवाल को इडी ने सोमवार को पूछताछ के लिए बुलाया था, लेकिन वह इडी ऑफिस नहीं पहुंचे। जानकारी के मुताबिक, बीमारी की वजह से विष्णु अग्रवाल इडी के समक्ष उपस्थित नहीं हो पाये। इडी उन्हें फिर से समन भेज कर पूछताछ के लिए बुलायेगी। इडी ने विष्णु अग्रवाल को पुगडू की जमीन से जुड़े सारे दस्तावेज और किये गये पेमेंट का ब्योरा लेकर बुलाया था। इससे पहले भी विष्णु अग्रवाल पूछताछ के लिए दो बार इडी ऑफिस में हाजिरी लगा चुके हैं। उन पर फर्जी दस्तावेज के आधार पर चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन खरीदने का आरोप है। गौरतलब है कि बीते दिनों फर्जी दस्तावेज के आधार पर चेशायर होम रोड की जमीन बेचने के आरोप में राजेश राय और भरत प्रसाद गिरफ्तार हो चुके हैं। इस जमीन को बेचने के लिए इम्तियाज और भरत प्रसाद ने फर्जी मालिक राजेश राय से पावर ऑफ अटॉर्नी ली थी। इम्तियाज को सेना के कब्जेवाली जमीन की खरीद-बिक्री के मामले में गिरफ्तार किया जा चुका है। चेशायर होम रोड स्थित जमीन की खरीद-बिक्री के मामले में पावर ब्रोकर प्रेम प्रकाश की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। वह भी अवैध खनन में मनी लांड्रिंग के आरोप में जेल में है।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — लोकप्रियता का विस्तार। अधूरा कार्य पूरा होगा, उपहार-पुरस्कार की प्राप्ति। विरोधियों पर विजय मिलेगी।
- **वृष** — रोग-शोक-दुःश्चिंताओं से छुटकारा। जमीन-जायदाद संबंधी विवादों का समाधान।
- **मिथुन** — गुप्त विरोधियों का षड़यंत्र विफल होगा। वांछित सहयोग मिलेगा। मन प्रसन्न रहेगा।
- **कर्क** — भौतिक सुख-सुविधा की प्राप्ति। पारिवारिक वातावरण सुखमय होगा। मनोकामनाएं पूरी होंगी।
- **सिंह** — नयी आशाओं का उदय होगा। धैर्य एवं साहस से सभी कार्य पूरे होंगे। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा।
- **कन्या** — धैर्य, गंभीरता एवं सहनशीलता से परिवार में महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा। रोजी-रोजगार में उन्नति।
- **तुला** — आर्थिक संतुलन बनाये रखने में सफल होंगे, किंतु पारिवारिक खर्च अधिक करना पड़ेगा।
- **वृश्चिक** — रोजी-रोजगार में शुभ परिवर्तन। आर्थिक लाभ। मित्र-कुटुंबियों का सहयोग मिलेगा।
- **धनु** — किसी बृहद योजना को साकार करने में कई लोगों का साथ मिलेगा। आर्थिक लाभ होगा।
- **मकर** — साहसिक कार्य में सफलता। विरोधियों पर विजय। संपर्क-प्रभाव का लाभ मिलेगा।
- **कुंभ** — परिस्थितियों में सुधार। व्यवसाय में लाभ। सपरिवार भ्रमण-मनोरंजन के साधन बनेंगे।
- **मीन** — स्वावलंबन बढ़ेगा। नया परिचय का क्षेत्र बढ़ेगा। घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण।

# पार्टी कर लौट रही दो नाबालिगों की दोस्तों ने ही लूटी आबरू

**पुलिस ने आठ युवकों को लिया हिरासत में, की जा रही है पूछताछ**

**बयान के आधार पर तीन आरोपी किये गये गिरफ्तार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची में दुष्कर्म का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है राजधानी के सदर थाना क्षेत्र के बाद एक बार फिर से सामूहिक दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। राजधानी के डोरंडा थाना क्षेत्र में युवकों ने दो नाबालिगों के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। यह मामला रविवार रात की है। इधर इस घटना की जानकारी पीड़ित के परिजनों ने सोमवार की सुबह रांची पुलिस को दी, जिसके बाद कार्रवाई करते हुए पुलिस ने लगभग आठ युवकों को हिरासत में लिया है। इनसे मामले में पूछताछ हो रही है। वहीं पीड़ित नाबालिगों के बयान के आधार पर तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं अन्य युवकों से लगातार पूछताछ की जा रही है।

### क्या है पूरा मामला

बता दें, दोनों नाबालिग (लड़की) अपने कुछ दोस्तों के साथ पार्टी करने के नाम पर घर से निकली थीं। पार्टी नामकुम के एक रेस्तेरां में करने की बात सामने आ रही है। वहीं पार्टी मना कर लौटने के दौरान साथ में मौजूद दोस्तों ने ही दोनों नाबालिगों को अपने साथ डोरंडा थाना क्षेत्र लेकर चले गये, जहां युवकों ने नाबालिग के साथ बारी-बारी से दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। देर रात लगभग तीन बजे दोनों नाबालिग किसी तरह अपने दूसरे रिश्तेदार के घर पहुंची और उन्हें मामले की पूरी जानकारी दी। उसके बाद पुलिस को जानकारी दी गयी और फिर पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आठ युवकों को हिरासत में लिया है, जिसमें से तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बाकी युवकों से पुलिस मामले में पूछताछ कर रही है।

### मामले में की जा रही है जांच : एसएसपी

वहीं रांची एसएसपी किशोर कौशल ने जानकारी देते हुए बताया कि मामले में तीन युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया है। और मामले में एविडेंस जुटाये जा रहे हैं। घटना में शामिल अन्य युवकों की संलिप्तता की भी जांच करायी जा रही है। वहीं, रांची के डोरंडा थाने की पुलिस और सीडब्ल्यूसी ने दोनों नाबालिगों का बयान दर्ज करते हुए पूरे मामले पर जांच में जुट गयी है।

# आइएएस छवि रंजन की जमानत पर सुनवाई 28 को

**न्यायधीश के अवकाश पर रहने से नहीं हो सकी सुनवाई, अभी करना होगा और इंतजार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आर्मी लैंड स्कैम मामले में गिरफ्तार रांची के पूर्व उपायुक्त आइएएस की जमानत याचिका पर अभी सुनवाई के लिए 10 दिन और इंतजार करना होगा। इससे पहले 10 जुलाई को सुनवाई हुई थी। इस सुनवाई में इडी ने जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा था। कोर्ट ने 17 जुलाई को सुनवाई की तारीख रखी थी। न्यायाधीश के अवकाश में रहने की वजह से सुनवाई नहीं हो सकी है। छवि रंजन ने इडी की विशेष अदालत में जमानत के लिए याचिका दायर कर रखी है। अब अगली सुनवाई 28 जुलाई को होगी।



**5 मई को छवि रंजन हुए थे गिरफ्तार :** रांची के चर्चित आर्मी लैंड स्कैम मामले में छापेमारी के बाद इडी ने दो बार छवि रंजन से पूछताछ की, जिसके बाद उन्हें 5 मई को गिरफ्तार कर लिया गया। रांची लैंड स्कैम के आरोपी आइएएस छवि रंजन तब से जेल में हैं। उन्होंने स्पेशल कोर्ट में जमानत के लिए याचिका दे रखी है। इसके साथ ही चार्जशीट दाखिल करने को लेकर 167 की याचिका भी दाखिल कर रखी है। इस पर पिछली डेट में सुनवाई हुई थी।

# हाजी एहसान अंसारी ने संघर्ष से हासिल किया मुकाम

स्व. हाजी मोहम्मद एहसान अंसारी का जन्म ईरबा गांव के एक गरीब परिवार में 20 अक्टूबर 1962 में हुआ था, इनके पिता का नाम स्व. सखावत अली एवं माता का नाम स्व. वाजीफन निशा था, ये काफी संघर्शल एवं मेहनती थे। इनकी प्राथमिक शिक्षा अब्दुल कय्यूम अंसारी मिडिल स्कूल, ईरबा में हुई, मिडिल स्कूल पास करने के बाद उन्होंने मेट्रिक की परीक्षा ब्लॉक चौक स्थित सरकारी विद्यालय एस. एस. हाई स्कूल ओरमांझी से 1978 ई. में पास किया, उच्च शिक्षा के लिए रांची कॉलेज, रांची में दाखिला लिया एवं इंटर तथा स्नातक का पढ़ाई पूर्ण किया। 1982 ई. में इन्होने स्नातक की डिग्री हासिल की उन्होंने अपना पढ़ाई चालू रखते हुए 12 जनवरी 2020 को Philosophy से Doctorate की उपाधि हासिल की, चूंकि बचपन में उनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी जिससे वे दिन में स्कूल / कॉलेज की पढ़ाई करते थे तथा रात में पावरलूम चलाया करते थे जिससे इनके जीवन का भरण-पोषण होता था ।1978-80 के दशक में जब ईरबा गांव में बहुत गरीबी थी उस वक्त यहां लिफ्ट इरीगेशन से लोग खेतों में गेहूं की उपज करते थे, उस वक्त भी वे रात-रात भर जाग कर एवं कड़ी मेहनत कर अपने खेत से गेहूं का खेती करते थे एवं जीवन यापन करते थे, वे खेल-कूद एवं सामजिक कार्यो में बराबर तत्पर रहते थे ।1981 में जब वे स्नातक हुए तब उनकी नियुक्ति दि छोटानागपुर हस्तकरघा बुनकर सहयोग संघ लिमिटेड, ईरबा में बतौर एक सेल्स मैन के रूप में हुआ, वे भुरकुंडा बाजार तांड में हैंडलूम की दुकान में एक सेल्स मैन के रूप में कार्यरत रहे, चार साल तक वहां ब्रांच मेनेजर के रूप में काम किये। 10 फरवरी 1984 को दि छोटानागपुर हस्तकरघा बुनकर सहयोग संघ लिमिटेड के मुख्यालय में सहायक गोदाम प्रबंधक के रूप में प्रोन्नति पाकर तबादला हुए। 1988 में मुख्य गोदाम प्रबंधक के रूप में प्रोन्नति मिला। जब 1996 में ईरबा में हाजी अब्दुर्रज्जाक अंसारी विवर्स मेमोरियल हॉस्पिटल खुला तो उन्होंने पाया कि हॉस्पिटल में नर्सों की बहुत कमी है। यहां काम करने के लिए बाहर से ट्रेंड नर्से आती थी, जबकि झारखंड की बेटियों को बेहतर प्रशिक्षण नहीं मिलने के कारण उनका पलायन हो रहा था इसे देखते हुए इन्होने ईरबा में नर्सिंग कॉलेज खोलने का फैसला किया। वर्ष 2002 में ही उन्होंने कॉलेज का भवन का निर्माण शुरू किया, अपनी कमाई का सारा पैसा कॉलेज बनाने में लगा दिया। अंततः 2004 में फ्लोरेंस कॉलेज ऑफ नर्सिंग की शुरूआत हुई, इस कॉलेज को हाजी अब्दुर रज्जाक एजुकेशनल सोसाइटी चलाती है, इस सोसाइटी के सचिव हाजी एहसान अंसारी ही थे तथा वे फ्लोरेंस कॉलेज ऑफ नर्सिंग के निदेशक भी थे। स्व. हाजी अब्दुर्रज्जाक अंसारी, मो. एहसान अंसारी के बड़े अब्बा थे, उनके सेवा कार्यों से श्री अंसारी को काफी प्रेरणा मिली थी। उन्होंने 2008 में ईरबा में ही क्युरी अब्दुर्रज्जाक अंसारी कैंसर इंस्टिट्यूट का भी निर्माण कराया था, आज इस इंस्टिट्यूट का सञ्चालन सैक हॉस्पिटल मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड के तत्वाधान में हो रहा है।



**हाजी एहसान अंसारी ने यह सोच के साथ इन कॉलेजों की स्थापना की के पैसे के अभाव में कोई भी बच्चा अनपढ़ न रहे तथा दुनिया के आखिरी कोने तक के बच्चों को शिक्षा मिले। उन्होंने अपने जीवन काल में कई बच्चों को निःशुल्क शिक्षा देकर उन बच्चो को आत्मनिर्भर बनाया जो पैसो के अभाव के कारण कोर्स पूरा नहीं हो सकता था। यही कारण था कि उन्होंने निम्नलिखित कोर्स शुरू किया।**

**NURSING:** 1. A.N.M 2. G.N.M 3. BASIC B. Sc NURSING 4. POST BASIC B. Sc NURSING 5. M.Sc NURSING - **PARAMEDICAL :** 1. B. MLT 2. D. MLT 3. O.T. ASSISTANT 4. E.C.G 5. OPHTHALMIC ASST. 6. RADIO IMAGINE 7. CRITICAL CARE (ICU) 8. ANESTHESIA 9. DRESSER **PHARMACY** : 1. D. PHARM 2. B. PHARM

### कई संस्थानों से भी जुड़े थे हाजी एहसान अंसारी

1. झारखंड जनाधिकार मंच के केन्द्रीय सचिव रहे। 2. झारखंड प्रदेश मोमिन कांफ्रेंस के कार्यकारी अध्यक्ष रहे।3. HCG - अब्दुर्रज्जाक अंसारी कैंसर हॉस्पिटल (CURIE) के निदेशक एवं पार्टनर रहे। 4. हाजी अब्दुर्रज्जाक एजुकेशनल सोसाइटी, ईरबा, रांची के सचिव रहे। 5. ओरमांझी प्रखंड अंजुमन कमिटी के प्रेसिडेंट रहे। 6. अब्दुल कय्यूम अंसारी मिडिल स्कूल, ईरबा के अध्यक्ष रहे। 7. मदरसा मजहरुल उलूम निगरा सब कमिटी के इंचार्ज रहे। 8. अंजुमन इस्लामिया ओरमांझी के सदर। 9. सेंट्रल कमिटी, ईरबा के सदर 10. हाजी अब्दुर्रज्जाक अंसारी मेमोरियल हाई स्कूल के सचिव रहे। 11. मेदान्ता हॉस्पिटल के सदस्य बहुत सारे स्कूल-कॉलेज के सदस्य।

### सद्भावना की मिसाल कायम की

हाजी एहसान अंसारी ने ओरमांझी और ईरबा समेत पुरे रांची में अपने सामाजिक कार्यो के कारण अपनी एक अलग पहचान बनाए थे, उन्हें ओरमांझी प्रखंड सद्भावना कमिटी की ओर से सद्भावना फैलाने के उत्कृष्ट कार्य के लिए राँची पूर्व सांसद रामटहल चौधरी के हाथों सम्मानित भी किया गया था।

### बेटियों को सशक्त बनाने में खिंची लम्बी लकीर

हाजी मो. एहसान अंसारी ने बेटियों को सशक्त तथा आत्मनिर्भर बनाने के लिए ई. 2003 में नर्सिंग स्कूल का नीव रखा गया तथा ई. 2004 से नर्सिंग में जीएन एम का कोर्स 20 सीटो के साथ शुरू किये तथा आज नर्सिंग, पारामेडिकल तथा फामेर्सी का कोर्स सुचारू रूप से चल रहा है।

### 18 जुलाई 2021 को क्षेत्र ने अपना एक धरोहर खोया

लोगों के दिलों में राज करने वाले समाज सेवी हाजी एहसान अंसारी ने दिनांक 18 जुलाई 2021 दिन रविवार को इस दुनिया को अलविदा कह कर चले गए। हाजी एहसान अंसारी ने कॉलेज के साथ-साथ समाज में भी बहुत सारे सामाजिक कार्यों में रूचि रखते थे तथा हर छोटे-बड़े दुःख मुसीबत में हमेशा आगे खड़े रहते थे। हाजी एहसान अंसारी साहब एक ऐसे एकलौते इंसान थे जिनसे पुरे ओरमांझी प्रखंड के लोग इनसे हर काम चाहे वो समाज के हित के लिए हो या कोई और काम हो इनका मशवरा अहम होता था। उनके जाने से पुरे क्षेत्र में मायूशी छा गई तथा हमारे बीच उनके नहीं होने का एहसास अभी तक है। उनके जाने के बाद संस्थान की बागडोर उनकी धर्मपत्नी जीनत कौशर ने संभाला एवं उनके द्वारा शुरू किये गए कार्यों को बढ़ाते हुए संस्थान में नए-नए कोर्सों की शुरूआत हुई। उनकी सोच थी कि पैसे के अभाव में कोई बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे इसलिए उनके नाम से हर साल हाजी एहसान अंसारी एजुकेशनल वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से छात्रवृति प्रोग्राम रखा जाता है जिसका नाम हाजी एहसान अंसारी मेमोरियल स्कालरशिप प्रोग्राम है जिसमे गरीब बच्चो को मुफ्त तथा फीस में कुछ कटौती कर के शिक्षा देने का कार्य किया जा रहा है।

**स्व. हाजी एहसान अंसारी**
**पिता- स्व. सखावत अली, माता - स्व. वजीफन निशा**
**पत्नी - जीनत कौशर**
**बेटी - डॉ. नाजनीन कौशर, डॉ. शाहीन कौशर**
**बेटा- अबू नसर बहाउद्दीन अंसारी**












**विभिन्न कार्यक्रमों के साक्षी स्व. हाजी मोहम्मद एहसान अंसारी**

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



# भाजपा के अभियान से घबरा गयी है कांग्रेस : आदित्य साहू

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू ने सोमवार को कांग्रेस के भारत जोड़ो यात्रा की बात आम जन के साथ पर तीखी प्रतिक्रिया दी। साहू ने कहा कि देश में भारत जोड़ो यात्रा की विफलता के बाद कांग्रेस पार्टी ने भाजपा के कार्यक्रमों का अनुसरण किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के संपर्क से समर्थन अभियान से कांग्रेस पार्टी घबरा गयी है। इसलिए आम जनता से झूठ का पुलिंदा लेकर बात करना चाहती है। आदित्य साहू ने कहा कि भाजपा के पास भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्वाभिमानी, स्वावलंबी और विकसित भारत के निर्माण के कार्यक्रम और उपलब्धियां हैं। उन्होंने कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास का दृढ़ संकल्प है। 2047 के विकसित और विश्व गुरु भारत बनाने का रोडमैप है। इसलिए जनता भाजपा से जुड़ रही। भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण, सत्ता स्वार्थ, लोकतांत्रिक संस्थाओं का अपमान, परिवारवाद, जातिवाद की भारी भरकम पोटली के अलावा क्या है जनता को बताने के लिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को अगर भाजपा के कार्यक्रमों की ही नकल करनी है तो उसे देश हित में भाजपा की नीतियों का भी अनुसरण करना चाहिए।

# छह सप्ताह में टेट पास अभ्यर्थियों की नियुक्ति पर लें निर्णय : हाइकोर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने राज्य सरकार को वर्ष 2016 में टेट पास अभ्यर्थियों की नियुक्ति के संबंध में छह सप्ताह में निर्णय लेने का निर्देश दिया है। परिमल कुमार एवं अन्य की याचिका पर सोमवार को हुई सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा है कि वर्ष 2016 में टेट पास अभ्यर्थियों की नियुक्ति के संबंध में 6 सप्ताह में निर्णय लें। हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस डॉ एसएन पाठक की कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई। जिसके बाद अदालत ने याचिका निष्पादित कर दी।

प्रार्थियों की ओर से अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने बहस करते हुए कोर्ट को बताया कि वर्ष 2012 में सहायक शिक्षक नियुक्ति नियमावली बनायी थी। जिसके आधार पर वर्ष 2013 में टेट की

**हाइकोर्ट ने राज्य सरकार को दिया आदेश**




परीक्षा ली गयी। जिसके आधार पर वर्ष 2013, 2014 और 2015 में शिक्षकों के पद पर नियुक्ति हुई। वहीं वर्ष 2016 में विज्ञापन संख्या 57/ 2016 के आधार पर टेट परीक्षा आयोजित की गयी। लेकिन वर्ष 2012 की नियमावली के तहत टेट पास अभ्यर्थियों का जिला वाइज मेरिट नहीं बना और मेरिट के आधार पर इन्हें नियुक्त नहीं किया गया।

## सिपाही नियुक्ति नियमावली को चुनौती देनेवाली याचिका पर हाइकोर्ट में 16 अगस्त को होगी सुनवाई

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने सिपाही नियुक्ति नियमावली-2014 को चुनौती देनेवाली याचिका पर अगली सुनवाई 16 अगस्त को निर्धारित की है। कोर्ट ने इससे संबंधित सुप्रीम कोर्ट में एक लंबित केस की सुनवाई को देखते हुए यह आदेश दिया।

इस मामले में सुनील टूडू सहित 60 याचिकाएं अदालत में दाखिल की गयीं हैं। झारखंड स्टाफ सलेक्शन कमीशन की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरवाल, प्रिंस कुमार और राकेश रंजन ने पैरवी की। याचिका में कहा गया है कि झारखंड सरकार की ओर से बनायी गयी नियुक्ति नियमावली पुलिस मैनुअल के विपरीत है। नयी नियमावली में लिखित परीक्षा के लिए निर्धारित न्यूनतम क्वालिफाइंग मार्क्स की शर्त लगाना भी गलत है। ऐसे में उक्त नियमावली को रद्द कर देना चाहिए। हालांकि, इस मामले में अदालत ने पूर्व में ही कहा है कि अदालत के अंतिम आदेश से नियुक्ति प्रक्रिया प्रभावित होगी।

वर्ष 2015 में सभी जिलों में सिपाही और जैप के जवानों की नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी किया गया था। वर्ष 2018 में नियुक्ति प्रक्रिया पूरी कर ली गयी है। पूर्व के आदेश के तहत इस मामले में नियुक्त हुए सभी सिपाहियों को पक्ष रखने के लिए अदालत ने मौका दिया था। इसके लिए सार्वजनिक नोटिस भी जारी किया गया था, जिसके बाद से करीब सात हजार सिपाही इस मामले में प्रतिवादी बने हैं।

# दूसरी सोमवारी को शिव भक्तों की उमड़ी भीड़



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** देवों के देव महादेव की पूजा के लिए सावन का महीना सबसे उत्तम माना जाता है। श्रावण मास की दूसरी सोमवारी को लेकर राजधानी रांची के पहाड़ी बाबा मंदिर के अलावा हिनू, अरगोड़ा, पुंदाग नामकुम चुटिया, कमड़े, धुर्वा सहित राजधानी रांची के सभी शिवालयों में अहले सुबह से ही शिव भक्तों की भीड़ उमड़ी। मंदिरों में भक्तों की लंबी-लंबी कतारें लगी रही। भक्तों ने बेलपत्र, दूब घास, गंगाजल, दूध, भांग, धतूरे, मधु, फल और सफेद फूल से भोलेनाथ की पूजा की। इस दौरान सभी शिवालयों में हर-हर महादेव और बोल बम के जयकारे गुंजायमान रहा। सनातन धर्म के जानकार पंडित धर्मेंद्र तिवारी के अनुसार आज के दिन भगवान भास्कर मिथुन राशि से निकल कर कर्क राशि में प्रवेश कर रहे हैं। इसके बाद ही भगवान भास्कर उत्तरायण से दक्षिणायन होंगे। इसे कर्क संक्रांति भी कहा जाता है। ऐसे में आज के दिन भोलेनाथ की

**सभी शिवालयों में अहले सुबह से ही भक्तों की लंबी-लंबी कतारें लगी रहीं**

सोमवारी के दिन पूजा करने से अशेष पुण्य की प्राप्ति होती है। सावन में भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना अनेक मनोरथों को पूर्ण करने वाली मानी गयी है। इस माह में शिवलिंग का अभिषेक शुभ फलदायी माना गया है।

### स्वर्णरेखा नदी से पहाड़ी मंदिर तक सुरक्षा के खास प्रबंध

रांची के पहाड़ी मंदिर में सोमवारी के दिन कांवरिए और आम श्रद्धालु स्वर्णरेखा नदी से जल लेकर पहाड़ी बाबा पर अर्पण करते हैं, वहीं सोमवारी को श्रद्धालुओं की भीड़ को ध्यान में रखते हुए प्रशासन की और से स्वपरिखा नदी से लेकर पहाड़ी मंदिर तक सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये। शिव भक्तों को कोई परेशानी न हो इसके लिए मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्य और स्वयंसेवक भी सेवा में लगे रहे।

# दर्शन दे दो बाबा श्याम के भजन पर झूम उठे भक्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** जय जय खाटू के वासी जय जय बाबा श्याम शरणागत हम आये आपकी दर्शन दे दो बाबा श्याम के भजनों के सुरताल से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। अवसर था सोमवती श्रावणी अमावस्या पर खाटू नरेश के महा स्नान अनुष्ठान उत्सव का। सोमवार को प्रातः 5: 30 बजे मंगला आरती व बाल भोग अर्पित करके गर्भ गृह के पट बंद करके महा स्नान अनुष्ठान प्रारंभ किया गया। मंडल के मंत्री श्याम सुंदर शर्मा और मंदिर के पहले आचार्य रत्नाकर शर्मा के नेतृत्व में सभी आचार्यों ने खाटू नरेश को गंगाजल, दूध, दही, शहद, गुलाब फूल, केसर, गुड़, इत्र के मिश्रण से महा स्नान करवाया।

खाटू नरेश सहित सभी देवी-देवताओं को नवीन पोशाक पहनाकर कोलकाता से मंगाये गये सुगंधित लाल गुलाब, रजनीगंधा, तुलसी दल, पीला गेंदा, गुलबहार, सूर्यमुखी, मुरगन आदि फूलों की मोटी मोटी मालाओं से खाटू नरेश को सजाया गया। इत्रों का राजा गुलाब रूह से खाटू नरेश का मसाज किया गया। पंचमेवा प्रसाद विभिन्न, फलों का भोग अर्पित कर प्रातः 8:30 बजे विशेष श्रृंगार आरती की गयी। खाटू नरेश के श्याम रूप के दर्शन कर भक्त भाव विभोर हो रहे थे। खाटू नरेश की जयकारों से मंदिर परिसर गूंज रहा था। संतोष पोद्दार और सिद्धार्थ पोद्दार ने विशेष श्रृंगार सेवा एवं विशाल कुमार शर्मा ने सभी के लिए पोशाक तथा पंचमेवा प्रसाद और शंकर लाल सोमानी ने आम-अनार फल प्रसाद की सेवा निवेदित की। इस अवसर पर मंडल के पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, श्रवण ढांढनिया, श्याम सुंदर शर्मा, अनिल नारनौली, श्याम सुंदर जोशी सहित सैकड़ों भक्तजनों ने बाबा के दरबार में हाजिरी लगायी।

# मुआवजे को फर्जी तरीके से निकालने वाले तीन भू-माफियाओं पर प्राथमिकी दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** फर्जी तरीके से कागजात बना कर मुआवजा की राशि हड़पने वाले राजकुमार श्रीवास्तव, रविंद्र कुमार और मुकेश कुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर दी गयी है। प्राथमिकी रांची जिला भू-अर्जन पदाधिकारी अंजना दास द्वारा दिये गये आवेदन के बाद कोतवाली में करायी गयी है। उक्त तीनों ने हेथु मौजा के खाता नंबर-13 व प्लॉट नंबर-168 के 0.63 एकड़ जमीन का फर्जी कागजात बनाकर मुआवजे की राशि हड़प ली। यह मामला वर्ष 2008-09 का है। जानकारी के अनुसार राजकुमार श्रीवास्तव ने 2,54802.00 लाख, रविंद्र कुमार ने 15,28,813.00 लाख व मुकेश कुमार सिन्हा ने 14,35,386.00 लाख रुपये मुआवजा राशि निकाल चुके हैं।

### क्या है पूरा मामला

वर्ष 2008-09 में बिरसा मुंडा एयरपोर्ट ने परियोजना के लिए हेथु गांव की जमीन का अधिग्रहण किया था। यह जमीन भुवनेश्वर साहू की थी। भुवनेश्वर साहू को 0.2510 एकड़ भूमि का मुआवजा 21,31,847 रुपये का भुगतान कर दिया गया। लेकिन, केवल कागज पर ही भुगतान हुआ। जब पूरे मामले की जांच की गयी तो पता चला कि मुआवजा जमीन के असली मालिक तक पहुंचा ही नहीं। कुछ लोगों ने गलत तरीके से कागजात बना कर मुआवजे की राशि निकाल ली।

## रिम्स के सेंट्रल इमरजेंसी और ट्रॉमा सेंटर में 20 नये बेड तैयार

**रांची (आजाद सिपाही)।** रिम्स के सेंट्रल इमरजेंसी व ट्रॉमा सेंटर में 20 अतिरिक्त बेड की सुविधा मरीजों के लिए तैयार हो चुकी है। सोमवार को रिम्स निदेशक प्रो डॉ आरके गुप्ता, चिकित्सा अधीक्षक डॉ हिरेंद्र बिरूआ, उपाधीक्षक कर्नल डॉ शैलेश त्रिपाठी वहां उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। 20 अतिरिक्त बेड की सुविधा शुरू होने से ट्रॉमा सेंटर में मरीजों को स्ट्रेचर पर इलाज कराने से निजात मिलेगी। यह 20 बेड ट्रॉमा सेंटर के प्रथम तल में लगाये गये हैं।

# संगठन सशक्तिकरण अभियान को लेकर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की वर्चुअल बैठक हुई

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** संगठन सशक्तिकरण अभियान को लेकर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष, जिलाध्यक्षों, जिला प्रभारी महासचिव के साथ सोमवार को वर्चुअल बैठक की।

प्रदेश अध्यक्ष ने प्रभारी महासचिवों को यह निर्देश दिया कि अपने प्रभार क्षेत्र के जिला अंतर्गत विधानसभा प्रभारी सचिव के साथ सामंजस्य बनाकर कैसे पंचायत स्तर तक इस अभियान को सफलतापूर्वक पहुंचाया जा सके।



राजेश ठाकुर ने कहा कि प्रत्येक प्रखंड, मंडल और पंचायत के अध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर कम से कम पांच आदमी से मजदूर, किसान, महिलाएं, युवा, बुजुर्ग, प्रबुद्ध लोग और सामाजिक कार्यकर्ता से मिलें। राजेश ठाकुर ने यह भी निर्देश दिया कि जिन जिलों के मंडल और पंचायत की समितियों का सत्यापन नहीं हुआ वो तीन दिनों के अंदर कमेटी प्रस्तुत कर दें। वर्चुअल बैठक में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, प्रदेश महासचिव सह कार्यालय प्रभारी अमुल्य नीरज खलखो, राकेश सिन्हा, गजेंद्र सिंह, जिला प्रभारी महासचिव- विजय कुमार चौबे, मदन महतो, शिव कुमार भगत, रंजन बोयपाई, सुरेश बैठा, चंद्र शेखर शुक्ला, बलजीत सिंह बेदी, संजीव श्रीवास्तव, रवींद्र वर्मा, विजय सिंह, जिलाध्यक्ष- डॉ राकेश किरण महतो, डॉ कुमार राजा, सुखेर भगत, चैतू उरांव, डेविड तिर्की, रवि मिश्रा, शैलेन्द्र यादव, धनंजय सिंह, सतीश केडिया, प्रमोद दूबे, मुन्ना पासवान, संतोष सिंह, रशीद रजा, उमेश प्रसाद, भागीरथ पासवान, जैश रंजन पाठक, ओबेदुल्ला हक अंसारी, मुनेश्वर उरांव, आनंद बिहारी दूबे, धर्मेंद्र सोनकर, अमित राय, चंद्र शेखर दास, विशु हेंब्रम, अंबुज कुमार पांडे, महेश राम चंद्रवंशी, दिनेश यादव, उदय प्रकाश, श्रीकुमार सरकार शामिल थे।

## दारोगा संध्या टोपनो हत्याकांड: आरोपी महमूद कुरैशी ने किया सरेंडर

**रांची (आजाद सिपाही)।** महिला दारोगा संध्या टोप्पो हत्याकांड के अभियुक्त महमूद कुरैशी ने रांची सिविल कोर्ट में सरेंडर कर दिया है। उसके बाद कोर्ट ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया। महमूद के घर पर पुलिस ने 1 अप्रैल को इश्तेहार चिपकाया था। वहीं पुलिस लगातार महमूद की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही थी। पुलिस के दबाव में आकर महमूद ने सरेंडर किया है।

बता दें कि 20 जुलाई 2022 को रांची के तुपुदाना ओपी क्षेत्र के हुलहुंडू में वाहन चेकिंग के दौरान पशु तस्करों ने महिला दारोगा को गाड़ी से कुचल दिया था। इस घटना में 2018 बैच की दारोगा संध्या टोपनो की मौत हो गयी थी।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

# भवानी सेना ने 201 लीटर दूध का किया वितरण



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सावन के दूसरे सोमवार पर भवानी सेना पिस्का मोड़ मंडल के द्वारा 201 लीटर दूध का वितरण पहाड़ी मंदिर में किया गया। इस अवसर पर रवि राणा राजपूत, उद्देश्य चौधरी, मनीष भगत, विकास सिंह, अभिषेक तिवारी, काजल तिवारी, राजवीर चौधरी, मोहित सिंह, सत्यम, विशाल कुमार, अंकित सिंह गोलू आदि उपस्थित थे।

# सिटी बस के कर्मचारियों ने अपनी मांग नगर प्रशासक के समक्ष रखी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची में जेएनयूआरएम योजना से संचालित सिटी बस के कर्मचारियों की जायज मांग को पूरा करने की मांग नगर प्रशासक शशिरंजन से की गयी है। कर्मचारियों की मांग को लेकर सीपीआइ और बस कर्मचारी के प्रतिनिधियों ने सोमवार को नगर प्रशासक से भेंट की और स्मार पत्र सौंपा। प्रशासक ने मांग पर विचार करने का भरोसा प्रतिनिधियों को दिया। इसमें वर्षों से सिटी बस में काम करने वालों के मानदेय का भुगतान बैंक के माध्यम से करने, बसों में भाड़ा एवं रूट चार्ट, महिला बस में महिला कंडक्टर और किसी भी नोडल एजेंसी द्वारा बस संचालन का निविदा लिये जाने पर पूर्व से कार्यरत कर्मचारियों की सेवा जारी रखने की मांग शामिल है। प्रतिनिधियों में सीपीआइ के अजय सिंह, जीत गुप्ता, यूनियन के नेता इम्तियाज अहमद खान, नीरज सिंह, सिमरन मिंज समेत अन्य शामिल थे।

# भाजपा सुखदेवनगर मंडल ने सेवा शिविर लगाया




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा सुखदेवनगर मंडल की ओर से दूसरी सोमवारी पर कावंरियों और शिव भक्तों की सेवा के लिए पहाड़ी मंदिर परिसर में सेवा सह सहायता शिविर लगाया गया। संगठन की ओर से भक्तों के बीच दूध, बिल्व पत्र और पूजन सामग्री का वितरण किया गया। सेवा शिविर के आयोजन में भाजपा नेता सह समाजसेवी रमेश सिंह, ओमप्रकाश पांडेय, सुनीता देवी, रोहित राज पांडेय, सुनील साहू, अशोक पांडेय, निशांत यादव, आयुष सिंघानिया, रौशन कुमार, अरविंद गुप्ता, सुनील साहू की भागीदारी रही।

## हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी चेन्नई 2023- ट्रॉफी टूर और पास द बॉल का झारखंड में स्वागत

# भारतीय पुरुष हॉकी टीम में झारखंड के खिलाड़ी भी शामिल हों : हफीजुल हसन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के अल्पसंख्यक कल्याण, कला संस्कृति और खेलकूद मंत्री हफीजुल हसन ने भारतीय पुरुष हॉकी टीम में झारखंड के खिलाड़ी शामिल नहीं होने पर दुख जताया। टीम में भागीदारी सुनिश्चित करने में मदद का भरोसा दिलाया। उक्त बातें मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम, मोरहाबादी (रांची) में सोमवार को आयोजित हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी चेन्नई 2023- ट्रॉफी टूर और पास द बॉल इवेंट के स्वागत कार्यक्रम में कहीं। मंत्री ने कहा कि झारखंड को हॉकी का जन्मदाता के तौर पर देखा जाता है, चिंता जताते कहा कि राष्ट्रीय महिला हॉकी टीम में तो झारखंड की 6-6 महिला खिलाड़ी हैं। पर पुरुष टीम में झारखंड से प्लेयर नहीं दिखते हैं। वे उम्मीद करते हैं कि इस स्थिति में सुधार होगा। इसके लिए उनके विभाग के स्तर से जो संभव हो सकेगा, वे जरूर मदद करेंगे मोके पर विधायक सीपी सिंह, समरी लाल के अलावा हॉकी झारखंड के भोलानाथ सिंह, विजय शंकर सिंह, रजनीश कुमार के अलावे




पूर्व ओलंपियन और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सिल्वानुस डुंगडुंग, माइकल ताल, असुंता लकड़ा, सुमराय टेटे, मनोहर टोपनो और अन्य भी उपस्थित थे। हफीजुल हसन ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार राज्य में खेलों को लेकर गंभीर है। राज्य में 4 हॉकी स्टेडियमों को स्वीकृति दी गयी है। हॉकी के अलावे फुटबॉल सहित अन्य खेलों को लेकर भी माहौल बनाया जा रहा है। खूंटी, सिमडेगा के अलावे दूसरे जिलों में भी हॉकी और अन्य खेलों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। एक प्रतिभाशाली खिलाड़ी के सामने आने से ना सिर्फ खिलाड़ी का बल्कि राज्य और देश का भी नाम रोशन होता है, इसलिए नयी खेल नीति राज्य में लायी गयी है। इसमें खिलाड़ियों के हित में कई प्रावधान किये गये हैं। मंत्री ने उम्मीद जताते कहा कि भारतीय हॉकी टीम चेन्नई में 3-12 अगस्त तक होने वाले हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में चौथी बार विजेता बनेगी। मौके पर सीपी सिंह ने कहा कि झारखंड की माटी में ताकत है जो गांव से खेलते खिलाड़ी इंटरनेशनल स्तर पर 'राज्य का नाम रोशन करते हैं। समरी लाल ने भी इंडियन टीम के जीत की कामना की। भोलानाथ सिंह ने एशियन चैंपियंस ट्रॉफी चेन्नई 2023 ट्रॉफी टूर और पास द बॉल इवेंट के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि पहली बार भारत इस चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा 3 से 12 अगस्त तक हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन चैन्नई में होना है। इसी क्रम में 13 जुलाई से 21 जुलाई तक ट्रॉफी टूर और पास द बॉल कार्यक्रम का आयोजन अलग अलग राज्यों में किया जा रहा है।

# डीजीपी ने महिला बटालियन के महिला बैंड को किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सोमवार को पुलिस मुख्यालय में डीजीपी अजय कुमार सिंह ने महिला बटालियन (जैप-10) के महिला बैंड को सम्मानित किया। बता दें कि आइटीबीपी के तत्वावधान में पंचकुला हरियाणा में 28 फरवरी से 4 मार्च तक 23वीं अखिल भारतीय पुलिस बैंड प्रतियोगिता आयोजित की गयी थी। जैप-10 महिला बैंड ने पाइप बैंड श्रेणी में पूरे देश में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया।

जैप-10 महिला बैंड स्वतंत्रता दिवस समारोह, गणतंत्र दिवस समारोह परेड, राज्यपाल भवन और झारखंड राज्य के अन्य कई राजकीय समारोह में अपनी उपस्थिति लगातार दर्ज कराता रहा है।

झारखंड सशस्त्र पुलिस 10 महिला बैंड ने कई स्कूली बच्चों, बालिका विद्यालयों में भी बैंड प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाये हैं। जैप-10 महिला बैंड का गठन 3 अगस्त 2010 में हुआ।

## हटिया गुड्स शेड ट्रक ऑनर एसोसिएशन के अध्यक्ष बने ललित ओझा

# राज्य के ट्रक मालिकों के लिए निर्णायक संघर्ष करेंगे : ललित नारायण ओझा

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** हटिया गुड्स शेड ट्रक ऑनर एसोसिएशन की बैठक झारखंड की राजधानी रांची के दिगंबर जैन भवन सभागार में आयोजित की गयी। इस बैठक में संगठन का पुनः चुनाव कराया गया, जिसमें शेखर सिंह, अशोक वर्मा, विक्की सिंह ने ललित नारायण ओझा को अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव लाया। उसे सभी सदस्यों और सैकड़ों की संख्या में आये लोगों ने पुरजोर समर्थन के साथ ललित नारायण ओझा को अपने अध्यक्ष के रूप में जयघोष कर प्रस्ताव का समर्थन किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष ललित नारायण ओझा ने सभा को संबोधित करते हुए सभी के प्रति आभार जताया। उन्हेंने एसोसिएशन के स्दस्यों को विश्वास दिलाया कि एसोसिएशन नयी बुलंदियों को तय करेगा। ट्रक ऑनर्स के लिए योजना बना कर आंदोलन की रणनीति तय की जायेगी । परिवहन विभाग सहित जिला स्तर पर अधिकारियों से समन्वय बना कर मालिकों को राहत दिलाने का हर संभव प्रयास होगा। क्योंकि ट्रक मालिक सरकार को सभी कर अग्रिम जमा करके अपनी गाड़ियों को सड़क पर चलाते हैं, ऐसे में सरकार को भी इनके लिए आगे आकर नीति बनानी होंगी, नहीं तो आनेवाले दिनों में पूरे प्रदेश में सप्लाई चेन टूट जायेगा। इस बैठक में शेखर सिंह, अजय सिंह, उमेश साहू, प्रिंस सिंह, मुरारी कुमार, अशोक सिंह, प्रिंस वर्मा, अनिल वर्मा, अजय कुमार, सचिता सिंह, संजय सिंह, गोपाल सिंह, अशोक वर्मा, रितेश, अजीत कुमार, रामजी प्रधान, अभिषेक कुमार, पिंटू सिंह, आकाश सिंह, मनोज चौबे, विक्की सिंह सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# नेशनल वुशु जजेस ट्रेनिंग एंड सर्टिफिकेशन कोर्स की दी जानकारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची:** सरला बिरला यूनिवर्सिटी में आयोजित हो रहे नेशनल वुशु जजेस ट्रेनिंग एंड सर्टिफिकेशन कोर्स के पहले दिन भारत के विभिन्न राज्यों के तकनीकी पदाधिकारियों का ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस कार्यक्रम के तहत सभी प्रतिभागियों को ट्रेनिंग कार्यक्रम की पूरी जानकारी दी गयी। सरला बिरला यूनिवर्सिटी के कैफेटेरिया में आयोजित इस कार्यक्रम में उपस्थित श्री आशुतोष द्विवेदी, श्री प्रशांत जमुआर ने यूनिवर्सिटी के द्वारा दी जा रही सुविधाओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकरी दी। ओरिएंटेशन कार्यक्रम के अवसर पर प्रद्युम्न बेहरा,शम्भू सेठ ने सेमिनार के सिड्यूल की जानकारी दी। इस अवसर पर श्री अशोक डी मोकाशी, श्री शैलेन्द्र दुबे, श्री रत्नेश कुमार गुप्ता, श्री अमरेंद्र दत्त द्विवेदी, डॉ भारद्वाज शुक्ल, श्री राहुल रंजन, श्री सुभाष सहदेव आदि विशेष रुप से उपस्थित थे। इस ट्रेनिंग कोर्स का उद्घाटन समारोह कल अपराह्न 5 बजे बी के बिरला सभागार में किया जायेगा।

# डीएसपीएमयू के पारंपरिक स्नातक पाठ्यक्रमों में आवेदन की अंतिम तिथि 22 जुलाई 2023

**रांची(आजाद सिपाही)।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के सभी पारंपरिक स्नातक पाठ्यक्रमों में नामांकन हेतु विद्यार्थियों के द्वारा ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया जारी है। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा इन सभी पारंपरिक पाठ्यक्रमों में आवेदन करने की अंतिम तिथि 22 जुलाई, 2023 अपराह्न 5 बजे तक निर्धारित की गयी। है। इन पारंपरिक स्नातक पाठ्यक्रमों में आवेदन ऑनलाइन सिर्फ चांसलर पोर्टल के माध्यम से किया जाना है। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के स्नातक स्तरीय विभिन्न पाठ्यक्रमों में नामांकन के इच्छुक विद्यार्थी चांसलर पोर्टल के माध्यम से उपरोक्त तिथि तक ऑनलाइन आवेदन दे सकते है। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी है।

# योगदा सत्संग कॉलेज के प्राचार्य को पद से हटाने के लिए एनएसयूआइ का विश्वविद्यालय में धरना-प्रदर्शन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची(आजाद सिपाही)।** योगदा सत्संग कॉलेज धुर्वा के प्राचार्य डॉ श्याम पांडे को पद से हटाये जाने की मांग सहित अन्य मांगों को लेकर झारखंड एनएसयूआइ ने रांची विश्वविद्यालय में धरना प्रदर्शन किया गया। जेपीएससी द्वारा एक माह पूर्व अयोग्य घोषित किये जाने के बावजूद डॉ श्याम पांडे अभी तक अपने पद पर बने हुए हैं। इनके कार्यकाल में कॉलेज के छात्रों के हित के विरुद्ध लिये गये निर्णयों को लेकर झारखंड एनएसयूआइ ने पूर्व और वर्तमान कुलपति को कई बार ज्ञापन दिया, जिस पर विश्वविद्यालय प्रशासन अब तक मौन बना रहा। एनएसयूआइ के प्रदेश सचिव रोहित पांडेय और जिला अध्यक्ष अमन अहमद के नेतृत्व में एनएसयूआइ का प्रतिनिधिमंडल ने विश्वविद्यालय में सोमवार को धरना दिया। कुलपति, कुलसचिव परिसर में उपलब्ध नहीं थे। बाद में प्रतिनिधिमंडल ने डीएसडब्ल्यू एस के साहू का घेराव किया। इस दौरान छात्रों और डीएसडब्ल्यू के बीच नोक झोंक भी हुई। श्री साहू ने प्रतिनिधिमंडल को जानकारी दी कि विश्वविद्यालय ने योगदा कॉलेज के सचिव को प्राचार्य को पद से तत्काल प्रभाव से हटाने संबंधी निर्देश पिछले सप्ताह 11 तारीख को जारी कर दिया है। इस प्रदर्शन में एनएसयूआइ की तरफ से राष्ट्रीय संयोजक अमरजीत सिंह, प्रदेश महासचिव चिंटू चौरसिया, छात्र संघ पूर्व उपाध्यक्ष हुसैन अंसारी, पूर्व जिला महासचिव पवन कुमार, पूर्व जिला सचिव, आशिक अंसारी, आयुष अग्रवाल, तालिब हुसैन, हसनैन अहमद, मेहरबान अंसारी, प्रिंस राज आदि छात्र शामिल रहे।

# सुधा एवं अरमान मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट ने पौधरोपण अभियान की शुरुआत की

**रांची(आजाद सिपाही)।** सोमवार को सुधा एंड अरमान मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा पर्यावरण हित में सघन वृक्षारोपण अभियान की शुरूआत धुर्वा स्थित केरला आयुर्वेद अस्पताल परिसर से की गई। इस अवसर पर समाजसेवी अधिवक्ता शुभनारायण दत्त ने कहा कि वर्तमान समय में घटते जंगल और वृक्षों की कमी के कारण पर्यावरण में बेहद असंतुलन देखने को मिल रहा है। जिससे ग्लोबल वार्मिंग, मौसम में बदलाव, भूमिगत जल के घटते जलस्तर जैसे कई खतरे बढ़ रहे हैं। इन्हीं कारणों को ध्यान में रखकर सुधा अरमान मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा सघन वृक्षारोपण अभियान किए जाने का संकल्प किया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष अधिवक्ता शुभनारायण दत्त, केरला आयुर्वेद की निदेशक डॉ लक्ष्मी हरिदास, लक्ष्मण लोहरा, विजय दत्त पिंटू सहित अन्य उपस्थित रहे।

# 3 अगस्त को विधानसभा के समक्ष एक दिवसीय त्राहिमाम धरना देगा वैश्य मोर्चा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सोमवार को रांची में झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा, केंद्रीय समिति की बैठक आयोजित की गयी। इसकी अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहू ने की। बैठक में 6 जुलाई को नयी दिल्ली के कार्यक्रम की समीक्षा, वैश्य मोर्चा के 5वां स्थापना दिवस तथा वैश्य और पिछड़ों के सवाल पर आगे की रणनीति और कार्यक्रम पर विस्तार से चर्चा की गयी। बैठक में 6-7 जुलाई को नयी दिल्ली में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा राहुल गांधी सहित राज्यसभा सांसद धीरज साहू को दिये गये मांग-पत्र पर चर्चा की गयी। वहीं बैठक में दिल्ली दौरा को पूरी तरह सफल बताया गया। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर निर्णय लिया गया कि ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण दिलाने, वैश्य आयोग का गठन, छोटे दुकानदारों, व्यवसायियों की 10 लाख रुपये तक की ऋण माफी, वैश्य समाज पर हो रहे शोषण-दमन, रंगदारी, हत्या के खिलाफ आंदोलन को और तेज किया जायेगा।

बैठक में आगामी कार्यक्रमों पर निर्णय लिया गया कि अपनी मांगों को लेकर 3 अगस्त को विधानसभा के समक्ष एक दिवसीय त्राहिमाम धरना कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। इसके पूर्व सभी वैश्य-ओबीसी विधायकों को पत्र दे कर ओबीसी के मामले विधानसभा में उठाने की मांग की जायेगी। 9 अगस्त को रामगढ़ में क्रांति दिवस के अवसर पर सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा, जबकि डॉ. राममनोहर लोहिया की पुण्यतिथि पर 12 अक्टूबर को रांची में वैश्य मोर्चा का 5वां स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया जायेगा।

इस बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष हीरानाथ साहू, वरीय उपाध्यक्ष संजीव चौधरी, अश्विनी साहू, केंद्रीय उपाध्यक्ष सहदेव चौधरी सहित अन्य लोग उपस्थित थे ।

# सात दिनों तक जमशेदपुर में बहेगी श्रीमद् भागवत कथा की अमृत गंगा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची(आजाद सिपाही)।** परम गो भक्त वृंदावन के कथावाचक डॉ संजीव कृष्ण ठाकुर सोमवार को दिल्ली से रांची पहुंचे। प्रमोद सारस्वत ने बताया कि कथावाचक डॉ संजीव कृष्ण ठाकुर रांची पहुंचे हैं। यहां पहुंचने पर उनका एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत किया गया। रांची एयरपोर्ट से सड़क मार्ग द्वार श्री ठाकुर जमशेदपुर के लिए रवाना हो गये। इसके पूर्व उन्होंने रांची के भक्तो से कुछ देर ग्रीन हेरिटेज होटल में बातचीत की। बतादें कि 18 जुलाई से 24 जुलाई तक जमशेदपुर में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है। श्री ठाकुर 7 दिनों तक जमशेदपुर के भागवत प्रेमीयों को कथा की अमृत वर्षा का लाभ देंगे। इनका कार्यक्रम दोपहर 3 बजे से संध्या 7 बजे तक का होगा। कथा राजस्थान शिव मंदिर एमई स्कूल रोड, जुगसलाई, जमशेदपुर में होगी। इस अवसर पर एयरपोर्ट पर प्रमोद सारस्वत, प्रेमचंद श्रीवास्तव, किशन गोयल, संजय शर्मा, प्रमोद पांडेय, धर्मेंद्र तिवारी, आसुतोष दिवेदी सहित काफी संख्या में लोगो ने गुरु जी को पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्र, दुपट्टा देकर अभिनंदन और सम्मानित किया।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

# डीएसपीएमयू टीआरएल के छात्रों का शैक्षणिक भ्रमण व्यक्तित्व के विकास की महत्वपूर्ण कड़ी है : डॉ विनोद

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के खोरठा भाषा विभाग के छात्र-छात्राएं शैक्षणिक भ्रमण कर सोमवार को चतरा से रांची लौटे। इस शैक्षणिक भ्रमण का नेतृत्व टीआरएल संकाय के कोऑर्डिनेटर सह खोरठा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ विनोद कुमार ने किया। उन्होंने बताया कि छात्र-छात्राएं चतरा जिले में अवस्थित इटखोरी, भद्रकाली मंदिर और तमासिन फाल का भ्रमण किया और वहां से जुड़ी हुई सांस्कृतिक, आध्यात्मिक, पौराणिक, धार्मिक और इनसे जुड़ी कई पहलुओं पर जानकारियां इकट्ठा की। डॉ विनोद कुमार ने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के व्यक्तित्व के विकास की महत्वपूर्ण कड़ी है। इस संबंध में विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ अजय कुमार ने कहा कि छात्रों में शैक्षणिक भ्रमण से छात्रों में व्यावहारिक ज्ञान और शैक्षणिक ज्ञान मिलेगा, जिससे छात्र-छात्राएं अपने स्थानीय परंपरा, रीति रिवाज से अवगत हो पायेंगे।

इस शैक्षणिक भ्रमण में मुख्य रूप से सहायक प्राध्यापक सुशीला कुमारी, शोध छात्र सुचित कुमार, अशोक पुराण, रूपेश कुमार, कमलेश कुमार महतो, मनोज कुमार गोप, दिनेश्वर मुंडा,दिनेश कुमार,रजक सागर कुमार, नितेश महतो, विवेक कुमार, उर्मिला कुमारी, रेखा कुमारी, मनोरमा कुमारी सहित 60 सदस्य शामिल थे।

# एफसीआइ ने 6000 मीट्रिक टन गेहूं इ-नीलामी के लिए पेश किया

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** गेहूं और चावल की बाजार कीमतों को नियंत्रित करने के लिए उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा खुले बाजार में इ-नीलामी द्वारा ओपन मार्केट सेल स्कीम (घरेलू) के तहत भारतीय खाद्य निगम के माध्यम से गेहूं के अधिशेष स्टॉक को बेचने का निर्णय लिया गया है। एफसीआइ द्वारा जारी हालिया निविदा के अनुसार, एफसीआइ ओडिशा क्षेत्र के 10 केंद्रों से 6000 मीट्रिक टन गेहूं इ-नीलामी के लिए पेश किया गया है। योजना के तहत गेहूं की बिक्री एफसीआइ द्वारा हर हफ्ते की जायेगी ताकि खाद्यान्न केवल गेहूं/आटा चक्की/आटा मिलर्स के प्रोसेसरों को जारी किया जा सके। व्यापारियों/ट्रेडर्स को चल रही टेंडर प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं है। यह जानकारी भारतीय खाद्य निगम, भुवनेश्वर के उप महाप्रबंधक ने दी है।

# पूर्व तट रेलवे के आलोक वोहरा आरपीएफ के नये प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त बने



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** आलोक वोहरा ने हाल ही में पूर्व तट रेलवे के प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त (पीसीएससी) का पदभार संभाला है। वे 1997 बैच के भारतीय रेलवे सुरक्षा बल सेवा अधिकारी हैं। नई पोस्टिंग से पहले, वह मुंबई रेलवे विकास निगम लिमिटेड में महाप्रबंधक (ए एंड एस) के रूप में कार्यरत थे, जो भारत सरकार का एक सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम, रेल मंत्रालय में प्रतिनियुक्ति पर था। उन्होंने रेलवे सुरक्षा बल में भी विभिन्न पदों पर कार्य किया है। आलोक वोहरा को 2018 में विशिष्ट सेवा के लिए भारतीय पुलिस सेवा पदक और 2005 में विशिष्ट सेवा के लिए रेलवे सुरक्षा बल महानिदेशक पुलिस पदक से सम्मानित किया गया है।

# निधि कुमारी और अमन राय को मिला सेमेस्टर अवार्ड

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची विश्वाविद्यालय के एसएस मेमोरियल कॉलेज बीबीए विभाग सत्र 2020-2023 सेमेस्टर- 5 में स्टूडेंट ऑफ दी सेमेस्टर अवार्ड आगाज हुआ। यह रांची विश्वविद्यालय के इतिहास में पहली बार है जब छात्र-छात्राओं के लिए सेमेस्टर स्तर पर इस तरह के अवार्ड दिया जा रहा है। बीबीए सेमेस्टर- 5 की छात्रा निधि कुमारी और अमन कुमार राय को सेमेस्टर ऑफ दी स्टूडेंट अवार्ड के लिए चुना गया। कॉलेज की प्राचर्या डॉ बंदना रॉय ने कहा की बीबीए विभाग द्वारा आयोजित इस अवार्ड कार्यक्रम से छात्रों के बीच में प्रतिस्पर्धा का वातावरण बनेगा, डॉ बंदना ने कहा कि कॉलेज स्तर पर इस कार्यक्रम का आयोजन अन्य विभागों में भी हो जिससे ज्यादा से ज्यादा छात्रों को लाभ मिले। बीबीए विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ तनुज खत्री ने बताया कि बीबीए सेमेस्टर स्तर पर इस तरह का आयोजन से छात्र - छात्राओं में प्रतियोगिता की भावना के साथ-साथ स्किल का विकास होगा।

# मारवाड़ी युवा मंच के स्थापना दिवस पर किया रक्तदान शिविर का आयोजन




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा ने झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के स्थापना दिवस पर पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष प्रवीण गोयल के सम्मान में वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया। सोमवार को पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष नंदलाल अग्रवाल के सम्मान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

रक्तदान शिविर कचहरी रोड स्थित पंचवटी प्लाजा में मैजिक टच को वर्किंग स्पेस के कार्यालय में किया गया। संचालक ओम प्रकाश अग्रवाल, राजेश अग्रवाल और राहुल अग्रवाल ने अपने सभी कर्मचारियों को जागरूक कर उनसे रक्तदान करवाया। साथ ही यह भी कहा कि मंच परिवार के साथ मिलकर इस तरह का आयोजन आगे भी हम करते रहेंगे। अध्यक्ष अमित चौधरी, सचिव विकास गोयल और कोषाध्यक्ष अमित जांगिड़ ने सभी रक्त वीरों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

इस कार्यक्रम के संयोजक राघव जलन एवं गौरव विजय थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूर्व अध्यक्ष मनीष लोधा, अध्यक्ष अमित चौधरी, सचिव विकास गोयल, कोषाध्यक्ष अमित जांगिड़, राजेश अग्रवाल, सौरव बजाज, अखिल टिकमानी, रमन बगड़िया, अक्षय मालपानी सहित अन्य मौजूद थे।

# समाजसेवी कमरूल हक पर जानलेवा हमले के विरोध में एकजुट हुए बुद्धिजीवी

**रांची(आजाद सिपाही)।** समाजसेवी कमरूल हक पर रातु प्रखंड के सिमलिया स्थित हाजी चौक पर जानलेवा हमला हुआ था। जिसके विरोध में रातु सहित अन्य प्रखंडों के सैकड़ों बुद्धिजीवीगण एकत्रित हुए। मौके पर अपराधियों को खुली चुनौती दी गयी। उपस्थिति बुद्धिजीवी ने कहा कि उग्रवादी अपराधी सुधरे नही तो उनकी भी खैर नहीं। ज्ञात हो कि पिछले दिनों ही समाजसेवी कमरूल को फोन कर 50 लाख रुपया का लेवी मांगा गया था, साथ ही जान मारने की धमकी भी दिया गया था। इस बैठक में मामले को लेकर राज्यपाल, मुख्यमंत्री, डीजीपी को लिखित आवेदन देने की बात कही गयी हैं। वहीं मामले की संलिप्त लोगो की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग की गयी। अंजुमन इस्लामिया ग्रामीण रांची के सदर मुस्तफा अंसारी ने कहा कि ऐसे अपराधी प्रवृति के लोगों को मुंह तोड़ जवाब देने की आवश्यकता है। इन्हें सबक सिखाने की जरूरत हैं नहीं तो इनका मनोबल इसी तरह से बढ़ता जायेगा। इस मौके पर आमया संगठन के एस अली, ऐनुल अंसारी, इंतियाज ओहदार, जाकिर अंसारी, हैदर अंसारी, मुस्लिम फैजी, समीम बड़ीहार, मफूज आलम, अंजुम खान सहित सैंकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# साबरमती यूनिवर्सिटी से शीतल कुमारी को मिली पीएचडी की उपाधि



**रांची(आजाद सिपाही)।** गुजरात स्थित साबरमती यूनिवर्सिटी से शीतल कुमारी ने इतिहास विषय से पीएचडी की है। उनका विषय झारखंड राज्य से संबंधित विभिन्न प्रकार के आंदोलन और राज्य गठन के पश्चात इसकी सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति पर अध्ययन था। शीतल की सफलता पर उनके परिवार वाले एवं स्कूल एरा एजुकेशनल मैगजीन परिवार और शुभचिंतक शिक्षाविद चंदन कुमार ने अपनी पूरी टीम के साथ ढेर सारी शुभकामनाएं और बधाईयां दी है।

# द्वादश ज्योतिर्लिंगम आध्यात्मिक दर्शन के 16 दिवसीय मेला का उद्घाटन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के स्थानीय सेवा केन्द्र चौधरी बगान हरमू रोड रांची और आरआर स्पोर्टिंग क्लब के तत्वावधान में सांई मंदिर रातू रोड में द्वादश ज्योतिर्लिंगम आध्यात्मिक दर्शन 16 दिवसीय मेले का आयोजन किया जा रहा है। दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए गॉसनर कॉलेज के प्रोफेसर डा प्रदीप कुमार गुप्ता ने कहा कि एक ही यात्रा से 12 तीर्थयात्राओं के पुण्यफल की सहज प्राप्ति करने के लिए श्रावण के पावन महीने में दूर्गा मंदिर रातू रोड के इस अध्यात्मिक मेले में अवश्य आना चाहिए। शिव को मुक्तेश्वर और पापकटेश्वर कहा जाता है। शिव आशुतोष हैं। इसी भावना को लेकर शिव पर जल चढ़ाते हैं और उनकी पूजा करते हैं। वहीं द्वादश ज्योतिर्लिंगम आध्यात्मिक दर्शन मेले के उद्घाटन समारोह में बच्चों द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया। वहां उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने झांकी का अवलोकन करने के बाद कहा कि द्वादश ज्योतिर्लिंगम की झांकी बहुत ही सुंदर और रोचक होने के कारण सभी के लिए दर्शनीय है।

# श्याम किशोर सिंह बने भारत रक्षा मंच के झारखंड प्रदेश संयोजक

**रांची(आजाद सिपाही)।** भारत रक्षा मंच झारखंड प्रदेश संयोजक के रूप में श्याम किशोर सिंह को नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति भारत रक्षा मंच के राष्ट्रीय संयोजक सूर्यकांत केलकर ने की है। उन्होने कहा कि श्याम किशोर सिंह के नेतृत्व में संपूर्ण झारखंड खासकर रांची क्षेत्र में भारत रक्षा मंच शिखरता को प्राप्त करेगा। वहीं भारत रक्षा मंच रांची जिला के अध्यक्ष सहित संपूर्ण भारत रक्षा मंच के सभी पदाधिकारियों, हिंदू हृदय सम्राट ललन सिंह, महावीर सिंह, राकेश सिंह, यस सिंह, अंगद सिंह राजपूत सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी बधाई दी है।

## AFFIDAVIT

As per affidavit Ref. No. 172 dated 06.05.2023, **I, Ganesh Verma,** S/o-Kaila Mahto, R/o-Panchayat-Manjhiladih, Block-Birni, Vill.-Bishanpur, Po-Gadi Bharakatta, Ps-Birni, Saranda, Dist.-Giridih-825324, Jharkhand do hereby solemnly affirm and declare as follows:-

1. That I am an Indian citizen and residing at above mentioned address.
2. That my son's actual and correct name is Shivam Kumar Verma in my son's matriculation certificate vide Roll No.-0162 but it is wrongly written as Shivshankar Kumar Verma in my son's Aadhar Card vide Aadhar No.-7693 7452 7466 & PAN Card vide PAN No.-COFPV3421K.
3. That Shivam Kumar Verma and Shivshankar Kumar Verma is both name of same and one person i.e. my son.

# आसान हो एडमिशन प्रोसेस

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ओर से जारी सीयूइटी-यूजी रिजल्ट ने स्टूडेंट्स को जितनी राहत दी है, उससे ज्यादा सवाल खड़े किये हैं। वैसे यह अच्छी बात है कि पिछली बार के मुकाबले इस बार सीयूइटी परीक्षाएं ज्यादा व्यवस्थित ढंग से ली गयीं और रिजल्ट भी समय पर घोषित कर दिया गया। यह बात इस तथ्य की रोशनी में और महत्वपूर्ण हो जाती है कि सीयूइटी देश की दूसरी सबसे बड़ी परीक्षा बन चुकी है। मेडिकल के लिए होने वाले एंट्रेंस टेस्ट नीट में करीब 20 लाख स्टूडेंट्स शामिल हुए थे, जबकि सीयूइटी के लिए इस साल करीब 15 लाख रजिस्ट्रेशन हुए थे और 11 लाख से ज्यादा स्टूडेंट्स इसमें शामिल हुए। पिछले साल की इसी परीक्षा के मुकाबले देखा जाये, तो रजिस्ट्रेशन में अच्छी बढ़ोतरी बतायी जा रही है। 2022-23 में यानी सीयूइटी परीक्षा के पहले साल करीब 12.5 लाख स्टूडेंट्स ने रजिस्ट्रेशन कराया था, जबकि 9.9 लाख स्टूडेंट्स परीक्षा में शामिल हुए थे। साफ है कि परीक्षा के प्रबंधन का जहां तक सवाल है, एनटीए की सराहना होनी चाहिए। लेकिन एक अहम सवाल इस पूरी कवायद की सार्थकता का भी है। इस लिहाज से देखें तो टॉपर स्टूडेंट्स की अप्रत्याशित रूप से बढ़ती संख्या कुछ सवाल खड़े करती है। पिछले साल भी 100 परसेंटाइल वाले स्टूडेंट्स की संख्या (21,159) कम नहीं थी, लेकिन इस बार यह और बढ़ कर 22,836 पर पहुंच गयी। यानी टॉप के संस्थानों में एडमिशन की रेस इस बार भी टफ होगी। हालांकि एक प्लस प्वाइंट इस बार यह है कि सीयूइटी की भागीदारी वाली यूनिवर्सिटी की संख्या पिछली बार (90) के मुकाबले काफी अधिक (250) है। इसलिए स्टूडेंट्स के पास ऑप्शन ज्यादा होंगे। लेकिन अगर टॉप के 20-25 संस्थानों की बात करें, जहां ज्यादातर स्टूडेंट्स पढ़ना चाहते हैं तो सीन शायद बदला हुआ न दिखे। याद किया जा सकता है कि सीयूइटी सिस्टम से पहले कॉलेजों और संस्थानों की हाई कटऑफ लाइन स्टूडेंट्स और पैरेंट्स के तनाव की एक बड़ी वजह बनी रहती थी। कई संस्थान तो 100 परसेंट कटऑफ घोषित करने लगे थे, जिसका मतलब यह था कि सौ फीसदी से कम नंबर लाने वाले स्टूडेंट्स वहां एडमिशन नहीं पायेंगे। इसी मुश्किल को दूर करने के मकसद से सीयूइटी परीक्षा का सिस्टम शुरू किया गया। जाहिर है, इस सिस्टम में और सुधार की जरूरत है। अच्छी बात यह है कि सुधार की प्रक्रिया को बंद नहीं किया गया है। इस पर काम लगातार चल रहा है। यूजीसी के मुताबिक इंजीनियरिंग और मेडिकल कोर्सों की तर्ज पर इसमें भी कॉमन काउंसिलिंग शुरू करने पर गंभीरता से विचार हो रहा है। उम्मीद की जाये कि आने वाले वर्षों में वाजिब सुधारों की बदौलत उच्च शिक्षा के लिए एडमिशन पाने की प्रक्रिया सहज, सुसंगत और तनावरहित बना ली जायेगी।

**पिछले साल भी 100 परसेंटाइल वाले स्टूडेंट्स की संख्या (21,159) कम नहीं थी, लेकिन इस बार यह और बढ़ कर 22,836 पर पहुंच गयी। यानी टॉप के संस्थानों में एडमिशन की रेस इस बार भी टफ होगी।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**विश्व बैंक ने लॉजिस्टिक्स परफॉर्मेंस इंडेक्स (एलपीआइ) से संबंधित 2023 की अपनी रिपोर्ट में लॉजिस्टिक्स से जुड़ी उन्नत दक्षता की दिशा में भारत द्वारा की गयी प्रगति को स्वीकार किया है। विश्व बैंक की यह रिपोर्ट 139 देशों के एलपीआइ के बारे में जानकारी साझा करती है और भारत को इस सूचकांक में 38वें स्थान पर रखती है, जोकि 2018 में हमारी रैंक की तुलना में छह स्थान ऊपर है।**

# लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में दक्षता: नये भारत की विकास गाथा

**सुमिता डावरा**

भारत आज विकास की ऊंची उड़ान भरने को तैयार है। वैश्विक स्तर पर सभी प्रतिस्पर्धियों की तुलना में भारत की लॉजिस्टिक्स संबंधी रेटिंग बेहतर होते जाने के साथ-साथ लॉजिस्टिक्स से जुड़ी इसकी बाधाएं दूर होती जा रही हैं। मैन्यूफैक्चरिंग और व्यापार के क्षेत्र में भारत की वैश्विक स्थिति बुनियादी ढांचे और निर्यात-आयात (एक्जिम) संबंधी लॉजिस्टिक्स को बेहतर बनाने से संबंधित सुधारों के साथ गहराई से जुड़ी हुई है। बुनियादी ढांचे को अर्थव्यवस्था के एक महत्वपूर्ण विकास इंजन के रूप में पहचानते हुए प्रधानमंत्री की गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान (एनएमपी) और राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति जैसे सुधारों ने सामानों एवं यात्रियों की आवाजाही के लिए लॉजिस्टिक्स से जुड़े बुनियादी ढांचे और लॉजिस्टिक्स संबंधी सेवाओं में सुधार पर ध्यान केंद्रित किया है। और बहुत ही कम समय में, इन सुधारों के परिणाम दिखायी देने लगे हैं।



विश्व बैंक ने लॉजिस्टिक्स परफॉर्मेंस इंडेक्स (एलपीआइ) से संबंधित 2023 की अपनी रिपोर्ट में लॉजिस्टिक्स से जुड़ी उन्नत दक्षता की दिशा में भारत द्वारा की गयी प्रगति को स्वीकार किया है। विश्व बैंक की यह रिपोर्ट 139 देशों के एलपीआइ के बारे में जानकारी साझा करती है और भारत को इस सूचकांक में 38वें स्थान पर रखती है, जोकि 2018 में हमारी रैंक की तुलना में छह स्थान ऊपर है। एलपीआइ छह व्यापक मापदंडों पर आधारित गुणात्मक धारणाओं का एक सर्वेक्षण-आधारित परिमाणीकरण है, जो सीमा शुल्क, बुनियादी ढांचे, अंतरराष्ट्रीय लदान (शिपमेंट), लॉजिस्टिक्स संबंधी क्षमता एवं लॉजिस्टिक्स से जुड़ी सेवाओं की गुणवत्ता, समयबद्धता, निगरानी एवं जानकारी जैसे पहलुओं पर विचार करता है। विश्व बैंक एक ऐसी उभरती हुई अर्थव्यवस्था के रूप में भारत का उदाहरण देता है, जिसने 2015 से देश के पूर्वी एवं पश्चिमी दोनों तटों पर स्थित बंदरगाहों को सुदूर इलाकों में स्थित आर्थिक केंद्रों से जोड़ते हुए बुनियादी ढांचे एवं विभिन्न प्रौद्योगिकियों में निवेश किया है। अन्य कारकों के अलावा, इस तरह के निवेश के कारण ही बंदरगाहों पर कंटेनरों के ठहराव के समय के मामले में भारत का प्रदर्शन कई विकसित देशों की तुलना में कहीं बेहतर है। मई से लेकर अक्टूबर 2022 के बीच, भारत में कंटेनरों के ठहराव का समय न्यूनतम 3 दिन था, जबकि संयुक्त अरब अमीरात एवं दक्षिण अफ्रीका के मामले में यह समय 4 दिन, अमेरिका के मामले में 7 दिन और जर्मनी के मामले में 10 दिन था।

**एलडीबी द्वारा हासिल एवं व्यवस्थित किये गये आंकड़ों का विभिन्न प्रकार से विश्लेषण किया जाता है।**

विश्व बैंक की यह रिपोर्ट भारत को एक ऐसे देश के रूप में प्रस्तुत करती है, जिसने नेशनल लॉजिस्टिक्स डेटा बैंक सर्विसेज लिमिटेड (एनएलडीबीएसएल) जैसे डिजिटलीकृत प्लेटफॉर्म के उपयोग के जरिए आपूर्ति श्रृंखला में दृश्यता ला दी है। यह रिपोर्ट बताती है कि लॉजिस्टिक्स डेटा बैंक (एलडीबी) कैसे आरएफआइडी (रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन) टैग के उपयोग के जरिए भारत में एक्जिम कंटेनरों की आवाजाही की निगरानी करता है और उसके बारे में सटीक जानकारी रखता है, जिससे माल पाने वाले (कान्साइनी) के लिए अपनी आपूर्ति श्रृंखला की एक छोर से दूसरे छोर तक निगरानी (एंड-टू-एंड ट्रैकिंग) करना संभव हो जाता है। शुरू में, माल की स्थिति का पता लगाने वाले (कार्गो ट्रेसिंग) इस प्रकार के तंत्र का शुभारंभ 2016 में देश के पश्चिमी तट पर किया गया था और आज इस तंत्र के दायरे में सभी प्रमुख बंदरगाह और निजी बंदरगाह आते हैं। भारतीय बंदरगाहों पर कंटेनरों के बेहतर ठहराव समय के लिए इसे श्रेय दिया जाता है। विश्व बैंक की रिपोर्ट को उद्धृत करते हुए अगर कहें तो माल की निगरानी (कार्गो ट्रैकिंग) व्यवस्था की शुरुआत के साथ, देश के पूर्वी तट पर स्थित विशाखापत्तनम बंदरगाह पर कंटेनरों के ठहराव का समय 2015 में 32.4 दिन से घट कर 2019 में 5.3 दिन रह गया।

देश के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में लॉजिस्टिक्स क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानते हुए, भारत सरकार ने आपूर्ति श्रृंखलाओं पर निगरानी रखने हेतु एक डिजिटल प्रणाली के रूप में लॉजिस्टिक्स डेटाबैंक प्रोजेक्ट (एलडीबी) का शुभारंभ किया था। एनएलडीबीएसएल को राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास निगम (एनआइसीडीसी) और निप्पॉन इलेक्ट्रिक कंपनी (एनइसी) लिमिटेड नाम की जापानी कंपनी के बीच एक एसपीवी (विशेष प्रयोजन वाहन) के रूप में संचालित किया जाता है। एलडीबी, एक्जिम कंटेनर की आवाजाही के बारे में वास्तविक समय में विस्तृत जानकारी प्रदान करने हेतु आपूर्ति श्रृंखला में कार्यरत विभिन्न एजेंसियों के पास उपलब्ध डिजिटल जानकारी को एकत्रित एवं व्यवस्थित करता है। यह प्लेटफॉर्म भारत के एक्जिम कंटेनर की शत-प्रतिशत मात्रा को संभालता है। इस पर एक मोबाइल ऐप के साथ-साथ एक पोर्टल के जरिए माल पाने वालों (कान्साइनी) के लिए जानकारी पाने की सुविधा उपलब्ध है। इस तरह, एलडीबी दृश्यता प्रदान करता है और भारत के कंटेनरीकृत एक्जिम लॉजिस्टिक्स से संबंधित बिग डेटा एनालिटिक्स को सक्षम बनाता है।

जुलाई 2016 में अपना कामकाज शुरू करने बाद से, एलडीबी ने 60 मिलियन एक्जिम कंटेनरों की निगरानी की है। भारत के शत-प्रतिशत कंटेनरीकृत एक्जिम कार्गो की निगरानी करने और उनका पता लगाने हेतु आरएफआइडी, आइओटी (इंटरनेट ऑफ थिंग्स) और बिग डेटा एनालिटिक्स से संबंधित प्रौद्योगिकियों के संयोजन के साथ, एलडीबी ने प्रमुख भारतीय बंदरगाहों, सबसे व्यस्त टोल प्लाजा, लगभग 400 कंटेनर फ्रेट स्टेशनों (सीएफएस)/ अंतर्देशीय कंटेनर डिपो (आइसीडी) और बंदरगाहों पर खाली यार्ड, विशेष आर्थिक क्षेत्रों और यहां तक कि नेपाल एवं बांग्लादेश की सीमाओं पर स्थित एकीकृत चेक पोस्ट के साथ भी तालमेल बिठाया है।

आरएफआइडी से संबंधित आंकड़ों को हासिल करने के उद्देश्य से एसपीवी द्वारा माल ढुलाई के लिए सर्पित गलियारों (डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर) सहित सभी प्रमुख सड़क एवं रेल मार्गों पर लगभग 3000 आरएफआइडी रीडर स्थापित किये गये हैं।

एलडीबी द्वारा हासिल एवं व्यवस्थित किये गये आंकड़ों का विभिन्न प्रकार से विश्लेषण किया जाता है। इन विश्लेषणों में बंदरगाह पर कंटेनरों के ठहराव के समय की गणना, माल की आवाजाही के क्रम में होने वाले भीड़भाड़ का विश्लेषण, कंटेनर की आवाजाही की गति का विश्लेषण, प्रदर्शन संबंधी मानदंड, आवागमन में लगने वाले समय का विश्लेषण (बंदरगाह से सीएफएस या इसके उलट) आदि शामिल है। ये विश्लेषण मासिक, त्रैमासिक और वार्षिक आधार पर किये जाते हैं और सभी संबंधित मंत्रालयों, बंदरगाह के प्राधिकारियों, टर्मिनल के संचालकों, सीमा झ शुल्क से जुड़ी एजेंसियों और अन्य हितधारकों के साथ साझा किये जाते हैं।

दूसरी ओर संबंधित एजेंसियों द्वारा कठिनाई पैदा करने वाले बिंदुओं और सुधार की जरूरत वाले क्षेत्रों की पहचान करने हेतु नियमित विश्लेषणों का उपयोग किया जाता है। पिछले कुछ वर्षों के एलडीबी के आंकड़ों के विश्लेषण से यह पता चलता है कि कंटेनरों की निकासी मामले में आइसीडी और सीएफएस के प्रदर्शन में सुधार के अलावा कंटेनर को संभालने से जुड़े प्रदर्शन, सड़क मार्ग से गुजरने वाले कंटेनरों की निकासी, प्रमुख राजमार्गों पर कंटेनर की गति के मामले में भी सुधार हुआ है। दिल्ली-मुंबई मार्ग और मुंद्रा बंदरगाह को जोड़ने वाले मार्ग जैसे प्रमुख राजमार्गों पर कंटेनर की गति भी 2018 की तुलना में बेहतर हुई है।

आज, एलडीबी ने दक्षता के साथ सीमा पार व्यापार को सुनिश्चित करने हेतु न केवल नेपाल एवं बांग्लादेश की सीमाओं तक अपनी सेवाओं का विस्तार किया है, बल्कि वह भारत के एक्जिम कंटेनरों की आवागमन के दौरान ठहराव वाले पहले अंतरराष्ट्रीय बंदरगाह तक निगरानी रखने के लिए समुद्री ट्रैकिंग प्रणाली का भी उपयोग करता है। इसके अलावा, हमारे एफटीए को समान अंतरराष्ट्रीय प्रणालियों के साथ एकीकृत कर-के लाभ उठाने की संभावना तलाशना हमारे आगे के कदमों का हिस्सा है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि निर्यात कंटेनर पूरी दक्षता के साथ अंतिम गंतव्य तक पहुंचें और इससे हमारे व्यापार को बढ़ावा मिले।

यह तेज गति से चलने वाले लेन में एक लंबी यात्रा की शुरुआत मात्र है। लॉजिस्टिक्स इकोसिस्टम में सुधार हेतु भारत द्वारा नवीन डिजिटल प्रौद्योगिकियों का उपयोग हमारी गति में और तेजी लाएगा तथा सोने पर सुहागा की स्थिति बनाते हुए अगले कुछ वर्षों में वैश्विक स्तर पर हमारी लॉजिस्टिक्स रैंकिंग को भी बेहतर करेगा। यह गति निश्चित रूप से 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने के हमारे महत्वाकांक्षी लक्ष्य को साकार करने में मदद करेगी।

**(लेखिका : आइएएस, विशेष सचिव (लॉजिस्टिक्स, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय) भारत सरकार तथा एनआइसीडीसी की सीइओ एवं एमडी हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

### कांग्रेस पार्टी का भारत जोड़ो की बात आमजनों के साथ अभियान पर देश को जोड़ने की कवायद शुरू

# जिले के 18 प्रखंड के 56 मंडल में अभियान चलाने की तैयारी

**घर घर पहुंचकर राहुल गांधी के बातों को रखने में जुटे कांग्रेसी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** बिष्टुपुर तिलक पुस्तकालय में पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस पार्टी के द्वारा प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। सोमवार को जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे के नेतृत्व में आयोजित वार्ता ने प्रभारी बलजीत सिंह बेदी शामिल हुए। मौके पर जिलाध्यक्ष श्री दुबे ने बताया झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने आह्वान पर पूर्वी सिंहभूम जिला के सभी 18 प्रखण्ड के 56 मंडल क्षेत्र में घर घर जाकर ₹भारत जोड़ो की बात आमजनों के साथ₹ कार्यक्रम चलाया जा रहा है। यह अभियान बीते 16 जुलाई से प्रारंभ किये गए 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के दिन समाप्त की जाएगी। समाप्ति के दिन शिक्षक दिवस के अवसर पर जिले के शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। टेल्को प्रखण्ड के जेम्को से शुभारंभ की गई अभियान में प्रदेश पदाधिकारी,जिला पदाधिकारी, प्रदेश डेलिगेट, जिला पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी,पंचायत कमिटी के पदाधिकारी बुथ स्तर पर इस कार्यक्रम के तहत लोगों के बीच राहुल गांधी के संदेश को पहुँचाने का कार्य करेंगे। मौके पर जिला संगठन प्रभारी बलजीत सिंह बेदी ने कहा अभियान का एकमात्र उद्देश्य है भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने कन्याकुमारी से लेकर काश्मीर तक एक तपस्वी की तरह पूरे देश को जोड़ने की कवायद शुरू की थी, उसे घर घर तक पहुंचाना है। उन्होंने बताया केंद्र के मोदी सरकार में महंगाई,बेरोजगारी व नफरत चरम पर दिखाई देने लगी है। भारत जोड़ो यात्रा की शुरूआत 7 सितंबर 2023 में की गई थी। यात्रा के शुरूआत से ही भाजपा नीत केन्द्र सरकार के द्वारा कई तरह के व्यवधान पैदा किए गए। जब भारत जोड़ो यात्रा की सफलता दिखाई देने लगी तब कोरोना का डर दिखा कर इस यात्रा को रोकने का प्रयास भी किया गया। लेकिन आदरणीय राहुल गांधी ना झुके ना डरे ना रुके। उन्होंने लगातार चलते रहे कश्मीर पहुंचने से पहले सुरक्षा का हवाला देकर एक बार फिर उन्हें डराने का प्रयास किया गया। उसके बाद भी राहुल गांधी अपने गंतव्य तक पहुंचे। जो भारत जोड़ों यात्रा का संदेश देना था उन्होंने कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक लोगों को पहुंचाने का काम किया। साथ ही उनकी समस्याओं से रूबरू होने का काम किया। भारत जोड़ो यात्रा की सफलता को देखकर भाजपा की नित केंद्र सरकार ने भारत की बुलंद आवाज को कुंद करने का प्रयास शुरू कर दिया। परिणाम स्वरूप संसद की सदस्यता न्यायालय के निर्णय के बाद 24 घंटे के अंदर छीन ली गई। जो स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार हुआ है। उसके तुरंत बाद मकान खाली कराया गया।

प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने संदेश दिया है इस अभियान के तहत जिले के कांग्रेसजन, समाजसेवी, बुद्धिजीवी, शिक्षक व पत्रकार मित्र के घर बगैर किसी औपचारिकता व तामझाम के जाकर भारत जोड़ो यात्रा की बात रखेंगे। जिले से संबंधित जन मुद्दों पर बात करेंगे। इस अभियान के तहत सभी विधायकगण अपने जिले के साथ आसपास के जिलों में जाकर अभियान के तहत भारत जोड़ों की बात आमजनों के साथ करेंगे। सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों पर भी चर्चा कर यह जानने का प्रयास करेंगे कौन-कौन से जन मुद्दे हैं। जो राज्य सरकार के अधीन आते हैं।वैसे जनमुद्दों को प्रदेश कांग्रेस तक पहुंचाने का काम करेंगे। ताकि उस पर विचार कर सरकार को ऐसे जन मुद्दों से अवगत करा डाके। उन्होंने कहा राहुल गांधी की यात्रा देश की सबसे बड़ी पदयात्रा थी। भारत जोड़ो यात्रा में लाखों लोगों से राहुल गांधी मिले व समस्याओं से अवगत हुए। जब इन्हीं बातों को राहुल गांधी ने मीडिया के माध्यम से सरकार के सामने रखा तो सरकार बौखला गई। नतीजा राहुल गांधी को परेशानी उठानी पड़ी। उससे पूरा देश अवगत है। तमाम झंझावात के बावजूद राहुल गांधी आज भी बगैर किसी बात की परवाह किए लगातार लोगों के बीच है। उनकी आवाज को बुलंद कर रहे हैं। अभियान के माध्यम से हम संकल्प ले रहे हैं राहुल गांधी की बातों को आमजनों तक पहुंचा कर ताकत देने का काम करेंगे। मौके पर जिला संगठन प्रभारी बलजीत सिंह बेदी, जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे, रियाजुद्दीन खान, अवधेश सिंह, योगेन्द्र सिंह यादव, प्रदेश सचिव सुरेश धारी, संजय सिंह आजाद, जितेन्द्र सिंह शामिल रहे।

# कोयला लदा ओवरलोडेड हाइवा पलटा, बाल-बाल बचा चालक



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कांड्रा।** चौका कांड्रा मार्ग पर लखना सिंह घाटी में ओवरलोडेड कोयला लदा हाईवा जेएच 05 बी एन 4424 बीच सड़क पर अचानक पलट गयी। सोमवार को सड़क दुर्घटना में हाईवा के चालक बाल-बाल बच गये। हालांकि चालक को भीतरी चोट आया। ईलाज के लिए चांडिल स्वास्थ केंद्र लाया गया। बताया जा रहा है। वाहन की गति तेज थी। घाटी में चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका। बताया जा रहा है हाईवा चांडिल रेलवे यार्ड से कोयला लेकर कोहिनूर स्टील कम्पनी जा रही थी। सूचना मिलने पर चौका पुलिस मौके पर पहुंच कर राहत कार्य में जुट गई है। वही सड़क दुर्घटना के बाद गुजर रहे काफी संख्या में राहगी जुटने लगे। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# महाजनसंपर्क अभियान की समीक्षा और बूथ मजबूती पर की गयी चर्चा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** भाजपा सीतारामडेरा व बारीडीह मंडल के द्वारा टिफिन बैठक का आयोजन किया। सोमवार को सीतारामडेरा मंडल के भालूबासा आशीष किशोर संघ व बारीडीह मंडल के सिदगोड़ा में आयोजित टिफिन बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व सीएम रघुवर दास, भाजपा महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव, सीतारामडेरा मंडल अध्यक्ष सुरेश शर्मा, बारीडीह मंडल अध्यक्ष संतोष ठाकुर समेत मंडल के पदाधिकारी व बूथों के कार्यकर्ता शामिल हुए। पूर्व सीएम रघुवर दास ने कार्यकर्ताओं के संग घर से लाए टिफिन को एक-दूसरे के साथ साझा कर साथ बैठकर खाया। बैठक में महाजनसंपर्क अभियान के तहत हुए कार्यक्रमों की समीक्षा की। साथ आगामी कार्यक्रमों की कार्ययोजना पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। पूर्व सीएम दास ने कहा भाजपा एक परिवार है। परिवार रूपी पार्टी में सभी सदस्यगण परिवार की भांति एक-दूसरे से जुड़ें हैं।

पार्टी के निष्ठावान व समर्पित कार्यकर्ताओं संग सहभोज करने से आत्मीयता का भाव आता है। मौके पर जिलाध्यक्ष गुंजन यादव, चंद्रशेखर मिश्रा, बबुआ सिंह, राकेश सिंह, भूपेंद्र सिंह, पवन अग्रवाल, सुरेश शर्मा, संतोष ठाकुर, बिनोद सिंह, नारायण पोद्दार, कौस्तव रॉय, कुमार अभिषेक, नगीना यादव, रमेश नाग, परेश मुखी, देबू सरकार, अजीत कालिंदी, अनिल शर्मा, उमेश पांडेय, मिथलेश साव, संतोष कुमार, प्रकाश ठाकुर, संतु बनर्जी, दिलीप पासवान, रंजीत सिंह, नागेश प्रसाद, संजीत चोरसिया, उमेश साव, बिकास दास, कमल वर्मा, भगवान प्रसाद, कमलेश यादव, राधे तिवारी, नागेंद्र राय, अशोक पासवान, सतीश प्रसाद, अतुल प्रभात, कमाल सरवर, निर्मल गोप, रंजीत सिंह, साकेत कुमार, कुमार विश्वजीत सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

# ग्रामीणों ने झूठा मुकदमा दर्ज होने पर विधायक के साथ की बैठक, मिला आश्वासन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पोटका।** पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका विधानसभा स्थित टांगराइन पंचायत के छोटा हाड़ियान गांव में रहने वाले ग्रामीणों पर झूठा मुकदमा दर्ज होने पर गांव से सभी ग्रामीण एकजुट होकर विरोध दर्ज कराया। सोमवार को हाड़ियान गांव के सैकड़ो ग्रामीण लीज धारक के द्वारा झूठा मामला दर्ज करने के मामले में विधायक संजीव सरदार के साथ बैठक की। बैठक के दौरान ग्रामीणों ने अपनी समस्या से विधायक को अवगत कराया।

विधायक सरदार ने ग्रामीणों के समस्या पर विस्तार से जानकारी मिलने के बाद हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। बैठक में ग्राम प्रधान लाल बहादुर पुरान, बिरेन पात्र समेत सैकड़ों ग्रामीण शामिल रहे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### गढ़वा के प्रिंस और ज्ञानचंद ने जीते मेडल, मंत्री सहित जिले के लोगों ने दी बधाई





**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** बोकारो के चंदनकियारी स्पोर्ट्स कंपलेक्स में 15 से 16 जुलाई को आयोजित प्रथम झारखंड राज्य जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता अंडर 18 उम्र स्पर्धा में प्रिंस कुमार शर्मा ने शॉट पुट में सिल्वर मेडल और ज्ञानचंद तिर्की ने जेबलिन थ्रो में ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त कर गढ़वा जिला का नाम रौशन किया है। प्रिंस कुमार गढ़वा जिले के कांडी प्रखंड के खरौंधा गांव का और ज्ञानचंद तिर्की भंडरिया प्रखंड का रहने वाला है। इस उपलब्धि पर स्थानीय विधायक सह मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा, गढ़वा जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष एसके पांडे, उपाध्यक्ष नसीम अख्तर, सचिव आलोक मिश्रा, संयुक्त सचिव सुशील कुमार तिवारी, कोषाध्यक्ष अजय कांत, शंकर पाल, शमशाद अहमद, कोशलेश तिवारी, रंजीत कुमार विकास पांडे, आलोक श्रीवास्तव, राजन कुमार, अमित कुमार, अभयकांत, उपेंद्र कुमार, लक्ष्मण राम, राजकमल तिवारी, पीयूष कुमार, नीलकंठ सिंह, गढ़वा जिला फुटबॉल संघ के सचिव मेदनी खान, क्रिकेट संघ के सचिव राघवेंद्र प्रताप सिंह साथ ही साथ ओलंपिक संघ के संरक्षक अमृत शुक्ला, अनिता दत्त, राकेश पाल, रेखा चौबे, अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक, वरीय उपाध्यक्ष उदय नारायण तिवारी, मदन केसरी, आनंद दुबे, ओमप्रकाश तिवारी, मनीष केसरी, विजय केसरी, उमेश सहाय, ओमप्रकाश कुमार, अरविंद कुमार, जगरनाथ राम, धर्मेंद्र पाल, सतेंद्र यादव, कमलेश कुमार पांडे, किशोर कुणाल, चंद्र बहादुर सिंह, धीरज कुमार, मनोज, राजेश चंद्रवंशी आदि ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### भाजपा पार्टी नहीं एक परिवार है : अलखनाथ पांडेय



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के आरकेवीएस बीएड कॉलेज में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की केंद्र सरकार की सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के नौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित टिफिन बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में अलखनाथ पांडेय शामिल हुए। मौके पर बोलते हुए उन्होंने कई महत्वपूर्ण विषयों पर सकारात्मक चर्चा की एवं 2024 के लोक सभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन कल्याण योजनाओं को घर घर जाकर लोगों को जागरूक करके एवं नए भारत का निर्माण में प्रधानमंत्री के योगदान को बताने एवं प्रचंड बहुमत से फिर से एक बार प्रधानमंत्री मोदी को लाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर ज़िला सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे, रामसरिख चंद्रा, अंजनी तिवारी, चन्दन जायसवाल, रूपु महतो, चंद्रमणि पाठक, धनंजय तिवारी, कमलेश नंदन सिन्हा, शिव नारायण चंद्रा, गौरव जायसवाल, नीतेश गुड्डू, संजय सिंह, सन्नी, हनी गुप्ता उपस्थित थे।

### भाजपा की भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र स्तरीय टिफिन बैठक आयोजित




**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** प्लस टू उच्च विद्यालय के सभागार में रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय के निर्देश पर भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र स्तरीय टिफिन बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुये भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य रघुराज पांडेय ने कहा कि टिफिन बैठक का उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 2024 में प्रधानमंत्री बनाकर भारत को विश्वगुरु बनाना है। गढवा जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन तिवारी ने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है, जो कार्यकर्ताओं के सुख दुख में शामिल रहती है। कार्यक्रम को अनिल चौबे व भगत दयानंद यादव ने भी संबोधित किया। टिफिन बैठक में कुमार कनिष्क, जय प्रकाश यादव, अवध बिहारी गुप्ता, कन्हाई प्रसाद, दिलीप कुमार यादव, विभूति भूषण चौबे, ओमप्रकाश गुप्ता, रामदत्त चौबे, मृत्युंजय तिवारी, लवली आनन्द, अर्चना कमलापुरी, जितेंद्र विद्यार्थी, जितेंद्र दीक्षित, कृष्णा विश्वकर्मा, अलख निरंजन प्रसाद, दिनेश राम, राजेन्द्र गुप्ता, संदीप कश्यप, पंकज कुमार सिंह, अभिषेक चौबे, लालमोहन यादव, चंद्रकांत पांडेय, मिथलेश पासवान, शैलेश चौबे, अशोक सेठ, नंदकिशोर प्रसाद, प्रो महमूद आलम, अनिल पासवान, कमेश पासवान, राहुल पाल, सुधीर प्रजापति, विपेश तिवारी, सत्यनारायण पांडेय, आनन्द कमलापुरी, राजेश बैठा, धर्मजीत यादव, धर्मदेव यादव, उपेन्द्र दास सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**कार्यक्रम :** लायंस क्लब ऑफ गढ़वा सिटी ने धूमधाम से किया सावन महोत्सव का आयोजन

# सावन का पावन महीना प्रकृति से प्रेम सिखलाता है : पिंकी केसरी

**महोत्सव में महिलाओं ने सावन के मनभावन गीतों पर सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किये व झूले का आनंद लिया**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** लायंस क्लब ऑफ गढ़वा सिटी के तत्वावधान में मेलोडी मंडप गढ़वा में सावन महोत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया। इसकी शुरुआत कार्यक्रम की संयोजिका लायन किरण गुप्ता, लायन रजनी गुप्ता, लायन किरण कुमारी, पूनम देवी आदि ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर की। इस अवसर पर महिलाओं ने सावन के मनभावन गीतों पर सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किए साथ ही साथ झूले का भी आनंद लिया।

इस अवसर पर नगर परिषद की निवर्तमान अध्यक्ष पिंकी केसरी ने कहा कि सावन एक पावन महीना है यह प्रकृति से प्रेम सिखलाता है। इसका आध्यात्मिक महत्व है। अतः इस अवसर पर इस महोत्सव का आयोजन किया गया है।

लायन किरण गुप्ता ने बताया कि महिलाओं में नेतृत्व करने की अपार क्षमता है और उन्हें यथोचित सहयोग प्रदान कर और अवसर देकर इसे सिद्ध किया जा सकता है। इस अवसर पर रजनी गुप्ता ने काफी उत्साह पूर्वक लोगों का स्वागत किया। पूनम केसरी, शोभा सोनी ने आई हुई महिलाओं को बिंदी एवं तिलक लगाकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर मुन्नी कश्यप, वीना शर्मा, पार्वती शर्मा, उर्वशी शर्मा, अंजू शर्मा, संध्या केसरी, उषा केसरी, मीरा केसरी, रेखा केसरी, रमा केसरी, मीना केसरी, निशा जायसवाल आदि ने सामूहिक रूप से नृत्य प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम को सजाने संवारने में लायन दयाशंकर गुप्ता, संजय सोनी, विजय कुमार, शिव कुमार गुप्ता, अनिल शर्मा, लखन कश्यप, राम नारायण प्रसाद, डॉ.अशोक कुमार, गायक बसंत कुमार, दीपक कुमार केशरी, इमीडिएट पास प्रेसिडेंट लायन राजमणि प्रसाद आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कार्यक्रम के उपरांत सदस्यों द्वारा लाए गए तरह-तरह के पकवान का आनंद सभी ने लिया। अंत में लायंस क्लब ऑफ गढ़वा सिटी के अध्यक्ष सुशील केसरी ने लायन महिलाओं द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की भूरि भूरि प्रशंसा की और हर वर्ष इस प्रकार के कार्यक्रम करने का आह्वान किया। महिलाओं से सावन के महीने में प्रभु से वर्षा कराने की भी विनती करने का आग्रह किया। आपकी प्रार्थना में असीम ताकत है और वर्षा के कारण ही धरा पर हरियाली संभव है। उन्होंने इस पावन महीने में सावन महोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं दी।


देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com


## गढ़वा निवासी डॉ विकास केसरी को लंदन में दी गयी फेलोशिप



आजाद सिपाही संवाददाता

**डॉ. विकास केशरी जिले के कई रोगियों को वित्तीय सहायता प्रदान करवाते हुए उनकी सफल हार्ट सर्जरी कर चुके हैं**

**गढ़वा।** जिलावासियों को स्थानीय लोकप्रिय हार्ट सर्जन डॉ. विकास केशरी ने अपनी उपलब्धि से एक बार पुनः गौरान्वित किया है। रॉयल कॉलेज ऑफ सर्जन्स ऑफ इंग्लैंड के निमंत्रण पर डॉ. विकास लन्दन गए थे जहां पर आयोजित दीक्षांत समारोह में उन्हें कार्डिओथोरासिक सर्जरी की एफआरसीएस की उपाधि से सम्मानित किया गया।

ज्ञातव्य हो कि नई दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान से हार्ट सर्जरी का प्रारंभिक प्रशिक्षण प्राप्त डॉ विकास इसके पूर्व यूरोपियन बोर्ड ऑफ कार्डिओथोरासिक सर्जन्स की प्रतिष्ठित फेलोशिप भी अर्जित कर चुके हैं एवं यूरोपियन बोर्ड तथा रॉयल कॉलेज दोनों की फेलोशिप प्राप्त करने वाले झारखण्ड प्रदेश के पहले और एकमात्र हार्ट सर्जन हैं। डॉ. विकास केशरी जिले और क्षेत्र के पिछड़े और सक्षम दोनों प्रकार के रोगियों के लिए सामान स्नेह रखते हैं एवं जिले के कई रोगियों को वित्तीय सहायता प्रदान करवाते हुए उनकी सफल हार्ट सर्जरी कर चुके हैं। पिछले आठ वर्षों से वह स्थानीय गैर सरकारी संस्थानों की सहायता से प्रति माह निःशुल्क ह्रदय रोग जांच शिविर का आयोजन करते आ रहे हैं। इस माह भी अति व्यस्तता के पश्चात भी ह्रदय रोग जांच शिविर का आयोजन रविवार दिनांक 23 जुलाई को ज्ञान निकेतन विद्यालय छठ घाट के प्रांगण में किया जाएगा। अपनी इस उपलब्धि पर डॉक्टर विकास ने अपने सभी गुरुओं परिवार जनों एवं मित्रों को उनके मार्गदर्शन अशीर्वाद सहयोग के लिए आभार प्रकट किया एवं जिले के नागरिकों के स्वास्थ्य के लिए अपनी प्रतिरबद्धता पुनः व्यक्त की।

उनकी इस उपलब्धि के लिए उन्हें उनकी पत्नी डॉ आकांक्षा शर्मा, माता-पिता कंचन देवी एवं काशीनाथ केशरी, गुरु मदन केशरी, सुशिल केशरी, मित्रों एवं जिले के अन्य गण्यमान्य व्यक्तियों ने हार्दिक बधाई दी।

## जन स्वास्थ्य कल्याण समिति ने 151 चिकित्सकों को किया सम्मानित

**डॉ पीके वर्मा को नेशनल अवार्ड मिलना चिकित्सकों के लिए प्रेरणास्रोत : डॉ कुलदेव**




आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** चिकित्सा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले देश के 151 चिकित्सकों को रविवार को बिहार विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी ने सम्मानित किया। जन स्वास्थ्य कल्याण समिति, पटना, बिहार की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन बिहार विधान परिषद के उप सभागार में किया गया था। कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी, मंत्री लेसी सिंह, आईएमए के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सहजानंद प्रसाद सिंह, पद्मश्री डॉ आरएन सिंह, पद्मश्री डॉ जितेंद्र कुमार सिंह और समिति के सचिव डॉ एसपी सिंह ने किया। डॉ सहजानंद प्रसाद सिंह, पद्मश्री डॉ जितेंद्र कुमार सिंह और पद्मश्री डॉ आरएन सिंह ने चिकित्सकों को बेहतर कार्य की सराहना करते हुए कहा कि कोविड के समय विपरीत परिस्थितियों में भी चिकित्सकों ने अपने दायित्व को जिम्मेदारी के साथ निभाया।

डॉ पीके वर्मा को हृदय रोगियों के जटिल बीमारियों से निपटने तथा अपनी जान को हथेली पर रखकर कोरोना के मरीजों को बेहतर परामर्श देने के लिए डॉ भीमराव अंबेडकर नेशनल अवार्ड से सम्मानित किया गया। समिति के सचिव डॉ एलबी सिंह ने कहा कि हम दुनिया के सभी क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने वाले देश व विदेश के लोगों को अपनी ओर से सम्मानित करने का प्रयास किया है। चौधरी जेनरल हॉस्पिटल, गढ़वा के संस्थापक डॉ कुलदेव चौधरी ने डॉ वर्मा को अंतरराष्ट्रीय अवार्ड मिलने पर खुशी जताई है। इस बड़ी उपलब्धि के लिए डॉ कुलदेव ने अपने और अन्य चिकित्सकों के लिए प्रेरणास्रोत कहा है। हृदय एवं मधुमेह रोग विशेषज्ञ डॉ पीके वर्मा महीने में दो बार गढ़वा में सेवा प्रदान करते हैं। सुदूरवर्ती क्षेत्र में अपनी सेवा से लोगों में एक विश्वास कायम की है और लगातार मरीज स्वस्थ भी रहे हैं।

## नर्वदेश्वर महादेव में रूद्राभिषेक का आयोजन



**सगमा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत मालिया नदी के तट पर दूसरी सावन की सोमवारी पर नर्वदेश्वर महादेव का रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। इस क्रम में श्रद्धालुओ के द्वारा मालिया नदी से वैदिक मंत्रोचार के बाद कलश में जल लेकर गांव का भ्रमण किया। क्षेत्र भ्रमण में मंदिर पहुंचे सगमा बीडीओ सत्यम कुमार के साथ उपस्थित मुख्य अतिथियों को मंदिर समिति के द्वारा अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। जिसमें पूर्व जिप सदस्य नन्दगोपाल यादव, आचार्य राहुल कुमार दुबे, सगमा मुखिया तेजलाल भुइयां, घघरी मुखिया प्रतिनिधि अशोक राम, कटहर मुखिया प्रतिनिधि राजेन्द्र राम, पूर्व प्रमुख उषा देवी को मंदिर समिति द्वारा समानित किया गया। रुद्राभिषेक के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में बीरबल के ग्रामीणों ने तन मन धन से सहयोग किया। मौके पर राजकुमार कुशवाहा, चन्दन शर्मा, श्रीकान्त चंद्रवंशी, देवकुमार यादव, सीताराम रवानी, चन्द्रमणि यादव, भोला साह, मणिशंकर विश्वकर्मा, आशीष विश्वकर्मा, रामजन्म गुप्ता, शिल्पी कुमारी सहित अन्य शामिल थे।


## कार्यालय, जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गढ़वा

### मत्स्य विपणन योजना हेतु आवेदन आमंत्रण सूचना

कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) के राज्यादेश संख्या 11 रा0 (वि0)/दिनांक–16.06.2023 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2023–24 हेतु मत्स्य विपणन योजना के अन्तर्गत स्वच्छ अवस्था में मछलियों तथा मछलियों के बीज परिवहन के लिए मत्स्यजीवी सहयोग समितियों अथवा उनके सदस्यों को अनुदान पर चार पहिया भारवाहक वैन उपलब्ध कराया जाना है। गढ़वा जिले को प्राप्त लक्ष्य निम्नवत् है,

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | भौतिक लक्ष्य सामान्य | अनुमानित इकाई लागत | विभागीय अनुदान |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 |
| 1. | मत्स्य विपणन योजना के अन्तर्गत चार पहिया भारवाहक वैन | 01 | 6.00 लाख | 60% अथवा अधिकतम 3.60 लाख (दोनों में जो भी कम हो) |

**नियम व शर्तें :–**
- ✓ लाभुक द्वारा कम से कम 6.00 लाख रु0 का भार वाहक वैन खरीदना होगा।
- ✓ आवेदक/आवेदक समिति मछली के विपणन कार्य अथवा मछली के बीज का परिवहन करती हो।
- ✓ आवेदक/आवेदक समिति अपना अंशदान लगाने में सक्षम हो।
- ✓ आवेदक मत्स्यजीवी सहयेग समिति के सदस्य हो।
- ✓ आवेदक मत्स्य बिक्री अथवा थोक व्यापार से जुड़ा हो।

उपयुर्क्त विवरण एवं शर्तों के अधीन इच्छुक मत्स्यजीवी सहयोग समितियों अथवा उनके सदस्यों से दिनांक 12.08.2023 तक जिला मत्स्य कार्यालय, गढ़वा में आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदन का प्रपत्र जिला मत्स्य कार्यालय, गढ़वा में निःशुल्क उपलब्ध है।

ह0/–
जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गढ़वा

PR.NO.302531 Fish(23-24):D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल, खूंटी

### ई. निविदा अन्तर्गत अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– WRD/MID/KHUNTI/F2-9/2023-24 दिनांक–14.07.2023

कार्य का नामः–

| क० | योजना का नाम | जिला | प्रखंड | प्राक्कलित राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मुल्य (लाख में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | खूँटी कोर्ट परिसर में आम जनों के लिए शेड निर्माण कार्य | खूँटी | खूँटी | 24.232 | 0.05 | 180 दिन |

नोट–केवल ई.–निविदा ही स्वीकार होगा।
1. अधिक जानकारी के लिए बेवसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखें।
2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः–19.07.2023
3. ई.–निविदा की अंतिम तिथि एवं समय :–25.07.2023 अपराहन 5:00 बजे तक
4. लघु सिंचाई प्रमंडल,खूँटी कार्यालय में निविदा शुल्क,अग्रधन की राशि,शपथ पत्र की मूल प्रति एवं अपलोड किए गए योग्यता दस्तावेज इत्यादि की एक प्रति जमा करने की तिथिः–26.07.2023 को अपराहन् 3:00 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथिः–27.07.2023 को अपराहन 1:00 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम,पता,दूरभाष सं. एवं ई.मेल आई डीः–कार्यपालक अभियन्ता,लघु सिंचाई प्रमंडल, खूँटी/9934355409/email:- midivkhunti@gmail.com
7. परिमाण विपत्र का मूल्य(जो लौटाया नहीं जाएगा) राष्ट्रीकृत बैंक(भारतीय स्टेट बैंक एवं अन्य) द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट (निविदाकार के स्वंय के बैंक खाता से निर्गत तथा निविदा प्रकाशन के बाद की तिथि का होना चाहिए) के माध्यम से लिया जाएगा,जो कार्यपालक अभियन्ता लघु सिंचाई प्रमंडल,खूँटी(Executive Engineer, Minor Irrigation Division,Khunti) के पदनाम से निर्गत होगा एवं खूँटी में भुगतेय होगा।
8. अग्रधन की राशि(प्राक्कलित राशि का 2 प्रतिशत) जो अधोहस्ताक्षरी के पदनाम से Pledge तथा निविदा प्रकाशन की बाद की तिथि का मान्य होगा।
9. स्वीकृत प्राक्कलन में उक्त वर्णित कार्यो की मात्रा/राशि घट–बढ सकती है। तदनुरुप ही अग्रधन की राशि जमा करना होगा एवं इस संवंध में कोई दावा मान्य नहीं होगा।

कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमंडल,खूँटी।

PR 302517 (Minor Irrigation) 23-24 (D)


**प्रतियोगिता :** 13वीं गढ़वा जिला टेबल टेनिस चैंपियनशिप और अंतर स्कूल प्रतियोगिता संपन्न

# बालिका वर्ग में शांति निवास, बालक वर्ग में गोविंद उवि की टीम बनी विजेता

**एक अच्छा खिलाड़ी कभी भी अपना मनोबल नीचे नहीं गिरने देता है : अलखनाथ पांडेय**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** आरकेवीएस संस्थान में खेले जा रहे 13वीं गढ़वा जिला टेबल टेनिस प्रतियोगिता का समापन सह पुरस्कार वितरण समारोह में संघ के संरक्षक अलखनाथ पांडे, अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी, सचिव आनंद सिन्हा, उपाध्यक्ष सुशील केशरी, धनंजय सिंह, नंद कुमार गुप्ता, अशोक दुबे, मुजीबुदीन खान, सह सचिव प्रिंस सोनी, कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार दुबे, आमोद पांडे और अजय ठाकुर ने खिलाड़ियों के बीच पुरस्कार का वितरण किया।

इस मौके पर संघ के संरक्षक अलखनाथ पांडे ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोग टेबल टेनिस के खेल में बहुत ही बेहतर कर रहे हैं, आपसे गढ़वा जिले वासियों को काफी उम्मीदें हैं। एक अच्छा खिलाड़ी कभी भी अपना मनोबल नीचे नहीं गिरने देता है। उन्होंने कहा कि आप जहां भी खेलें एक चैंपियन की तरह खेलें।

मौके पर अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी, सचिव आनंद सिन्हा ने भी संबोधित किया। प्रतियोगिता के दौरान प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन जिला टीम के लिए किया किया जाएगा।

**अंजलि और अनिल बने चैंपियन :** टेबल टेनिस प्रतियोगिता के अंतिम दिन खेले गए मैच में बालिका वर्ग में शांति निवास ने गोविन्द उच्च विद्यालय को एवं बालक वर्ग में गोविन्द उच्च विद्यालय ने एनटीसीए को हराकर विजेता बना। बालिका वर्ग में आदित्य बिड़ला एवं स्वामी विवेकानंद को तीसरा स्थान और बालिका वर्ग में आरके पब्लिक और आदित्य बिड़ला को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। वहीं अंडर 13 बालिका में एनटीसीए के आयुषी कुमारी ने शांति निवास की आशा रानी को 3-2 से, अंडर 13 बालक वर्ग में एनटीसीए के हर्षित कुमार पांडेय ने अपने ही विद्यालय के सचिन कुमार को 3-0, अंडर 11 बालक वर्ग में स्वामी विवेकानंद के कार्तिक पाल ने अपने ही विद्यालय के रोहन पाल को 3-2 से, अंडर 11 बालिका वर्ग में स्वामी विवेकानंद की अनन्या कुमारी ने शांति निवास की पलक भारती को 3-1 से, अंडर 15 बालिका वर्ग में शांति निवास की अंजली ने एनटीसीए की आयुषी को 3-0 से, अंडर 15 बालक वर्ग में हर्षित ने सचिन को 3-0 से, अंडर 17 बालिका वर्ग में अंजली ने आदित्य बिड़ला की अनिका सिंह को 4-0 से, अंडर 17 बालक वर्ग में स्काई टेबल टेनिस एकेडमी के अनिल ने आदित्य बिड़ला के अनिमेष को 4-0 से, अंडर-19 बालक वर्ग में स्काई टेबल टेनिस एकेडमी के अमन ने उसी एकेडमी के अनिल को 4-1 से, अंडर-19 बालिका वर्ग में गोविन्द की आयुषी ने आदित्य बिड़ला की अनुष्का को 4-0 से, मेंस वर्ग में अमन कुमार पाल ने अमल कुमार ठाकुर को 4-0 से और डबल्स ओपन में अमन एवं अनिमेष की जोड़ी नितीश एवं अनिल की जोड़ी को हराकर विजेता बनी। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में रेफरी विवेक कुमार दुबे, अंपायर सरताज आलम, फैजान अख्तर, आरजू, ऋषभ राज को अनुप कुमार, अमल कुमार ठाकुर, अनिमेष कुमार पांडेय, उज्जवल कुमार, अंजली कुमारी, आयुषी कुमारी पाण्डेय ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मौके पर राज कुमार, आदित्य बिड़ला के कोच उमेश सिंह, माया कुमारी, प्रिंस पांडेय सहित खेल प्रेमी उपस्थित थे


## कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह-उपायुक्त, हजारीबाग
(जिला निर्वाचन शाखा)

जाएं, वोट डालने जाएं। अपना वोट काम में लाएं।।
एक वोट से होती जीत-हार। वोट न हो कोई बेकार।।

### मतदाताओं के लिए आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा दिनांक 01.01.2024 को अर्हता तिथि मानते हुए मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम निर्धारित किया गया है, जिसके दौरान **दिनांक 21.07.2023 से 21.08.2023 तक बी0एल0ओ0 के द्वारा घर–घर सत्यापन** का कार्य किया जाएगा।

बी0एल0ओ0 को घर–घर सत्यापन के कार्य हेतु उन्हें वर्तमान मतदाताओं की विवरणी से संबंधित पूर्व से भरा हुआ बी0एल0ओ0 पंजी (BLO Register) एवं Correction Slip उपलब्ध कराया गया है। साथ ही घर–घर सत्यापन कार्य हेतु बी0एल0ओ0 को Sticker उपलब्ध कराया जा रहा है, जो उनके द्वारा प्रत्येक घर पर चिपकाया जाएगा एवं प्रथम तथा द्वितीय भ्रमण की तिथियाँ अंकित की जाएगी। बी0एल0ओ0 पंजी में मतदाताओं के विवरणी का सत्यापन परिवार के प्रमुख से कराया जाना है। साथ ही बी0एल0ओ0 द्वारा निम्न सूचनाएं प्राप्त की जाएगी :–
- ➤ अनिबंधित योग्य नागरिक (वैसे नागरिक जो 01.10.2023 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं)।
- ➤ भावी मतदाता (वैसे नागरिक जो 01.01.2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं)।
- ➤ भावी मतदाता (वैसे नागरिक जो 01.04.2024, 01.07.2024 एवं 01.10.2024 की अर्हता तिथियों को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं)।
- ➤ Multiple Entries/मृत मतदाता/स्थायी रूप से स्थानांतरित मतदाता।
- ➤ मतदाता सूची की प्रविष्टियों में अपेक्षित सुधार से संबंधित सूचना।

सभी आम नागरिकों, पंचायत प्रतिनिधियों एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील है कि **दिनांक 21.07.2023 से 21.08.2023 तक बी0एल0ओ0 के द्वारा घर–घर सत्यापन के दौरान उन्हें अपेक्षित सहयोग प्रदान करें तथा स्वच्छ त्रुटिरहित एवं समावेशी मतदाता सूची के निर्माण में अपना बहुमुल्य योगदान सुनिश्चित करें।**

**!! आईए हम भी लोकतंत्र में अपनी भागीदारी निभायें, मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करायें !!**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, हजारीबाग।

PR 302480 (Election) 23-24 (D)

# उग्रवादी दिनेश गोप का खास सहयोगी नीलांबर गोप गिरफ्तार



**एक लाख रुपये नकद, हथियार, कारतूस, पीएलएफआइ का पर्चा और चंदे की रसीद बरामद**

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** जिले के एसपी अमन कुमार को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने रविवार को गुमला जिले के पालकोट थाना क्षेत्र में छापामारी कर पीएलएफआई के कुख्यात उग्रवादी और दिनेश गोप के खास सहयोगी नीलांबर गोप को गिरफ्तार कर लिया गया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने रनिया थाना क्षेत्र से अवैध हथियार, कारतूस, हथियार बनाने में प्रयोग होनेवाली लेथ मशीन, पीएलएफआई के पर्चे, चंदा रसीद और लेवी के रूप में वसूले गए एक लाख रुपये बरामद किये हैं। तोरपा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) ओम प्रकाश तिवारी ने सोमवार को अपने कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर बताया कि एसपी को मिली सूचना के आलोक में तोरपा एसडीपीओ के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। जिसने त्वरित कार्रवाई करते हुए पालकोट थाना क्षेत्र से नीलांबर गोप को गिरफ्तार किया। उसके पास से एक देसी कट्टा 38 जिंदा कारतूस, संगठन का पर्चा और चंदा रसीद भी बरामद किया है। एसडीपीओ ने बताया कि नीलांबर गोप का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है। वह कई बार जेल जा चुका है। नीलांबर के खिलाफ खूंटी जिले के तोरपा, जरियागढ़ और रनिया थाना में विभिन्न संगीन धाराओं के के तहत सात मामले दर्ज है। ओडिशा के राउरकेला थाना की पुलिस भी उसे एक बार गिरफ्तार कर चुकी है। एसडीपीओ ने बताया कि पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप के जेल जाने के बाद नीलांबर गोप संगठन को फिर खड़ा करने की प्रयास में था। गत वर्ष चार-पांच फरवरी को जब दिनेश गोप को गोली लगी थी, उस समय नीलांबर ने ही तोरपा के कोटेंगसेरा में लाकर उसका इलाज कराया था। इतना ही नहीं नीलांबर ने दो बार नेपाल जाकर दिनेश गोप से मुलाकात भी की थी। बताया गया कि नीलांबर की निशानदेही पर गरई डिगरी स्थित एक निजी विद्यालय के परिसर से हथियार बनाने में प्रयोग होनेवाली लेथ मशीन बरामद की गयी है। वहीं, छापामारी टीम में तोरपा के पुलिस निरीक्षक दिग्विजय सिंह, रनिया थाना प्रभारी सत्यजीत कुमार, जरियागढ़ थाना प्रभारी पंकज कुमार, एसआई जयदेव सराक और रनिया थाना के एसआई संदीप कुमार के अलावा रनिया थाना और सैट 120 के सशस्त्र बल के जवान आदि शामिल थे।

## कर्रा में युवक ने कुदाल से मारकर की चचेरे भाई की हत्या, मृतक की पत्नी गंभीर

**कर्रा (आजाद सिपाही)।** कर्रा थानांक्षेत्र के टिमड़ा गांव निवासी सनिका प्रधान उर्फ डिपा नामक युवक ने रविवार की देर रात विवाद में अपने चचेरे भाई जागरण प्रधान की कुदाल से काटकर हत्या कर दी। वहीं, पति को बचाने का प्रयास कर रही उसकी पत्नी कर्मी देवी को भी आरोपित ने कुदाल से मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस घटना को अंजाम देने के बाद वह फरार हो गया। उधर, गंभीर रूप से घायल कर्मी देवी का कर्रा सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया गया है। स्वजनों के अनुसार आरोपित सानिका प्रधान रविवार देर रात जागरण के मकान में आया और किसी बात पर उससे झगड़ा करने लगा। विवाद बढ़ने पर आरोपित ने कुदाल उठाकर उसके पिछले हिस्से से जागरण के ऊपर तब तक वार करता रहा जब तक उसकी मौत नहीं हो गई। इस बीच जागरण की पत्नी कर्मी देवी ने जब पति को बचाने का प्रयास किया, तो आरोपित ने उसे भी मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना की जानकारी कर्रा थाना की पुलिस को मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक पड़ताल करने के बाद शव को अपने कब्जे में कर लिया। सोमवार को सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराकर स्वजनों को सौंप दिया। इस संबंध में कर्रा थाने में हत्या का एक मामला दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपित सनिका प्रधान की तलाश में जुट गयी है।

## शादी का झांसा देकर यौन शोषण, आरोपित युवक गिरफ्तार

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** तोरपा थाना क्षेत्र के एक गांव में रिश्ते को शर्मसार करने का मामला सामने आया है। एक युवक रिश्ते में बुआ लगने वाली युवती को शादी का झांसा देकर यौन शोषण करता रहा। मामला थाना पहुंचे पर पुलिस ने आरोपित युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उसकी पहचान विपिन नायक के रूप में हुई है। थाना प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि युवती ने थाने में मामला दर्ज कराया था, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। साथ ही युवती का कोर्ट में धारा 164 के तहत बयान भी करा दिया गया। युवती ने पुलिस को बताया कि करीब चार वर्षों से दोनों के बीच अवैध संबंध चल रहा था। इस बीच दोनों दिल्ली चले गए। जहां एक महीने रहने के बाद वापस तोरपा लौटे। इसके बाद जब युवती ने युवक पर शादी का दबाव बनाया, तो वह शादी करने से इंकार कर दिया।

## गणेश स्पोर्टिंग क्लब की खिलाड़ी सोनम का भारतीय खेल प्राधिकरण में हुआ चयन



**खलारी/पिपरवार (आजाद सिपाही)।** राय स्थित गणेश स्पोटिंग क्लब की बालिका एथलेटिक्स खिलाड़ी सोनम कुमारी का चयन केंद्रीय खेल मंत्रालय की ओर से संचालित भारतीय खेल प्राधिकरण (साई सेंटर भोपाल) के लिए किया गया है। सोनम इस वर्ष भारतीय खेल प्राधिकरण साई सेंटर भोपाल की ओर से आयोजित एथलेटिक्स ट्रायल चयन प्रतियोगिता में शामिल हुई थी। जिसमें उसने बेहतर प्रदर्शन कर क्षेत्र और राज्य का नाम रोशन किया था। इसके बाद सोनम कुमारी का चयन भारतीय खेल प्राधिकरण साईं सेंटर भोपाल के लिए किया गया। इस ट्रायल चयन प्रकिया में देश के कई राज्यों के खिलाड़ी शामिल हुए थे। सोनम कुमारी के पिता लालधन महतो मूलरूप से अंबेडकर मैदान के निवासी है। उन्होंने कई बार झारखंड स्टेट एथलेटिक्स चैंपियनशिप प्रतियोगिता में मेडल जीता है। सोनम कुमारी गणेश स्पोटिंग क्लब राय से प्रशिक्षण प्राप्त कर धीरे-धीरे राष्ट्रीय स्तर तक पहुंच गई है। वहीं, सोनम की इस उपलब्धि पर गणेश स्पोटिंग क्लब राय के संस्थापक सह सचिव गणेश कुमार महतो ने बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है।

## दूसरी सोमवारी पर बाबा आम्रेश्वर धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब

# 50 हजार श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** पवित्र श्रावण महीने की दूसरी सोमवारी पर खूंटी के ऐतिहासिक बाबा आम्रेश्वर धाम में भगवान आशुतोष का जलाभिषेक और पूजा अर्चना के लिए भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। बारिश में भी बाबा के भक्तों का उत्साह कम नहीं हुआ। बारिश में भींगकर घंटों कतार में खड़े होकर श्रद्धालु भोलाथ के जयकारे लगाते रहे। सूत्रों की मानें तो इस दिन करीब 50 हजार श्रद्धालुओं ने भोलेबाबा पर जलाभिषेक किया। वहीं, शहर के पुरातन महादेव मंडा, तोरपा के बाबा नागेश्वर धाम, नामकोम शिवालय सहित अन्य शिवालयों और मंदिरों में भी भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। बाबा आम्रेश्वर धाम के स्वयंभू शिवलिंग पर जलाभिषेक और पूजन-अर्चन के लिए रविवार रात से ही श्रद्धालु यहां पहुंचने लगे थे और देर रात से ही यहां मुख्य मंदिर के प्रवेश द्वार पर जलाभिषेक के लिए आए श्रद्धालुओं की कतारें लगनी शुरू हो गई थी। तड़के 3.30 बजे जैसे ही मुख्य मंदिर और अन्य मंदिरों के पट खुले, पूरा वातावरण बोल बम और हर-हर महादेव के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। मंदिर परिसर में शांति और सुरक्षा के लिए तैनात पुलिस के जवान और प्रबंध समिति के सदस्य व्यवस्था को संभालते हुए भक्तों को कतारबद्ध मंदिर में प्रवेश कराते रहे। तड़के प्रारंभ हुई पूजा-अर्चना और जलाभिषेक का यह दौर पूरे दिन अनवरत जारी रहा। इस दौरान पुलिस प्रशासन के साथ ही बाबा आम्रेश्वर धाम प्रबंध समिति के अधिकारी व सदस्य भी दिन भर सक्रिय रहे। पूजा-अर्चना के बाद दूर-दराज क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने धाम परिसर में लगे श्रावणी मेले का आनंद उठाया। सुरक्षा व्यवस्था के लिए दंडाधिकारियों के साथ काफी संख्या में महिला व पुरुष बल के जवान मंदिर परिसर सहित पूरे मेला परिसर में तैनात थे। जलाभिषेक के लिए आनेवाले भक्तों को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो, इसे ध्यान में रखकर बाबा आम्रेश्वर धाम प्रबंध समिति के अध्यक्ष लाल ज्ञानेंद्र नाथ शाहदेव, महामंत्री मनोज कुमार के अलावा वयोवृद्ध उपाध्यक्ष मुनीनाथ मिश्रा, सुखदेव भगत, उपेंद्र कश्यप, श्रीपाल जैन, संतोष पोद्दार, परिमल घोष, कृष्णानंद तिवारी, महेंद्र भगत, अरुण कर, राजू भगत, जगदीश नाग, सत्यजीत कुंडू, दुर्गा महतो, प्रेमानंद तिवारी, प्रेमचंद महतो आदि प्रबंध समिति के पदाधिकारी और सदस्य पूरे दिन धाम परिसर में मौजूद रहकर व्यवस्था की निगरानी करते रहे।



आम्रेश्वर धाम में बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक करते श्रद्धालु।

## ग्रामीणों की सोच में बदलाव लाने की जरूरत: सुदेश महतो



आजाद सिपाही संवाददाता

**सोनाहातू।** प्रखंड अंतर्गत लांदुपडीह राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय में सोमवार को आदर्श ग्राम को लेकर बैठक की गयी। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि रूप से विधायक सुदेश महतो भी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की सोच में बदलाव लाने की जरूरत है। इसके साथ ही दायित्वों का भी निर्वहन करना होगा। मानसिकता में भी परिवर्तन लानी होगी। तभी आदर्श गांव के रूप में विकसित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जिम्मेदार व्यक्ति मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य, अधिकारी, प्रखंड कर्मियों, बुद्धिजीवियों, समाजसेवियों व जागरूक लोगों को इसके प्रति कर्तव्य निभानी होगी। गांव में सारे संसाधन लगेंगे, उससे बचाकर रखना ग्रामीणों का कर्तव्य है। मौके पर बीडीओ सुचित्रा मिंज, सीओ प्यारेलाल, डॉ जयराम शर्मा, डॉ धनंजय कुमार, मुखिया अनिता देवी, पंसस प्रथमी कालिंदी, चितरंजन महतो, सुनील सिंह, वीणा मुंडा, बबिता गोस्वामी, दीनानाथ समेत प्रखंड के अधिकारी आदि मौजूद थे।

## पर्यावरण संतुलन के लिए पेड़-पौधों का लगाना जरूरी: कमांडेंट



**खलारी (आजाद सिपाही)।** एनके पिपरवार सीआइएसएफ यूनिट की ओर से सोमवार को डकरा अंबेडकर पार्क में वृक्षारोपण किया गया। सर्वप्रथम सीआइंएसएफ कमांडेंट संदीप कुमार ने डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। जिसके बाद कमाण्डेंट संदीप कुमार, उप कमाण्डेंट मृत्युंजय स्वामी, उपेंद्र कुमार सहित अन्य लोगों ने पार्क परिसर में वृक्षारोपण किया। अपने संबोधन में कमाण्डेंट संदीप कुमार ने कहा कि दिनों दिन जिस तरीके से ग्लोबल वार्मिंग बढ़ रही है उसे रोकने के लिए पेड़-पौधे का लगाना अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मानव जीवन पर पर्यावरण प्रदूषण सबसे बड़ा संकट बन कर आया है। ऐसे में आने वाली पीढ़ी के लिए पर्यावरण को अनुकूल बनाने में हर व्यक्ति को अपने आसपास अवश्य वृक्ष लगाना चाहिए। इससे पूर्व एसटी/एससी/ओबीसी एकता मंच के पदाधिकारियों ने सीआइएसएफ कमाण्डेंट संदीप कुमार का बुके देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से इंस्पेक्टर विकास कुमार, एनके चौहान, एनके चौधरी, केके घोष, स्वाति कुमारी, रामा शंकर, रामजीत यादव, डीके घोष, आलोक कुमार तिवारी, पवन नेगी, गौतम कुमार भरत यादव, आरके यादव आदि बल सदस्य के मंच के देवपाल मुण्डा, अमरलाल सतनामी, कन्हाई पासी आदि उपस्थित थे।

## लूटकांड में घायल व्यक्ति से मिला भाजपा का प्रतिनिधि दल



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू के धान व्यवसायी रोशन भगत को विगत दिनों बारूहातु बंजारी बाजार में दिनदहाड़े गोली मारकर 3.5 लाख रुपए लूट लिए गए थे। पुलिस आज तक इस कांड का खुलासा नहीं कर पायी है। वहीं, सोमवार को भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल बुंडू स्थित उसने आवास पर जाकर मिला और जल्द स्वस्थ्य होने की कामना की। किसान मेडिका में इलाज के बाद घर में ही है और डरे-सहमे हुए हैं। उन्होंने बताया कि घटना वाली सुबह अगरबत्ती दिखा रहे थे। तभी दो अपराधी बाईक से आए और रुपए की मांग की। विरोध करने पर गोली मारकर रुपयों से भरा बैग लेकर भाग गये। दोनों अपराधी काले कपड़े में थे। भागते हुए एक का पिस्टल गिर गया था। दोनों के पास पिस्टल था। वहीं, प्रतिनिधिमंडल में सांसद प्रतिनिधि अनुप कुमार साहू, भाजपा युवा मोर्चा के रांची जिला अध्यक्ष विवेक आनंद जयसवाल रंजीत लाहिरी, मंडल अध्यक्ष आलोक दास, पूर्व जिला परिषद चैतन पुरान अनंत साहू, उपेन गुप्ता, भोला साहू और रंजीत महतो आदि थे।

## झामुमो चूरी मध्य व पश्चिमी पंचायत कमेटी का गठन

**खलारी (आजाद सिपाही)।** झामुमो खलारी की बैठक सोमवार को मानकी बस्ती में हुई। जिसकी अध्यक्षता झामुमो खलारी प्रखंड अध्यक्ष अनिल पासवान और संचालन प्रखंड संयुक्त सचिव चितरंजन सिंह ने किया। बैठक में चूरी मध्य पंचायत की जन समस्याओं पर चर्चा की गयी। साथ ही झारखंड सरकार द्वारा किए जा रहे कल्याणकारी योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को बताया गया। अंत में चुरी मध्य पंचायत कमेटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष रूपलाल गंझू, उपाध्यक्ष आनंद कुमार गंझू, सचिव करण गंझू, कोषाध्यक्ष अमर गंझू, संयुक्त सचिव सूरज गंझू के अलावा सदस्यों के रूप में सुमेर गंझू, कामेष्वर गंझू, तुलसी गंझू, संजीत गंझू, सूरज गंझू, महेश गंझू, बीना देवी, मालती देवी, सोमानी कुमार गंझू, सविता देवी, रानी देवी आदि शामिल थे।

## शिक्षक की भूमिका में नजर आये डीडीसी और एसडीओ

# सफलता के लिए लगन से मेहनत करें: डीडीसी



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जिले के उप विकास आयुक्त (डीडीसी) नीतीश कुमार सिंह और अनुमंडल पदाधिकारी )एसडीओ) सोमवार को शिक्षिक की भूमिका में नजर आए। इस दिन भारतीय प्रशासनिक सेवा के दोनों अधिकारी कालामटी स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में छात्र-छात्राओं के बीच पहुंचे थे। डीसी के निर्देश पर सपनों की उड़ान कार्यक्रम के तहत छात्राओं के लिए विशेष कक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को डीडीसी और एसडीओ कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कालामाटी में अध्यनरत इंजीनियरिंग की छात्राओं को गणित विषय की कक्षा संयुक्त रूप से ली। छात्राओं की मांग के अनुसार गणित विषय के कठिन प्रश्नों को दोनों पदाधिकारियों ने छात्राओं को समझाते हुए हल कराया। उन्होंने बताया कि लक्ष्य की प्राप्ति के लिए आनेवाली किसी भी प्रकार की बाधा का निडरता पूर्वक सामना करने से आशातीत सफलता मिलती है। सभी छात्राएं कक्षा में पढ़ाये जा रहे विषयों का बारीकी से अध्ययन करें और विषय से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या आने पर शिक्षकों से इसे पूछने में किसी प्रकार की झिझक महसूस न करें। डीडीसी, एसडीओ, कार्यपालक दण्डाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी और अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ने नये सत्र की छात्राओं से मिलकर उनका उत्साहवर्धन किया। ज्ञात हो कि खूंटी जिले के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के 11वीं और 12वीं की छात्राओं को भौतिक, रसायन, जीव विज्ञान और गणित विषयों में सुदृढ़ करते हुए आइटीआइ एवं मेडिकल परीक्षा में उत्तीर्ण कराने के उद्देश्य से शिक्षा प्रदान की जा रही है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### सावन की दूसरी सोमवारी पर कोयलांचल के शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भारी भीड़



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल और आस पास के ग्रामीण इलाकों के शिवालयों में दूसरी सोमवारी को महादेव को जलार्पण करने के लिए श्रद्धालुों की भारी भीड़ देखी गई। जानकारी के अनुसार पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र की सभी मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का तांता लग रहा। दूसरी सोमवारी को क्षेत्र के झारखंडी शिव मंदिर पुरनीराय, बेंती शिव मंदिर, राय कल्याणपुर, चुरी, बचरा बस्ती, राय बस्ती सहित बचरा शिव मंदिर में सुबह से ही शिव भक्त जलार्पण करने के लिए अपनी बारी का इंतजार करते दिखे। महिलाओं और युवतियों की संख्या सबसे ज्यादा देखी गई। इस अवसर पर बचरा स्थित शिव मंदिर के बाहर पुजा सामग्री बेचने वाली दुकानें भी काफी संख्या में लगी हुई है। वहीं, बचरा शिव मंदिर कमेटी की ओर से शाम को खीर प्रसाद का भी वितरण किया गया।

### हजारों लोगों ने चांपी के दिवरी पतरा स्थित शिवलिंग पर किया जलाभिषेक



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** कर्रा प्रखंड के बिकुवादाग चांपी गांव के दिवरी पतरा स्थित शिवलिंग में श्रावण माह की दूसरी सोमवारी को हजारों लोगों ने बाबा भोलनाथ का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की। सैकड़ों सनातनी बाइक जुलूस के रूप में दिवरी पतार पहुंचे थे, जबकि अन्य वाहनों से भी लोग पूजा-अर्चना के लिए वहां पहुंचे। बताते चलें कि पहली सोमवारी को ईसाई समुदाय द्वारा सनातन धर्मावलंबियों को दिवरी पतरा स्थित शिवलिंग पर जलाभिषेक करने से रोक दिया था। पूजा करने पहुंचे श्रद्धालुओं को वहां से भगा दिया था। इसे लेकर विगत दिनों पड़गांव में सनातन धर्मावलंबियों की हुई बैठक में निर्णय लिया गया था कि दूसरी सोमवारी को हजारों लोग सामूहिक रूप से दिवरी पतरा स्थित शिवलिंग में जलाभिषेक करेंगे। इसी क्रम में सोमवार को सुबह से ही हजारों सनातनियों की भीड़ उक्त देवस्थल पर पहुंचने लगी। कर्रा, गोविंदपुर, लापुंग, तोरपा, तपकारा, जरियागढ़ सहित अन्य दर्जनों गांवों के लोग पूजा-अर्चना के लिए वहां पहुंचे। तोरपा विधायक कोचे मुंडा, हिंदू जागरण मंच के प्रदेश अध्यक्ष ऋषि नाथ शाहदेव विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री वीरेंद्र सोनी सहित कई गणमान्य लोग भी दिवरी पतरा पहुंचे। पूरा वातावरण बोल बम, हर-हर महादेव के जयकारों से पूरा वातावरण गुंजायमान रहा। जलाभिषेक करने के बाद दिवरी पतरा परिसर में बैठकर यहां के उत्थान के बारे में विचार विमर्श किया गया। हिंदू जागरण मंच के प्रदेश अध्यक्ष ऋषि नाथ शाहदेव ने कहा कि यह कलयुग है, कलयुग की शक्ति संगठन में है। हम सभी का कल्याण चाहते हैं। इसके बावजूद कोई हमें छोड़ेगा, तो हम उसे छोड़ेंगे नहीं। वहीं, विहिप के खूंटी जिला मंत्री वीरेंद्र सोनी ने कहा कि हर किसी को अपने परिवार, धर्म और समाज की रक्षा के लिए किसी हद तक भी जाना पड़े, तो हमें जायेंगें। उन्होंने कहा कि यह जमीन खतियान में देवस्थल और मठ के नाम से दर्ज है। पूर्व के मठ और मंदिर के अवशेष अभी भी यहां मौजूद हैं। बैठक के दौरान निर्णय लिया गया कि 22 जुलाई को कर्रा प्रखंड के ग्राम पोड़ा में बैठक होगी, जिसमें हिंदू हितों की रक्षा पर चर्चा होगी। जलाभिषेक के दौराना जरियागढ़ थाना पुलिस दिनभर दिवरी पतरा में गश्त करती रही।

### अमरनाथ के लिए खलारी से श्रद्धालुओं का जत्था रवाना

**खलारी (आजाद सिपाही)।** अमरनाथ दर्शन के लिए खलारी से श्रद्धालुओं का जत्था सोमवार को जम्मू कश्मीर के लिए रवाना हुआ। जाने वाले श्रद्धालुओं में उदयभान सिंह, प्रकाश विश्वकर्मा, महेंद्र विश्वकर्मा, संजय साहू एवं गाड़ी चालक रउफ खान शामिल हैं। यात्रा को लेकर उदयभान सिंह ने बताया कि 12 से 13 दिनों की यात्रा में खलारी से औरंगाबाद के रास्ते जम्मू होते हुए बाबा बफार्नी अमरनाथ का दर्शन किया जाएगा। जिसके बाद वहां वापसी में श्रीनगर होते हुए वैष्णो देवी, बाघा बॉर्डर, गोल्डन टेंपल, जलियांवाला बाग, दिल्ली, मथुरा, वृंदावन, विंध्याचल, बनारस, काशी विष्वनाथ होते हुए वापस खलारी पहुंचेंगे। जाने से पूर्व सभी ने बोल बम का जयकारा लगाया।

### सात दिवसीय मशरुम खेती प्रशिक्षण का आयोजन

**अड़की (आजाद सिपाही)।** बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातु में 26 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के डी कंपनी की ओर से सात दिवसीए मशरुम खेती प्रशिक्षण का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों को मशरूम की खेती के बारे में बताया गया। शिविर में आस पास के गांवों से लगभग 50 की सख्या में लोग उपस्थित हुए। कार्यक्रम में निरिक्षक सामु सरदार ने उपस्थित ग्रामीणों से कहा कि मशरुम नकदी फसल है। इसकी खेती करने से आर्थिक लाभ होगा।

### तमाड़ इंटर महाविद्यालय में 12वीं के छात्र-छात्राओं ने किया 11वीं के विद्यार्थियों का भव्य स्वागत

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ इंटर महाविद्यालय सलगाडी में 11वीं के छात्र-छात्राओं का 12वीं वर्ग के छात्र-छात्राओं ने भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य कृष्णा सिंह मुंडा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रबंध समिति के सचिव मुची राम अहिर उपस्थित थे। कार्यक्रम में 21-23 12वीं वर्ग के महाविद्यालय टॉपर छात्र-छात्राओं के साथ अभिभावकों को भी शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस बार 2023 में 12वीं वर्ग में प्रथम स्थान मुनिया कुमारी, द्वितीय स्थान आशीष रविदास और तृतीय स्थान चंद्रिका कुमारी ने प्राप्त किया था। सभी को विद्यालय की ओर से मेडल और पारितोषिक देकर उसके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इसके साथ ही 11वीं वर्ग के प्रथम दीया चंद्रदेव द्वितीय नीलम पाहान और तृतीय रीकता कुमारी टॉपर्स को भी मेडल और पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया। शिक्षक प्रतिनिधि रंजीत कुमार मोदक ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को विद्यालय की उपलब्धि एवं नियम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वहीं, प्राचार्य कृष्णा सिंह मुंडा ने सभी छात्र-छात्राओं को संबोधन करते हुए प्रतिदिन क्लास आने का आग्रह किया है। साथ ही किसी भी तरह की परेशानी होने पर प्राचार्य से आकर अपनी समस्या रखने की बात कही। इस मौके पर प्रोफेसर रंजीत कुमार मोदक, प्रोफेसर घनश्याम महतो, प्रोफेसर रमाकांत महतो, परमेश्वर देवनंदन सिंह मुंडा, प्रोफेसर डॉ वंदना बनर्जी, प्रोफेसर इंदिरा कुमारी, प्रोफेसर गोविंद चंद्र महतो, प्रधान सहायक सुरेश महतो, अर्जुन मुंडा, हरिनारायण महतो, हलधर महतो, राजकुमार मांझी, शिवेशवर महतो, सैनाथ सिंह मुंडा, राजकुमार माझी, विधान चंद्र गोराई, नागेंद्र महतो, प्रभात नायक, अनंत महतो, अस्थमा सेठ, लाल सिंह मुंडा, अशोक कुंडू, केशव चंद्र महतो आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर घनश्याम महतो ने किया

## पीएम आवास के प्रखंड समन्वयक की हत्या के खिलाफ तीन दिवसीय हड़ताल का निर्णय




आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** गढ़वा जिला के पीएम आवास योजना के प्रखंड समन्वयक मो. सिराज अहमद को घर जाने के क्रम में शुक्रवार को दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दिए जाने की घटना से सभी जिलों के जिला समन्वयक एवं प्रखंड समन्वयक काफी मर्माहत हैं। वहीं इस घटना के खिलाफ उनमें काफी आक्रोश व्याप्त है। घटना को लेकर सोमवार को रांची में पीएम आवास योजना ग्रामीण संघ की एक आपात बैठक हुई। बैठक में इस घटना की कड़ी निंदा की गई तथा विरोध करते हुए तीन दिवसीय सामूहिक अवकाश/हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया गया। बाद में एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा डीडीसी रांची एवं हटिया विधायक नवीन जायसवाल को अलग-अलग ज्ञापन सौंपा गया जिसमें हत्यारों को फांसी की सजा दिलाने, आश्रित को सरकारी नौकरी, उचित मुआवजा, इपीएफ एवं बीमा का लाभ, वेतन वृद्धि सहित अन्य मांग की गई। मौके पर रांची जिला पीएम आवास योजना ग्रामीण संघ के जिला महासचिव समीर अंसारी ने बताया कि डेढ़ वर्ष पूर्व ही सभी संविदा कर्मियों के लिए इपीएफ एवं बीमा की मांग सरकार से की गई थी। लेकिन अभी तक ग्रामीण आवास कर्मियों को इसका लाभ नहीं दिया गया है। कर्मियों ने योजना के क्रियान्वयन को गति प्रदान करने के लिए यथाशीघ्र मांगों पर उचित कार्रवाई करने का आग्रह किया। बैठक में रांची जिला समन्वयक, सभी प्रखंडों के प्रखंड समन्वयक एवं कंप्यूटर ऑपरेटर उपस्थित थे।

## आरएसएस ने गुरु दक्षिणा उत्सव मनाया



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** दुर्गा महादेव मंदिर परिसर में आरएसएस के तत्वावधान में गुरु पूजन सह गुरुदक्षिणा उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम समाजसेवी शशि मेहता की अगुवाई में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर भारत माता का पूजन कर किया गया। भगवा ध्वज, ध्वज प्रणाम के बाद ओरमांझी प्रखंड कार्यवाहक अरविंद महतो और प्रार्थना वाचक कृष्णा जी ने देशभक्ति गीत 'संस्कृति सबकी एक चिरंतन खून रगों में हिन्दू है' प्रस्तुत किया । हिंदू जगे तो विश्वास जगेगा, मानव का विश्वास जगेगा। कार्यक्रम में रांची जिला बौद्धिक प्रमुख अनिल महतो ने गुरु व गुरुदक्षिणा पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में उपस्थित स्वयंसेवकों ने भगवा ध्वज के समक्ष गुरु दक्षिणा समर्पण किया। इस दौरान सत्यनारायण तिवारी, दुगार्शंकर साहू, संतोष कुशवाहा, सतीश बड़ाइक, कुलदीप तिवारी, संतोष गुप्ता, राजेश गुप्ता, मुकेश पांडे, पवन साहू, आनन्द महतो, दिवाकर साहू, शशि पांडे, रवि सिंह, गोलू गुप्ता, ओम प्रकाश शुक्ला आदि उपस्थित थे।

## विधायक ने जल नल योजना की आधारशिला रखी



**मांडर (आजाद सिपाही)।** जल मिशन योजना के तहत हर घर जल नल योजना की आधारशिला तीन पंचायत मलती, कैम्बो एवं बिसाहाखटगा में सोमवार को विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने रखी। इससे पूर्व विधायक ने कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए योजना के बारे में विस्तार से बतलाया कि इस योजना के तहत पंचायत के सभी गांवों के सभी घरों में पानी पहुंचाने का लक्ष्य है। इस योजना में प्रत्येक गांव के 40 घरों में एक बोरिंग, उसकी प्रकार गांव के 120 घरों में तीन बोरिंग द्वारा पम्प की मदद से पानी दिया जाना है। साथ ही विधायक ने ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं को भी सुना और उसका निदान करने का भरोसा दिलाया। मौके पर प्रमुख फिलिप्स सहाय एक्का, उप प्रमुख अमानत, मंगा उरांव, विधायक प्रतिनिधि जमील मल्लिक, नसीम अंसारी, आबिद अंसारी, सुमित, विनोद, रिजवान अंसारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संत अन्ना कॉलेज में शासी निकाय की बैठक आयोजित

**मांडर (आजाद सिपाही)।** संत अन्ना इंटरमीडिएट कॉलेज मांडर में सोमवार को विधायक शिल्पी नेहा तिर्की की अध्यक्षता में कॉलेज शासी निकाय की बैठक हुई। बैठक में कॉलेज संचालन से संबंधित सभी पहलुओं पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही वर्तमान शैक्षणिक सत्र में कॉलेज का संचालन और बेहतर तरीके से करने, रिजल्ट में और गुणात्मक सुधार करने, छात्र-छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक वातावरण देने पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में जैक द्वारा मनोनीत सदस्य डी.पी.एस. के रिटायर्ड उप प्राचार्य एस.एम. ओमैर, प्राचार्या सिस्टर निर्मला ज्योति कच्छप, सिस्टर फ्लोरा तिर्की, शिक्षक प्रतिनिधि अनिल खलखो सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## आकांक्षा क्लैट योजना में दो छात्राएं हुई सफल



**ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी आकांक्षा क्लैट योजना में राजकीयकृत मध्य विद्यालय उरुगुट्ठु की दो छात्राओं ने सफलता पाई है। स्कूल की छात्राओं नीलोफर नोसिन तथा अलकमा आफरीन ने शिक्षक पोखराज प्रसाद सिन्हा के मार्गदर्शन में सफलता पाई है। इन सफल छात्राओं को राज्य सरकार दो वर्षों तक निःशुल्क कोचिंग कराकर विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी कराएगी। विदित हो कि राज्य भर से 50 छात्राओं का चयन उक्त परीक्षा में हुआ है। इन छात्राओं के चयन पर विधायक समरीलाल, मुखिया पूजा किस्पोट्टा, पंसस तारा देवी, फलिंद्र मुंडा, सुरेश महतो आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

## सात पड़हा राजा का चयन



**इटकी (आजाद सिपाही)।** सात पड़हा, रानीखटंगा की सोमवार को एक बैठक झरिया उरांव की अध्यक्षता में की गयी। बैठक में राहुल मिंज का चयन नये पड़हा राजा के रूप में किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल आदिवासी नेता जगरे उरांव द्वारा नये पड़हा राजा व गांव के पाहनों सहित अन्य को पगड़ी बांध कर सम्मानित किया गया। बैठक में अनिल उरांव, लालू मिंज, रोशन, रंजन, पूजा, राजा, बिग्गा व भीम मिंज व अन्य शामिल थे।

### कार्यक्रम : एसएसबी 26वीं वाहिनी के 'अधीनस्थ अधिकारी क्लब' का उद्घाटन

## एक भारत श्रेष्ठ भारत बनाने के लिए हमें हर स्तर पर जागरूक होना पड़ेगा : एसडी शेरखाने

**खूंटी जिले के उलीहातू एवं तमाड़ में सात दिवसीय मशरूम खेती प्रशिक्षण शिविर का किया गया शुभारंभ**



आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** सशस्त्र सीमा बल 26वीं वाहिनी मुख्यालय अनगड़ा में सोमवार को कमांडेंट एसडी शेरखाने के मार्गदर्शन में 'अधीनस्थ अधिकारी क्लब' का उदघाटन किया गया। इस क्लब के बनाने का मुख्य उद्देश्य जवानों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के साथ उन्हें मनोरंजन के अलावा अन्य मुलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराकर उनके मनोबल और आत्मबल को मजबूत करना है। मालूम हो कि कमांडेंट एसडी शेरखाने 26वीं वाहिनी मुख्यालय सहित सभी समवायों के विकास के लिए लगातार प्रयासरत हैं। इस क्रम में उनके नेतृत्व में हाल के दिनों में बार्बर लॉज, शिवाजी हॉल, मनोरंजन कक्ष, महाराणा प्रताप जवान इनक्लेव, खेल मैदान सहित कई कार्य कराए गए हैं। इधर नागरिक कल्याण के मानव संसाधन कार्यक्रम के तहत खूंटी जिले के डी समवाय उलीहातू में कमांडेंट एसडी शेरखाने एवं जी समवाय तमाड़ में कमांडेंट (चिकित्सा) ने आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा देने के लिए सात दिवसीय मशरूम खेती प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया। इस शिविर में आसपास के गांवों से 100 प्रशिक्षणार्थी किसान भाग ले रहे हैं।

मौके पर प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए एसडी शेरखाने ने कहा कि एक भारत श्रेष्ठ भारत बनाने के लिए हमें हर स्तर पर जागरूक होना होगा तभी भारत विकसित राष्ट्र बनेगा। उन्होंने देश के किसान-मजदूर से लेकर वैज्ञानिकों तक को अपने-अपने क्षेत्र में नवीनतम तकनीक का इस्तेमाल कर आगे बढ़ने का आह्वान किया। मौके पर उपकमांडेंट दिनेश कुमार, अनुराग सिंह, सहायक कमांडेंट संजीव कुमार सहित अन्य कर्मी मौजूद थे।

## रातू फुटकलटोली में गोली कांड के विरोध में प्रतिरोध सभा का आयोजन

**दोनों घायलों का समुचित इलाज व अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** थाना क्षेत्र के हाजी चौक सिमलिया मैदान में गोली कांड के विरोध में उच्च स्तरीय जांच, दोषियों पर कार्रवाई और दो घायलों का समुचित इलाज एवं मुआवजा की मांग को लेकर प्रतिरोध सभा का आयोजन कर घटना की निंदा की गई।

प्रतिरोध सभा के दौरान राज्यपाल, मुख्यमंत्री, पुलिस महानिदेशक, झारखंड, वरीय आरक्षी अधीक्षक के नाम मांग पत्र प्रेषित किया गया। पत्र के माध्यम से बताया गया कि 16 जुलाई 2023 को रात्रि लगभग 7:30 बजे रातू प्रखंड के सिमलिया पंचायत के हाजी चौक स्थित होटल मोखतार में अज्ञात लोगों द्वारा मोटरसाइकिल से आकर गोलीबारी की गई। जिसमें होटल के दो स्टाफ को पैर में गोली लगी, जिससे वे घायल हो गये। उनका इलाज रिम्स में चल रहा है। घटना के बाद स्थानीय रातू थाना को एवं वरीय पुलिस पदाधिकारी को जानकारी देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की गई थी लेकिन अबतक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

**50 लाख की मांगी गई थी रंगदारी :** 4 फरवरी 2023 को संध्या 7:37 बजे रातू अंजुमन इस्लामिया के सदर कमरुल हक के मोबाइल नम्बर 8809121443 में वाट्सप पर मोबाइल नम्बर 9124989867 से रंगदारी मांगी गयी और जान से मारने की धमकी दी गई थी। इस संदर्भ में रातू थाना कांड संख्या 53/2023 दिनांक 04 फरवरी 2023 को प्रथामिकी दर्ज करायी गयी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पुनः दिनांक 09 जुलाई 2023 को मोबाइल नम्बर 9124989868 से धमकी देते हुए 50 लाख की रंगदारी मांगी गयी और नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी गई। इस संदर्भ में कमरुल हक ने 9 जुलाई 2023 को ही रातू थाना में कांड संख्या 284/2023 प्रथामिकी दर्ज करायी थी। लेकिन स्थानीय पुलिस द्वारा ठोस कार्रवाई नहीं होने के कारण अपराधियों का मनोबल बढ़ गया और 14 जुलाई 2023 एवं 15 जुलाई 2023 को लगातार फोन कर कमरूल हक से रंगदारी एवं जान से मारने की धमकी दी गई और 16 जुलाई 2023 को रणनीति के तहत रात्रि 7:30 बजे हाजी चौक सिमलिया स्थिति होटल मोख्तार में गोली-बारी की घटना को अंजाम दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि उपरोक्त गोली कांड एवं फोन द्वारा धमकी की उच्चस्तरीय जांच एवं दोषियों पर कानूनी कार्रवाई की जाए। कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में लोकतांत्रिक आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

प्रतिरोध सभा को आमया संगठन के अध्यक्ष एस अली, ग्रामीण अंजुमन इस्लामिया के अध्यक्ष मुस्तफा अंसारी, पूर्व जिला परिषद ऐनुल हक, प्रखंड अंजुमन कमेटी बुढ़मू के सदर शमीम बड़ेहार, अंजुम खान, सचिव अब्दुल कुदूस, नौशाद आलम, अंजुमन ओरमांझी के मुंतजिर अहमद, इम्तीयाज, जेएमएम नेता असलम अंसारी, बेलाल अंसारी, रातू उप प्रमुख रेयाजुल अंसारी सहित सैकड़ों की संख्या में रांची आसपास के प्रबुद्ध लोगों ने संबोधित किया।

## मेधा सम्मान समारोह में विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

**जीवन में सफल होने के लिए पढ़ाई के साथ-साथ बड़ों का आशीर्वाद जरूरी : मनोज सिंह**




आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** शिक्षा के साथ संस्कार जरूरी है। बच्चे माता-पिता, गुरुजन का आदर करें। जीवन में सफल होने के लिये पढ़ाई के साथ साथ बड़ों का आशीर्वाद भी जरूरी है। उक्त बातें अखिल भारतीय ह्यूमन राइट्स ऑर्गनाइजेशन झारखंड के द्वारा आयोजित मेधा सम्मान समारोह में एभरो के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये कही। इस दौरान सरकारी माध्यमिक विद्यालय एवं +2 विद्यालयों के तीन-तीन टॉपर छात्रों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि भारतीय पुलिस सेवा के पदाधिकारी प्रशिक्षु आईपीएस रित्विक श्रीवास्तव ने छात्रों को संबोधित करते हुये कहा कि मेहनत से कुछ भी संभव है। उन्होंने छात्रों को देश का भविष्य बताते हुये कहा छात्र जिस भी क्षेत्र में जाना चाहें जायें, पर ईमानदार मेहनत के बल पर परिवार और समाज का नाम ऊंचा करें।

विशिष्ट अतिथि नामकुम बीडीओ ज्ञानशंकर जयसवाल ने कहा कि प्रखंड का नाम पढ़ाई के क्षेत्र में ऊंचा हुआ है। बच्चों ने 92 प्रतिशत तक अंक लाकर नाम ऊंचा किया है। छात्रों को आगे पढ़ाई में दिक्कत न हो, इसके लिये प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को आवश्यक कार्यवाही का निर्देश दिये। कार्यक्रम को प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विजया लक्ष्मी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी विजय कुमार, प्रधानाध्यापिका ज्योति कुमारी, सीआरपी वीरेन्द्र कुमार एवं पल्लवी कुमारी ने भी संबोधित किया। संचालन डॉ अंजेश कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन विजय कुमार ने किया। मौके पर अमरेंद्र कुमार, कृष्णा कुमार, संतोष सिंह, अनिल कुमार, करुणा सिंह, अनुपम शुक्ला, दिनेश प्रसाद सिंह, शमीम फिरोज, अभय नायक, घनश्याम कोइरी, आनंद कुड़ू, प्रधानाध्यापक, अभिभावक के साथ काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### कार्यक्रम : कांग्रेस की 'भारत जोड़ो की बात, आम जनों के साथ' कार्यक्रम की हुई शुरुआत

## कार्यकर्ता भाजपा की जनविरोधी नीतियों का करें पर्दाफाश : सुबोधकांत

**राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से घबरा गयी है भाजपा : राजेश कच्छप**




आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** कांग्रेस की 'भारत जोड़ो की बात, आम जनों के साथ' कार्यक्रम की शुरुआत ओरमांझी प्रखंड के डहू पंचायत भवन से स्व. अब्दुर रज्जाक अंसारी व पूर्व प्रमुख स्व. जुगेश्वर ठाकुर के चित्र पर माल्यार्पण एवं श्रद्धांजलि देकर की गयी। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष तुलसी खरवार ने की। उन्होंने कहा कि पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा पूर्व में संपन्न भारत जोड़ो यात्रा के संदर्भ में 17 जुलाई से 5 सितम्बर तक भारत जोड़ो की बात आम जनों के साथ सम्पर्क अभियान पूरे प्रदेश के घर-घर गांव गांव में चलाना है।

खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से भाजपा घबरा गई है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जनसंपर्क अभियान के माध्यम से आम जनता को भाजपा की केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण उत्पन्न बेरोजगारी, महंगाई, नफरत से देश को होने वाली कठिनाइयों से अवगत कराकर भाजपा का पर्दाफाश करें।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि उक्त अभियान की समीक्षा 15 दिनों के अंतराल पर प्रखंड स्तरीय बैठक कर की जाए। जनसंपर्क अभियान के अंतिम दिन 5 सितंबर को शिक्षक दिवस पर शिक्षकों को सम्मानित करते हुए इस अभियान के समापन को शानदार बनाया जाए। बैठक का संचालन प्रखंड अध्यक्ष तुलसी खरवार व धन्यवाद ज्ञापन विधायक सलाहकार एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रमेश उरांव ने किया।

मौके पर मुख्य रूप से पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, सुंदरी तिर्की, उप प्रमुख रिजवान अंसारी, बेलेश तिर्की, ग्रामीण जिला के प्रभारी शिव कुमार भगत, पूर्व उप प्रमुख मुंतजिर अहमद रजा, रिजवान अंसारी, अखलीमा खातून, जिला परिषद सदस्य कमिश्नर मुंडा, जिला महासचिव अशोक कुमार गुप्ता, सुरेश साहू, हरीमोहन महतो, तौहीद आलम, बाबूलाल महली, रसीद अंसारी, सूरज पठान, किशोर नायक, देवेंद्र नाथ ठाकुर, बलराम महतो, सफीउल्लाह अंसारी, रीना मुंडा, परमेश्वर भोक्ता, सुधा देवी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## धूमधाम से छठा स्थापना दिवस समारोह प्रज्वालोत्सव-2 का समापन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** वाईबीएन विश्वविद्यालय के छठे स्थापना दिवस पर दो दिवसीय समारोह प्रज्वालोत्सव-2 का सोमवार को समापन हुआ। दूसरे दिन रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ समारोह का समापन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के बाद पुष्प गुच्छ देकर अतिथियों को सम्मानित कर किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर खिजरी के पूर्व विधायक रामकुमार पाहन उपस्थित थे। इस दौरान सभी संकाय के विद्यार्थियों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, मनमोहक गीत और नृत्य की प्रस्तुत किये गये। कुलगीत स्वागतगान, अतिथियों का सम्मान एवं स्वागत भाषण की प्रस्तुति की गयी। जिसके बाद अवकाश प्राप्त कर्मचारियों को और बेहतर कार्य करने वाले कर्मचारियों को विश्वविद्यालय की ओर से सम्मानित किया गया। मौके पर चेयरमैन डॉ रामजी यादव ने अपने संबोधन में कहा कि यह मेरा नहीं, हमारा विश्वविद्यालय है। ये छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों का विश्वविद्यालय है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी इंजीनियर दीपक कुमार ने नई शिक्षा नीति के तहत छात्रों को शैक्षणिक, अनुसंधान एवं उद्यमिता पथ पर मार्गदर्शन दिया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ आशीष सरकार निदेशक आईक्यूएसी ने किया। मौके पर वाईबीएन विश्वविद्यालय के कुलाधिपति वैद्यनाथ यादव, चेयरमैन डॉ रामजी यादव, मुख्य कार्यकारी अधिकारी इंजीनियर दीपक कुमार, कुलपति प्रोफेसर डॉ एसपी यादव, कुलसचिव प्रोफेसर डॉ श्रीरमन दुबे, एचआर निदेशक अरविन्द कुमार, सुधीर यादव के साथ सभी संकाय के डीन और एचओडी उपस्थित थे।

## विधायक ने दिव्यांग खिलाड़ी का किया स्वागत



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** नामकुम प्रखंड के सोदाग बगीचा टोली निवासी सह पैराथ्रो बॉल दिव्यांग खिलाड़ी महिमा उरांव का सोमवार को खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने सरना गमछा देकर स्वागत किया तथा हौसला अफजाई करते हुये उनकी उज्ज्वल भविष्य की कामना की। गौरतलब है कि दिव्यांग खिलाड़ी महिमा उरांव 26 जुलाई को दिव्यांगों का खेल पैराथ्रो बॉल खेलने मलेशिया जायेंगी। मौके पर महिमा उरांव के कोच मुकेश कंचन एवं सोदाग मुखिया पतरस तिर्की उपस्थित थे।

## विद्यालय में पठन-पाठन कार्य अवरुद्ध न हो इसके लिए शिक्षक का खर्च वहन करेंगे अभिभावक

**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** नवागढ़ पंचायत के ग्राम रंगामाटी स्थित प्राथमिक विद्यालय रंगामाटी बरवाटोली के प्रधानाचार्य सुशील कुमार महतो को रविवार को पैरालाईसिस हो गया है। इसकी जानकारी सहायक शिक्षिका अंजना खलखो ने अभिभावकों को दी। सूचना पाकर ग्रामीणों ने आपातकालीन बैठक बुलाकर प्रधानाचार्य के स्वस्थ होने तक पठन-पाठन कार्य में बच्चों की कोई असुविधा न हो इसके लिए गांव स्तर पर अपने खर्च पर एक शिक्षिका का चयन किया। ग्रामीणों ने चंदा कर शिक्षक का खर्च वहन करने का निर्णय लिया। साथ ही प्रधानाचार्य के जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना ईश्वर से की। मौके पर मुखिया नवागढ़ भुवनेश्वर बेदिया, सहायक शिक्षिका अंजना खलखो, समाजसेवी संतोष बेदिया, ग्राम प्रधान महाबीर बेदिया, लखीराम बेदिया, हरिलाल बेदिया, नरेन्द्रनाथ बेदिया, जगू बेदिया आदि के अलावा ग्रामीण उपस्थित थे।

## सिकिदिरी में मारपीट में तीन लोग घायल

**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के कुटे गांव में दो पक्षों के बीच मारपीट हुई। जिसमें बशीर खान, इरफान खान व शबनम प्रवीण घायल हो गए हैं। घटना रविवार शाम की है। सिकिदिरी थाना में सोमवार की शाम तौफीक खान, हफीजुल खान, चरकू खान, सलमान खान व साहील खान, पिता ऐनुल उर्फ मदरू खान के विरुद्ध मारपीट करने को लेकर मामला दर्ज कराया गया है। वहीं? घायल बशीर खान का इलाज रांची रिम्स में चल रही है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## दस मेधावी छात्राओं को किया गया सम्मानित



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय के सभागार में सोमवार को विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पंचायत की मुखिया सुशांति भगत व विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष भीखा उरांव मौजूद थे। जहां जैक बोर्ड परीक्षा 2023 में विद्यालय के दस छात्राओं जिनमें सुशानी उरांव, उज्मा नसीम, खुशी कुमारी, निशा उरांव, सुनीता उरांव, संगीता उरांव, सुमन कुमारी, सुशानी कच्छप, सुमन कुमारी व नीतू कुमारी को मोमेंटो मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर मुखिया ने कहा कि प्रबंधन समिति द्वारा गांव की मेधावी छात्र छात्राओं को इस प्रकार सम्मानित कर हौसला बढ़ाया जाना बहुत ही प्रशंसनीय बात है। कार्यक्रम की संचालन सुनील कुमार धन्यवाद ज्ञापन सेवानिवृत्त शिक्षक नकुल राम महथा ने किया। मौके पर श्वेता कुमारी,ममता कुमारी,रोज मेरी मिंज,अंजली कुमारी, मंजू कुमारी, राजश्री कच्छप, अभिभावक, शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद थे।

## मृतक के परिवार को किया सहयोग



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के होचई गांव में 32 वर्षीय बिरेंद्र मुंडा, पिता मनरखन मुंडा की आक्समिक मौत हो गई थी। घटना की जानकारी मुखिया सुनिल उरांव को हुई। मुखिया ने मृतक के घर पहुंचकर शोक संतप्त परिवार को ढाढ़स बंधाया। मुखिया के द्वारा तत्काल सहयोग के तौर पर 50 केजी चावल उपलब्ध कराया गया। साथ ही सरकार के द्वारा मिलने वाले पारिवारिक सहायता योजना के साथ मृतक की पत्नी को यथासंभव सर्वजन पेंशन के तहत लाभ दिलाने का आश्वाशन दिया। मृतक बीरेन्द्र मुंडा अपने पीछे पत्नी संग दो बच्चे छोड़ गए हैं। सहयोग पहुंचाने में मुखिया सुनिल उरांव, सांसद प्रतिनिधि विद्युत विभाग सिकंदर महतो, एसटी मोर्चा मंत्री गोबिंद मुंडा, तापेश्वर, बिंदेश उरांव, बाबूलाल व महिला दीदी उपस्थित थे।

**निर्देश :** पांकी विधायक ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ ही टिफिन बैठक

# कार्यकर्ता केंद्र व भाजपा की उपलब्धियों से जनता को अवगत करायें : डॉ शशिभूषण

आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी/पलामू।** भाजपा की ओर से चलाये जा महाजनसंपर्क अभियान की कड़ी में सोमवार को पांकी थाना रोड स्थित बाबा मैरेज हॉल में टिफिन बैठक आयोजित की गई। जिसकी शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्याम प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह और संचालन मंडल महामंत्री श्यामनंदन ओझा ने किया। सभी कार्यकताज्ञ अपने-अपने घर से टिफिन लेकर आये और एक साथ बैठकर भोजन किया। उक्त कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल



भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ टिफिन बैठक में शामिल पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता व अन्य।

हुए पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने कहा कि टिफिन बैठक का मुख्य उद्देश्य सभी कार्यकर्ताओं के साथ भोजन कर सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नौ साल का कार्यकाल बेमिसाल रहा है। कार्यकर्ता केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के साथ ही उक्त अवधी में केंद्र व भाजपा द्वारा किए गए कार्यों से घर-घर जाकर जनता को अवगत करायें। लगे हाथ विपक्षी दलों की कारगुजारियों की भी जानकारी दें। इस मौके पर महिला प्रदेश प्रवक्ता लवली गुप्ता, जिला महामंत्री सुरेंद्र विश्वकर्मा, जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र उपाध्याय, भाजपा युवा नेता अजय प्रसाद गुप्ता, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष शंकर प्रसाद गुप्ता ने भी अपना-अपना विचार रखा। मौके पर विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह, ओबीसी जिला उपाध्यक्ष संजय चंद्रवंशी, निजी सचिव प्रो बचन ठाकुर, जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, लोहरसी मंडल अध्यक्ष अरुण सिंह, विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह, सुनील प्रसाद गुप्ता, संतु सिंह, रंजय ठाकुर, रोशन सिंह, यशवंत कुमार आदि थे।

# पलामू में कांग्रेस मजबूत, कार्यकर्ताओं के बल पर जीतेंगे चुनाव : बिट्टू पाठक

आजाद सिपाही संवाददाता




**छतरपुर/पलामू।** छतरपुर प्रखंड एवं मंडल कांग्रेस कमेटी के कार्यकारिणी की बैठक सोमवार को हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गोपाल प्रसाद सिंह और संचालन नगर अध्यक्ष मो मुस्ताक अहमद ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के अलावा प्रखंड प्रभारी मिथिलेश कुमार सिंह भी मौजूद थे। इस दौरान बिट्टू पाठक ने कहा कि कार्यकर्ताओं के बल पर 2024 में होने जा र हे लोकसभा और सभी विधानसभा चुनाओं में पार्टी जीत का परचम लहरायेगी। उन्होंने प्रखंड, मंडल, पंचायत अध्यक्ष को निर्देश दिया गया है कि जल्द से जल्द बूथ स्तर में काम शुरू किया जाए। लक्ष्य 2024 को लेकर बिट्टू पाठक ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा का यह परिणाम है कि युवा बुजुर्ग, महिला हो या किसान सभी का रुझान कांग्रेस के प्रति बढ़ा है। अब देश की जनता समझ चुकी है कि कांग्रेस के नेतृत्व में ही देश का संविधान और लोकतंत्र बचाया सकता है। देश में 9 सालों में बेतहाशा बेरोजगारी, कालाबाजारी, गैस, डीजल, पेट्रोल, खाद की कीमतें बढ़ी हैं। प्रधानमंत्री झूठ बोलकर जनता को गुमराह कर रहे हैं। पलामू में कांग्रेस काफी मजबूत है। लोकसभा के साथ सभी विधानसभा में कांग्रेस अपना परचम लहराएंगी। बैठक में सलाउद्दीन अंसारी, हसनाथ खान, विश्वनाथ चौधरी, राजन चंद्रवंशी, मदन विश्वकर्मा, सागर पासवान, सुभानी अंसारी, महिला प्रखंड अध्यक्ष रिंकी देवी, चंपा देवी, प्रमिलादेवी सभी पंचायत के पंचायत अध्यक्ष उपस्थित थे। इस दौरान दूसरी विभिन्न पार्टियों से आए लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता की। इसमें बाबू राम सिंह, मदन सिंह, चेनारी सिंह, विष्णुदेव सिंह, डॉ फैजल आलम, मदन विश्वकर्मा, प्रभा देवी आदि शामिल थे।

## शिव संपतधाम को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया जायेगा : अरविंद सिंह



**उंटारी रोड/पलामू (आजाद सिपाही)।** उंटारी रोड़ प्रखंड के प्रसिद्ध देव स्थल शिव सम्पतधाम में सावन की दूसरी सोमवारी पर भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। अहले सुबह श्रद्धालु शिव संपत धाम पंहुचकर पूजा अर्चना करने में जुट गए। वही मंझिआव से चलकर 100 से अधिक शिव भक्तों ने माथे पर कलश लिए हुए गाजे बाजे के साथ उंटारी के शिव सम्पत धाम पहुंचकर मंदिर की परिक्रमा कर जल अर्पित किया। मंदिर परिसर में महंत केशव नारायण दास ने भगवान शिव के बारे में श्राद्धालू के बीच भजन कीर्तन किया। उंटारी रोड के जिला पार्षद सह मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष अरविंद सिंह पूरे परिवार के साथ धाम पहुंचे। उन्होंने भगवान शिव के प्रतिमा पर रुद्राभिषेक किया। विशेष पूजा व रुद्राभिषेक पुजारी रवि शंकर वैद्य ने कराया। अरविंद सिंह ने कहा कि भगवान शिव की आराधना से असीम शक्ति मिलती है। शिव सम्पत धाम को धर्म स्थल के अलावा पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है जिसमें सबका सहयोग जरूरी है। मौके पर मंदिर निर्माण कमिटी के कोषाध्यक्ष आरसी यादव, मुखिया संघ के अध्यक्ष अशोक सिंह, अगस्त तिवारी आदि थे।


# बच्चों का थैंक्यू मैम कहना ही मेरा पुरस्कार : अरुणा शंकर

**गांधी उद्यान में लग रहा 17डी थिएटर, भूत बंगला, बुल राइडर एवं बंपर कार**

आजाद सिपाही संवाददाता









**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने रविवार को निगम द्वारा निर्मित मोहल्लों में बने दादा दादी पार्क में लगे मल्टी प्ले स्टेशन का निरीक्षण किया। कहा कि मैं जब महापौर बनी थी उस वक्त इस 100 वर्ष से भी पुराने शहर मेदिनीनगर में एक भी पार्क या घूमने का स्थान नहीं था। ना ही बच्चों के खेलने की समुचित व्यवस्था थी। उसी वक्त मैंने निर्णय लिया था कि शहर के अन्य कार्यों के साथ ही पार्क, ओपेन जिम, माताओं बहनों, बुजुर्गों को घूमने के लिए वाकिंग ट्रैक एवं बच्चों के लिए स्केटिंग जोन की समुचित व्यवस्था प्राथमिकता में करूंगी और आज मुझे खुशी है कि मेरी शानदार टीम 18/23 जिन्होंने मेरे हर निर्णय का बोर्ड में समर्थन किया। उनके प्रयास से निगम क्षेत्र में हम लोगों ने परिवार के साथ घूमने के लिए जहां शहर का बहुचर्चित कोयल रिवर फ्रंट को सजाया वहीं आज सैकड़ों लोगों को रोजगार भी मिल रहा है। हम लोगों ने छोटे बच्चों के लिए गांधी उद्यान का निर्माण भी कराया जहां हजारों बच्चों एवं महिलाओं की भीड़ हो रही है। इसी के साथ मोहल्ले में प्रतिदिन खेलने के लिए बच्चों को कुछ नहीं था वही हम सबों ने प्रथम फेज में चैनपुर (सूर्य मंदिर), कोयल रिवर फ्रंट पार्क, रेड़मा (रांची रोड़), सिंचाई कॉलोनी, बाईपास एवं हमीदगंज सूर्य मंदिर परिसर में वर्ल्ड क्लास रंग-बिरंगे रबड़ फ्लोरिंग के साथ मल्टी प्ले स्टेशन लगवाई जिसका आज बच्चे लुफ्त उठा रहे है। मैं दादा दादी पार्क में घूम रही थी उसी वक्त दो-तीन बच्चों ने अचानक आकर जब मुझे **थैंक्यू मैम** कहा तो मुझे उनके चेहरे की खुशी और खिलखिलाहट देख मेरे द्वारा कराए जा रहे कार्यों की संतुष्टि हुई। उन भोले-भाले बच्चों द्वारा बोला गया शब्द मेरे लिए किसी पुरस्कार से कम नहीं था। अरुणा शंकर ने बताया जल्द शिवाजी मैदान में वाकिंग ट्रेक, लाइट, शौचालय, स्टेज, ग्रीन रूम बनकर तैयार होने वाला है, जहां माताएं, बहने, बुजुर्ग सुबह-शाम सुरक्षित टहल सकेंगे। गांधी उद्यान में बड़े शहरों की तर्ज पर अत्याधुनिक किड्स जोन का निर्माण भी चल रहा जिसमें अत्याधुनिक 70 डी थिएटर, भूत बंगला, बुल राइडर व बंपर कार रेस लगाया जा रहा।

## संवेदक की ओर से कराये जा रहे कार्यों की लोगों ने की सराहना

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर संख्या 14 के राईन मोहल्ला में नगर विकास विभाग की ओर से कराये जा रहे नाली निर्माण कार्यों की स्थानीय लोगों ने सराहना की। साथ ही कार्यों को लेकर मोहल्ला वासियों ने कार्यपालक पदाधिकारी को लिखित आवेदन देकर कहा कि राईन भवन से हरही नदी तक संवेदक द्वारा कराए जा रहे कार्य प्रकल्लित राशि के अनुसार बेहतर ढंग से कराया जा रहा है, लेकिन कुछ दूसरे मोहल्ला के लोग विकास कार्यों में बाधा उत्पन्न करने को लेकर निर्माण कार्य में व्यवधान उत्पन्न करना चाह रहे हैं, ताकि कार्य बंद हो सके। आवेदन देने वालों में रहमत राईन, अनवर राईन, अख्तर, तनवीर राईन आदि थे।

# दोस्त को बचाने के चक्कर में सोन नदी में डूबा किशोर, मौत

**24 घंटे बाद दंगवार के पास सोन नदी से ही शव बरामद**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** सोन नदी में नहाने गए एक युवक को बचाने के चक्कर में एक किशोर की डूबने से मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। 24 घंटे बाद दंगलाव के पास नदी से उसका शव बरामद हुआ। मृतक की पहचान पवन कुमार के रूप में हुई है। 17 वर्षीय पवन हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के बड़ेपुर पंचायत के घोड़बंधा गांव का रहने वाला था। घटना रविवार की बताई जाती है। स्थानीय ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार हुसैनाबाद प्रखंड के घोड़बंधा गांव के रहने वाले तीन-चार दोस्त गांव से कुछ ही दूरी पर स्थित सोन नदी में नहाने गए थे। नहाने के क्रम में एक किशोर नदी के तेज बहाव में फंसकर डूबने लगा। यह देख पवन उसे बचाने के लिऐ आगे बढ़ कर उसे डूबने से बचा लिया, लेकिन खुद वह अत्यधिक गहराई में चले जाने के कारण नदी में डूब गया। इसकी सूचना मिलते ही मृतक के परिजनों व गांव के काफी संख्या में लोग सोन नदी पहुंच गए। कुछ ग्रामीणों ने नदी में उतरकर पवन की काफी खोजबीन की पर वह नहीं मिला। उसका शव खोजने के लिय उसके परिजन बिहार के इंद्रपुरी बराज तक गए। अंत में दंगराव के पास सोन नदी से उसका शव बरामद कर लिया गया।

## बैंक से ग्राहक का 1.10 लाख रुपये चोरी, मामला दर्ज

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** शहर के जेपी चौक के समीप पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) शाखा परिसर से एक ग्राहक का 1.10 लाख रुपए चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित शेख गुलाम नेजामुद्दीन ने हुसैनाबाद थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। उसने बताया कि वह पत्नी के इलाज के लिय पीएनबी के दो नंबर काउंटर से एक लाख 10 हजार रुपए की निकासी की थी। झोला में रख कर दूसरे काउंटर पर मोबाइल से खाता को लिंक कराने के लिए फार्म लेने के लिए खड़ा था। तभी पैसे निकाल लिए गये। उसने तुरंत बैक मैनेजर को जानकारी दी। सीसीटीवी कैमरा देखा गया तो दो व्यक्ति झोला से रुपए निकाल रहे हैं। पुलिस ने उनकी तलाश शुरू कर दी है।

## सभी विभाग के कर्मचारियों को जनहित में करना होगा बेहतर कार्य : मुखिया



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती महुडंड ग्राम पंचायत सचिवालय सभागार में सोमवार को विकास योजनाओं को लेकर समीक्षात्मक बैठक हुई। जिसकी अगुवाई मुखिया मिना देवी ने की। इसमें कई विभाग के कर्मचारी उपस्थित हुए। इस दौरान विभिन्न विभागों के पंचायत स्तरीय कर्मियों का विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। मुखिया मिना देवी ने स्वास्थ्य सहिया को डीटीजी पाउडर का छिड़काव करने, स्वयंसेवक को पेंडिंग आवास इस महीने के अंत तक पूर्ण करने, पंचायत क्षेत्र के सभी विद्यालय में एमडीएम में सुधार लाने और जनवितरण प्रणाली के दुकानदारों को प्रत्येक माह समय पर राशन वितरण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सरकार की विकास योजनाओं का लाभ सुलभ रूप से क्षेत्र वासियों को मिले इसके लिए सभी विभाग के कर्मियों को बेहतर कार्य करने की जरूरत है। इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य रमेश पासवान, पंचायत सचिव उपेंद्र सिंह, मनरेगा जेई अभिषेक कुमार, युवा समाज सेवी शिवशंकर यादव, सभी वार्ड सदस्य, प्रधानाध्यापक, जन वितरण प्रणाली के दुकानदार, स्वास्थ सहिया व आंगनबाड़ी की सेविका आदि मौजूद थे।

## स्पोर्ट्स



भारतीय क्रिकेट टीम के हेड कोच शुल द्रविड़ को आयरलैंड दौरे से आराम दिया जाएगा। साथ ही बोलिंग और बैंटिंग कोच भी आराम दिया जा सकता है। उनकी जगह वीवीएस लक्ष्मण हेड कोच हो सकते हैं।

एशिया और वर्ल्ड कप की तैयारी के लिए बैटिंग और बॉलिंग कोच को भी दिया गया आराम

# आयरलैंड दौरे पर नहीं जायेंगे राहुल द्रविड़, लक्ष्मण होंगे कोच

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के हेड कोच राहुल द्रविड़ को आयरलैंड दौरे से आराम दिया जाएगा। द्रविड़ के साथ बैटिंग और बॉलिंग कोच भी आयरलैंड नहीं जाएंगे। इनकी जगह एनसीए सदस्य टीम इंडिया के साथ कोचिंग स्टाफ के रूप में रहेंगे। रिपोर्ट्स के अनुसार, वीवीएस लक्ष्मण आयरलैंड दौरे पर हेड कोच रहेंगें। जानकारी के मुताबिक आयरलैंड दौरा 18 अगस्त से शुरू होगा। टीम इंडिया यहां 3 टी-20 मैच खेलेगी। माना जा रहा है कि हार्दिक पंड्या को ही यहां कप्तानी दी जाएगी। रोहित शर्मा, विराट कोहली और रवींद्र जडेजा जैसे सीनियर खिलाड़ियों को आराम दिया जाएगा।



### एशिया-वर्ल्ड कप के लिए दिया जा रहा आराम

राहुल द्रविड़ के साथ बैटिंग कोच विक्रम राठौर और बॉलिंग कोच पारस महाम्ब्रे भी आयरलैंड नहीं जाएंगे। तीनों 13 अगस्त को वेस्टइंडीज और अमेरिका का दौरा खत्म होने के बाद सीधे भारत आएंगे। मौजूदा कोचिंग स्टाफ को एशिया कप, ऑस्ट्रेलिया से वनडे सीरीज और सबसे अहम वनडे वर्ल्ड कप की तैयारी के लिए ब्रेक दिया जा रहा है। 31 अगस्त से एशिया कप शुरू होगा। सितंबर में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन वनडे की सीरीज होगी। इसके ठीक बाद यानी पांच अक्टूबर से भारत में वनडे वर्ल्ड कप भी शुरू हो जाएगा। कोचिंग स्टाफ अहम टूर्नामेंट के लिए शांत रहकर तैयारी कर सके, इसीलिए उन्हें ब्रेक दिया जा रहा है। बतातें चलें कि कोचिंग स्टाफ की गैरमौजूदगी में वीवीएस लक्ष्मण को टीम इंडिया के साथ आयरलैंड दौरे पर भेजा जाएगा। उनके साथ एनसीए के बैटिंग कोच के रूप में सितांशु कोटक या ऋषिकेश कानिटकर होंगे। वहीं बॉलिंग कोच के रूप में ट्रॉय कूले या साईराज बहुतुले में से कोई रहेगा। लक्ष्मण पिछले साल भी आयरलैंड दौरे पर टीम इंडिया के हेड कोच रहे थे। तब बीसीसीआइ ने हार्दिक पंड्या की कप्तानी में युवा टीम भेजी थी। भारत ने 2 टी-20 की सीरीज 2-0 से जीती थी। रिपोर्ट्स के अनुसार, इस बार भी पंड्या की कप्तानी में युवा टीम ही भेजी जाएगी। आयरलैंड दौरे पर भारत 18, 20 और 23 अगस्त को टी-20 खेलेगा।


### बुमराह खेल सकते हैं आयरलैंड में टी-20

तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह इंजरी से रिकवरी करने के बाद आयरलैंड दौरे पर टीम इंडिया में शामिल किए जा सकते हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, बुमराह ने एनसीए की नेट्स में फुल-फ्लो में गेंदबाजी करना शुरू कर दिया है। वह टी-20 मैच के खेलने के लिए पूरी तरह तैयार नजर आ रहे हैं। एशिया कप और वर्ल्ड कप को देखते हुए टीम इंडिया उन्हें फिट और पूरी तरह से तैयार रखना चाहती है। बुमराह के अलावा बैटर श्रेयस अय्यर और विकेटकीपर केएल राहुल भी एनसीए में ही हैं। अय्यर ने नेट्स में बैटिंग शुरू कर दी है, उनके एशिया कप तक फिट होने की संभावना है। वहीं राहुल ने फिलहाल बैटिंग शुरू नहीं की है, माना जा रहा है कि वह एशिया कप के बाद ही फिट हो सकेंगे।

### जल्द जारी होगा एशिया कप का पूरा शेड्यूल

इसी सप्ताह एशिया कप का ऑफिशियल शेड्यूल भी जारी किया जा सकता है। डरबन में पिछले दिनों आइसीसी की मीटिंग हुई, जहां एशियन क्रिकेट चीफ जय शाह और पाकिस्तान बोर्ड प्रमुख जका अशरफ ने भी मुलाकात की। दोनों ने वहां फैसला लिया कि एशिया कप हाइब्रिड मॉडल में ही होगा, जिसके 4 मैच पाकिस्तान और 9 मैच श्रीलंका में खेले जाएंगे। टूर्नामेंट 31 अगस्त से 17 सितंबर तक होना है।

## वरिष्ठ पत्रकार को पितृ शोक, राजनीतिक, सामाजिक संगठन से जुड़े लोगों ने जताया शोक



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू के वरिष्ठ पत्रकार संजय सिंह उमेश के पिता के निधन की सूचना पाकर रुद्र शुक्ला, राकेश तिवारी और धीरज मिश्रा उनके घर पहुंचकर दुख व्यक्त करते हुए पूरे परिवार को सांत्वना दिया। पांकी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सह वित्त मंत्री के प्रतिनिधि कांग्रेसी नेता रुद्र शुक्ला ने मृत आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की। डाल्टनगंज विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सह आम आदमी पार्टी के कार्यकारी जिलाध्यक्ष राकेश तिवारी ने कहा कि जैसा मुझे मालुम हुआ कि पत्रकार संजय सिंह के पिता विश्वनाथ सरकारी सेवा में होते हुए एक समाजसेवी के रूप में भी अपनी भूमिका अदा किये हैं। उनके निधन से हम सभी दुखी हैं। पलामू प्रमंडल के सामाजिक कार्यकर्ता सह सहायक अध्यापक धीरज मिश्रा ने उनके बड़े पुत्र पत्रकार संजय और छोटे पुत्र हेड मास्टर अजय सिंह को सांत्वना देते हुए कहा कि उन्होंने भी पिछले वर्ष ही अपने पिता को खोया है। किसी इंसान के लिए उनके पिता का निधन होना सबसे दुखदाई होता है। एक पिता को खोने का दर्द वह भलीभांति समझते हैं, यह वक्त वेदना सहने का है। बस आप लोग अपने पिता जी के बताए हुए मार्ग पर चलने का कार्य करें। धीरज मिश्रा ने कहा कि पत्रकार संजय सिंह हमारे अभिभावक के समान रहे रहे हैं। उनके पिताजी की मौत से उन्हें भी गहरा सदमा लगा है। रुद्र, राकेश धीरज ने पत्रकार उमेश के परिवार के अन्य सदस्य को भी हौसला दिया और मृत आत्मा के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि व शोक संवेदना व्यक्त करते हुए परिवार के पास रहने का आश्वासन दिया। इस मौके पर पत्रकार संजय सिंह उमेश और मृतक के छोटे पुत्र हेड मास्टर अजय कुमार सिंह, कांग्रेसी नेता व मृतक के दामाद अनंत कुमार सिंह ,पत्रकार मुरारी प्रसाद, शशिकांत तिवारी समेत कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## पेयजल व मद्यनिषेध मंत्री ने 52.36 करोड़ की ग्रामीण जलापूर्ति योजना का किया शिलान्यास

# झारखंड सरकार हर घर जल देने के लिए दृढ़ संकल्पित: मिथिलेश ठाकुर

**सात पंचायतों में 18 गांव के 42 हजार 162 लोग होंगे लाभावित**

**मंत्री ने कहा- झारखंड की गठबंधन सरकार ने 40 फीसदी घरों तक पहुंचाया शुद्ध पेयजल**

## स्व जगरनाथ महतो के अधूरे कार्य को आगे तक ले जाना ही मेरा उद्देश्य : बेबी देवी





आजाद सिपाही संवाददाता

**नावाडीह/बेरमो।** राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर और उत्पाद व मद्यनिषेध मंत्री बेबी देवी ने नावाडीह प्रखंड के भलमारा पंचायत अंर्तगत कोदवाडीह मैदान में आयोजित कार्यक्रम में सोमवार को नावाडीह प्रखंड के (शेष बचे हुए) ग्रामों में ग्रामीण जलापूर्ति योजना अंर्तगत तीन जलमीनार का शिलान्यास सिलापट्ट अनावरण करके किया। इस अवसर पर डीडीसी कृति श्री और प्रमुख पूनम देवी भी मौजूद थे। मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि 52 करोड़ 36.5 लाख रुपये की लागत वाली स्वीकृत उक्त योजना से नावाडीह प्रखंड के चपरी, पलामू, भलमारा, बिरनी, खरपीटो, पोटसो और परसबनी पंचायत के कुल 18 गांवों के लगभग 42 हजार लोग इस ग्रामीण जलापूर्ति योजना से लाभावित होंगे। सभी को शुद्ध पानी की सुविधा मिलेगी। साथ ही प्रति व्यक्ति 55 लीटर पानी दिया जायेगा। हमारी सरकार हर घर जल देने के लिए दृढ़ संकल्पित है। जो कार्य 19 साल में नहीं हुए वो कार्य हमारी सरकार ने चार साल में ही पूरा कर रही है। उन्होंने संवेदको को हिदायत देते हुए कहा कि काम में कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

वहीं, मंत्री बेबी देवी ने कहा कि दिवंगत शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो क्षेत्र के जनकल्याण के लिए हमेशा तत्पर तत्पर रहते थे। अब उनके अधूरे कार्य को आगे तक ले जाना ही उनका उद्देश्य है। उन्हीं के आदर्शो पर चलते हुए जनकल्याण का काम करती रहूंगी। इस अवसर पर प्रमुख पूनम देवी, जिला परिषद सदस्य फुलमति देवी, चपरी मुखिया आरती देवी, जलेश्वरी देवी, जयनाथ महतो आदि ने भी अपने-अपने विचार रखे। इससे पूर्व नव युवक पार्टी गोनियाटो की ओर से क्षेत्रीय नृत्य व गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया गया। इस मौके पर उप प्रमुख हरिलाल महतो, नावाडीह सीओ अशोक कुमार सिन्हा, कार्यपालक अभियंता शशि शेखर सिंह, अधिक्षन अभियंता रियाज अहमद, मुखिया संघ अध्यक्ष विश्वनाथ महतो, मुखिया नरेश विश्वकर्मा, उमेश महतो, मंत्री पुत्र अखिलेश कुमार महतो उर्फ राजू, झामुमो जिला अध्यक्ष हिरालाल मांझी, सचिव जयनारायण महतो, बीस सूत्री अध्यक्ष बृजलाल हांसदा, बीस सूत्री उपाध्यक्ष गणेश महतों, प्रखण्ड अध्यक्ष गणेश महतो, सचिव सोनाराम हेंब्रम, जेई आकुब अंसारी, तापेश्वर महतो, बालेश्वर महतो आदि मौजूद रहे।

# हाइवा-बाइक की टक्कर में एक की मौत, मुआवजे की मांग को लेकर सड़क पर शव रखकर प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोयाबाद।** थाना क्षेत्र के एकड़ा वर्कशॉप के समीप सोमवार को हाइवा और बाइक की सीधी टक्कर में एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान चंदन राम उर्फ गुड्डू (35) के रूप में हुई है। वह लोयाबाद के नौ नंबर का रहने वाला था। इसी घटना में उसका साथी धीरेन सिंह घायल है। इसके विरोध में परिजनों व पड़ोसियों ने लोयाबाद थाना के पास शव रखकर प्रदर्शन किया। भीड़ और प्रदर्शन के चलते करकेंद-कतरास मुख्य मार्ग जाम हो गया। मृतक की मां-पत्नी और बच्चे सड़क पर दहाड़ मारकर रो रहे थे। करीब एक घंटा सड़क जाम रहा। इसके बाद ट्रांसपोर्टर और हाइवा मालिक द्वारा आर्थिक सहायता के रूप में दो लाख रुपये दिये जाने और बाकि इंश्यूरेश कंपनी से मिलने वाले मुआवजा को भी देने के आश्वासन के बाद सड़क अवरोध समाप्त हुआ।



### यह है मामला

सोमवार की सुबह 7.30 बजे चंदन और उसका साथी धीरेन भूली जलान फैक्ट्री में रात्री पाली की ड्यूटी समाप्त होने पर एक ही बाइक से अपने घर लौट रहे था। एकड़ा वर्कशॉप के समीप गोलाई में करकेंद-कतरास मुख्य मार्ग सड़क पर सामने से आ रही हाइवा से टक्कर हो गई। हादसे में चंदन का चेहरा और सर बुरी तरह कुचल गया। हालांकि उस समय उसमें जान बाकी थी। स्थानीय लोगों की मदद से उसे तुरंत एसएनएमएमसीएच ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। हालांकि टक्कर के दौरान उसका साथी दूर जा गिरा, जिससे उसकी जान बच गयी। बावजूद इसके वह सदमे में है। कंधा और पैर में चोट आयी है। उधर, मृतक के पिता रामचंद्र राम लोयाबाद नौ नंबर में ही चाय की दुकान चलाते है। मृतक का एक आठ साल का बेटा और छह साल की एक बेटी है। इसकी सूचना मिलते ही पूरा इलाका शोक में डूब गया। पता चला है कि चंदन घर का बड़ा बेटा था। वही घर का खर्चा चलाता था। जलान में 8 वर्षो से ड्यूटी कर रहा था। इस दौरान समझौता कराने में मनोज मुखिया, महावीर पासी, सदेश चौहान, पुनम प्रसाद, नीतू चौधरी, वंशीधर राय, अवधेश पासवान आदि शामिल थे।

# हज से वापस लौटने पर जगह-जगह हुआ स्वागत

**लोयाबाद (आजाद सिपाही)।** लोयाबाद मुस्लिम कमेटी 16 गांवों के पंचायत के अध्यक्ष इम्तियाज अहमद के भाई हाजी रियाज अहमद उर्फ राजू एवं बीवी हज्जिन सकीना बानो का लोयाबाद सहित धनबाद, गोविंदपुर, वासेपुर में जगह-जगह गर्मजोशी से स्वागत हुआ। दोनों रविवार को कोलकाता के रास्ते हज का अरकान पूरा करके लौटे थे। मक्का और मदीना में दोनों ने करीब 40 दिनसे अधिक समय बिताया और वहां सरकार दो आलम मोहम्मद (स) के दर की जियारत नसीब हुई। वहां भारत की कामयाबी और अमन चैन की दुआ मांगी गई।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### डीवीसी के बंद ऐश बूस्टिंग प्लांट से कीमती कलपुर्जे व केबल तार चोरी, जांच में जुटी पुलिस



बोकारो थर्मल/बेरमो (आजाद सिपाही)। बोकारो थर्मल मुर्गी फार्म कॉलोनी स्थित डीवीसी के बंद पड़े ऐश बूस्टिंग प्लांट के चार दिवारी में सेंधमारी कर तांबा, पीतल एवं एलमुनियम केवल तार सहित लोहे की चोरी कर लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। जिसकी कीमत करीब पांच लाख रुपए आंकी जा रही है। घटना रविवार की रात की बताई जा रही है। चोर चोरी के सामानों को बड़े मालवाहक वाहन में लादकर ले गए। इस संबंध में मुख्य अभियंता सह परियोजना प्रधान एनके चौधरी ने कहा कि इस बाबत उपमहाप्रबंधक को कार्यवाई करने को कहा गया है। वहीं बोकारो थर्मल थाना प्रभारी शैलेश कुमार चौहान ने कहा कि डीवीसी अधिकारियों की ओर से घटना से संबंधित कोई लिखित शिकायत नहीं की गयी है।। इसके बावजूद मामले की जांच की जा रही हैं। दूसरी ओर, चोरी की इस घटना के बाद ऐश बूस्टिंग प्लांट के अगल बगल रहने वाले कॉलोनी वासियों के बीच दहशत व्याप्त हैं। मुर्गी फार्म कॉलोनी में रहने वाले लोगों ने डीवीसी अध्यक्ष सहित स्थानीय अधिकारियों से मांग की कि इस बंद ऐश बूस्टिंग प्लांट के अंदर वर्षो से पड़े कीमती केवल तार, हेवी मोटर, कलपुर्जे व लोहे के सामानों की सुरक्षा की जाय। ताकि इस बंद ऐश बूस्टिंग प्लांट के साथ ही कॉलोनी वासी भी सुरक्षित रह सके। गौरतलब हो कि डीवीसी के इस बंद पड़े ऐश बूस्टिंग प्लांट में कई बार चोरी की घटना हो चुकी है। बोकारो थर्मल थाना में चोरी की घटना से संबंधित कई मामले भी दर्ज हो चुके हैं। जिसमें पुलिस द्वारा पिछले मामलों में कुछ लोगों की गिरफ्तारी भी की गयी। स्कार्पियो, पिकअप वैन, बाइक, गैस कटर, हैक्सा ब्लेड सहित चोरी के केबल तार व लोहा भी जप्त किया जा चुका है। पर विडंबना यह है कि डीवीसी अधिकारियों की ओ्र से बंद ऐश बूस्टिंग प्लांट में चोरी होने से संबंधित एक भी मामला थाना में दर्ज नहीं करवाया गया। जबकि हर बार पुलिस ने खुद ही मामला दर्ज कर कार्रवाई की है। चोरी की बढ़ रही घटनाओं के बावजूद डीवीसी प्रबंधन द्वारा इस बंद प्लांट की सुरक्षा को लेकर कोई उपाय नहीं किये जा रहे हैं। जिस कारण चोरी की घटना बदस्तूर जारी है।

### मल्टीनेशनल कंपनियों में 75 फीसदी स्थानीय को देना होगा नियोजन: मंटू




बोकारो (आजाद सिपाही)। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) बोकारो महानगर समिति की ओर से उत्तरी विस्थापित क्षेत्र माधुडीह कार्यालय में सोमवार को बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता अशोक हेंब्रम ने की। बैठक में उपस्थित झामुमो महानगर अध्यक्ष मंटू यादव ने कहा कि हेमंत सरकार ने झारखंड में कार्यरत निजी संस्थानों में 75 फीसदी स्थानीय नौजवानों को नियोजन देना सुनिश्चित किया है। इसके बावजूद बोकारो औद्योगिक क्षेत्र में अधिकांश उद्योग के संचालक गंभीर नहीं है। बोकारो में हिंदुस्तान और भारत पेट्रोलियम जैसे केंद्रीय उपक्रम है। इन सब कंपनियों में स्थानीय बेरोजगार युवाओं को नियोजन नहीं दिया जा रहा है। इधर विस्थापितों ने अपनी पूरी जमीन बीएसएल को दे दिया है उसके बावजूद रोजगार के लिए युवक भटक रहे हैं। मंटू यादव ने कहा कि बोकारो इस्पात संयंत्र के अंदर-बाहर जितनी भी मल्टीनेशनल कंपनी है उन सब कंपनियों में विस्थापित नौजवानों को रखा जाए। झामुमो बोकारो सेल सहित अन्य कंपनियों के प्रबंधन से स्थानीय नौजवानों को 75 फीसदी नियोजन देने की मांगों को लेकर आंदोलन करने को बाध्य होगा। इस दौरान कमेटी गठित की गई, जिसमें मधुडीह शाखा अध्यक्ष प्रदीप मुर्मू, उपाध्यक्ष फिरोज राय, सचिव तुलू लायक, कोषाध्यक्ष जीवन मांझी, वास्तेजी शाखा अध्यक्ष संतोष सोरेन, सचिव अमित टुडू, उपाध्यक्ष मनोज सोरेन, रानीपोखर शाखा अध्यक्ष सचिन सोरेन, सचिव संदीप महतो, उपाध्यक्ष महेंद्र मुर्मू, कोषाध्यक्ष राजेश मुर्मू को सर्वसम्मति से बनाया गया। बैठक में महानगर उपाध्यक्ष मनोज हेंब्रम, सचिव फिरदोस अंसारी, कोषाध्यक्ष मिथुन मंडल, जिला संगठन सचिव फैयाज आलम, चंदू सिंह मुंडा, अभिमन्यु मांझी, धनेश तूरी, टीपी महतो, अर्जुन महतो, सोहन मुर्मू, विनोद महतो, युसूफ अंसारी, अशोक सोरेन, लखी गोस्वामी, शारदा मांझी, संतोष सोरेन आदि थे।

# राम अवतार आउटसोर्सिंग में चौथे दिन भी पूरी तरह से ठप रहा काम

**राम अवतार आउटसोर्सिंग प्रबंधन और कर्मियों की बीच वार्ता विफल**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोयाबाद।** राम अवतार आउटसोर्सिंग कंपनी के मजदूरों और प्रबंधन के बीच सोमवार को कनकनी स्थित आंदोलन स्थल पर हुई वार्ता विफल रही। अधिकारियों ने खड़े-खड़े मजदूरों से वार्ताकी। करीब एक घंटे तक दोनों पक्षों के बीच वार्ता हुई। कंपनी के मालिक आदित्य सिंह और प्रबंधक अंकित सिंह ने मजदूरों से कहा कि चालक को प्रति माह वेतन में दो हजार रुपये और हेल्पर को 1500 रुपये बढा दिया जाएगा। इस पर मजदूर सहमत नहीं हुए। मजदूरों का कहना था कि जब तक सम्मान जनक वेतन नहीं मिलता वे आंदोलन जारी रखेंगें। वहीं, अंकित सिंह ने मजदूरों को एक अखबार में प्रकाशित झारखंड न्यायालय का आदेश दिखाते हुए म्कहा कि मजदूर एचपीसी द्वारा निर्धारित वेतन ठेकेदार या उत्खनन कंपनी से नहीं मांग सकते हैं। हालांकि मजदूरों ने स्पष्ट कहा कि एनआइटी में जो मजदूरों का वेतन तय है वह भुगतान किया जाए या फिर सम्मान जनक वेतन दिया जाए। जितना उनलोगों को कंपनी द्वारा वेतन दिया जा रहा है उससे परिवार का पालन पोषण नहीं हो पा रहा है। इस पर कंपनी के लोगों ने कहा स्थिति अभी ठीक नहीं है। जब स्थिति में सुधर होगी तब उनलोगों का वेतन बढा दिया जाएगा। मजदूर इस बात पर भी तैयार नहीं हुए और सोमवार को चौथे दिन भी चक्का जाम आंदोलन जारी रखा। बतातें चलें कि शुक्रवार से मजदूर शोषण और एचपीसी के तहत वेतन भुगतान सहित 11 सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन चक्का जाम आंदोलन किए हुए हैं। इस दौरान वार्त में कंपनी की ओर से साइड इंचार्ज सुनील सिंह, जबकि मजदूरों की तरफ से नंदलाल महतो, उमेश कुमार चौहान, जीतू बाउरी, तपन गोराई, जितेंद्र चौहान, शंकर राणा, उमेश राणा, विकास चौहान, जेपी चौहान, विनय चौहान कर्म रजवाड़, जमाल अंसारी, पप्पू अंसारी, दीपेंद्र बेलदार, राकेश चौहान, राजकुमार चौहान, सुफल महतो आदि थे।

# लोदना ओपी प्रभारी का आंख फोड़ देने की धमकी देने वाला वीडियो वायरल

## कहा- ऐसा कोई इरादा नहीं था, आवेश में मुंह से निकल गयी थी बात

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनसार/झरिया।** झरिया के लोदना ओपी क्षेत्र में एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें सड़क जाम कर रहे ग्रामीणों के समझाने गए लोदना ओपी प्रभारी संजीव कुमार सिंह एक युवक को आंख फोड़ देने की धमकी दे रहे हैं। वीडियो देख लोग 2003 में बनी बॉलीवुड की फिल्म गंगाजल को याद कर रहे हैं। अब उसी कांड की तर्ज पर लोदना ओपी पुलिस ने कुछ युवकों को आंख फोड़ डालने की धमकी दे डाली। वहां मौजूद एक शख्स ने पूरे घटनाक्रम का वीडियो बना कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। जिसके बाद अलग-अलग प्रतिक्रिया के साथ लोग इसे खूब शेयर कर रहे हैं। बताया जाता है कि सुशी देव प्रभा परियोजना के विस्तारीकरण को लेकर जयरामपुर-भागा मुख्य मार्ग पर लोदना आठ नंबर बस्ती के समीप डायवर्सन बना कर सड़क बनाया जा रहा है। जिसका ग्रामीणों ने विरोध कर काम रुकवा दिया।



लोदना ओपी प्रभारी संजीव सिंह।

इसकी सूचना पाकर लोदना ओपी प्रभारी संजीव कुमार सिंह दलबल के साथ वहां पहुंच गए। पहले उन्होंने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया पर लोग विरोध करते रहे। प्रदर्शनकारी किसी भी कीमत पर सड़क को लोदना बस्ती से होकर गुजरने नहीं देने की बात पर अड़े थे। इस बीच ग्रामीणों व लोदना पुलिस के बीच नोंकझोंक शुरू हो गयी। तभी ओपी प्रभारी ने पुलिस से उलझ रहे युवक को आंख फोड़ डालने की धमकी दे दी। हालांकि उक्त बयान के सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद उनकी आलोचना भी शुरू हो गयी। इस बाबत लोदना ओपी प्रभारी संजीव कुमार सिंह ने कहा कि ग्रामीण सड़क निर्माण कार्य का विरोध कर रहे थे। सूचना मिलने पर दो सिपाहियों के साथ वे घटना स्थल पर पहुंचे थे। परियोजना पदाधिकारियों व ग्रामीणों को वार्ता के जरिये मामले को सुलझाने की बात कह कर सड़क निर्माण कार्य रुकवाया। तभी कुछ असामाजिक तत्व हंगामा करते हुए माहौल खराब करने लगे। हालांकि हमने काफी समझाया। आवेश में आकर मेरे मुंह से आंख फोड़ने वाली बात निकल गई। हमारा ऐसा कोई इरादा नहीं था। अगर उस समय सख्ती से पेश नहीं आते तो मुझपर हमला भी हो सकता था।


**जिला समादेष्टा का कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, रामगढ़।**

**आवश्यक सूचना:-**

झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, रामगढ़, के गृह रक्षक संख्या– 233/U सुभाष कुमार रवि ,ग्रम– कुरुम, पोस्ट– कुरुम, थाना– रजरप्पा, जिला– रामगढ़, को सूचित किया जाता है कि आपकी प्रतिनियुक्ति राज्यपाल सचिवालय झारखण्ड़ के प्रधान सचिव के आवासीय कार्यालय में की गई थी। दिनांक 19.06.2023 से 25.06.2023 तक अवकाश लेकर घर आये थे, अवकाश समाप्ती के उपरांत आप अपने कर्तव्य स्थल से बिना किसी सुचना के अनुपस्थित हैं। इस संबंध में आपको विशेष दुत के माध्यम से भी सूचना दी गई है। जिला समादेष्टा रामगढ़ के ज्ञापांक– 81, दिनांक– 04.07.2023 के द्वारा आपके घर इस संबंध में स्पष्टीकरण भेजी गई है। आपको कर्तव्य पर योगदान देने का अंतिम अवसर देते हुए निदेश दिया जाता है कि आप सूचना प्रकाशन के तीन दिनों के अंदर अपने कर्तव्य पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें। अन्यथा अपके विरुद्ध कर्तव्य विमुक्ति की कार्यवाही की जा सकती है।

गृह रक्षक– सुभाष कुमार रवि को जानने वाले सभी आमजनों से आग्रह है कि आप उक्त गृह रक्षक को इस सूचना से अवगत करायें।

ह0/–
जिला समादेष्टा,
झारखण्ड़ गृह रक्षा वाहिनी, रामगढ़।

PR 302478 (District) 23-24 (D)



प्रपत्र VII
समाहरणालय, गढ़वा
(जिला भू–अर्जन शाखा, गढ़वा)
या समाहर्त्ता या समुचित सरकार

**अधिघोषणा**

(अधिनियम–30/2013 की धारा–19(1) के अधीन)
अधिघोषणा संख्या 565/भू0अ0,गढ़वा, दिनांक 12.07.2023

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना **बिलासपुर से धुरकी भाया सगमा पथ का चौड़ीकरण एवं मजबुतीकरण** हेतु ग्राम–तेन्दरा उर्फ धुरकी, थाना नं0–179, थाना–धुरकी, अंचल–धुरकी, जिला–गढ़वा में कुल :– **0.2084** एकड़ भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप से कमोवेश **0.2084** एकड़ है और जो ग्राम–तेन्दरा उर्फ धुरकी, थाना नं0–179, थाना–धुरकी, अंचल–धुरकी, जिला–गढ़वा में है, जिसका विवरण निम्नलिखित है :–

| क्र. | खाता संख्या | सर्वे प्लॉट संख्या | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | पूरा पता सहित वर्त्तमान रैयत का नाम | सीमा (भूखंड स) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 185 | 463 | टॉड़ दो | रैयती | 0.0077 | सकील अंसारी पिता स्व0 सिराजुदीन अंसारी वो सलाउदीन अंसारी पिता स्व0 वहाव मियां वो अली अब्बास अंसारी वो इलियास अंसारी पिता स्व0 सदीक मियां वो नारूदीन मियां पिता सुकन मियां | 461 | 477 | रोड | 465 |
| 2 | 185 | 477 | टॉड़ दो | रैयती | 0.0091 | नन्दलाल सोनी पिता ईश्वर प्रसाद सोनी, धुरकी | 463 | 479 | रोड | 476 |
| 3 | 185 | 480 | टॉड़ दो | रैयती | 0.0301 | नजमुदीन अंसारी पिता असरफ अली, धुरकी | 479 | 606 | 608 | 481 |
| 4 | 209 | 601 | टॉड़ तीन | रैयती | 0.0087 | खलील वो रेयाजुदीन वो सैमुदीन वो असमुदीन वो रहमुदीन पिता सरफुदीन, ताज मोहम्मद वो बरकत हुसैन पिता मेहदली मियां, | 603 | रोड | 602 | 600 |
| 5 | 209 | 610 | टॉड़ तीन | रैयती | 0.0181 | खलील वो रेयाजुदीन वो सैमुदीन वो असमुदीन वो रहमुदीन पिता सरफुदीन, ताज मोहम्मद वो बरकत हुसैन पिता मेहदली मियां, | 609 | 670 | 610 | रोड |
| 6 | 120 | 618 | टॉड़ दो | रैयती | 0.0227 | विगन कोरवा वो हरिहर कोरवा पिता विदेशी कोरवा | 618 | 613 | 615 | रोड |
| 7 | 120 | 622 | टॉड़ दो | रैयती | 0.0178 | विगन कोरवा वो हरिहर कोरवा पिता विदेशी कोरवा | 623 | 621 | 2235 | रोड |
| 8 | 99 | 623 | टॉड़ दो | रैयती | 0.0164 | नान्हू कोरवा पिता बिरझू कोरवा | रोड | 622 | 624 | रोड |
| 9 | 153 | 627 | धान दो | रैयती | 0.013 | इसलामुदीन मियां पिता अजबुदीन मियां वो मोहिउदीन मियां वो दोष मोहम्मद पिता रोजन मियां | 628 | 626 | 624 | रोड |
| 10 | 200 | 995 | मकानमय सहन | रैयती | 0.0039 | मोकीम अंसारी वो शमशेर अंसारी पिता सरीफ अंसारी वो सराफत हुसैन पिता सफायत मियां | 996 | रोड | 994 | 999 |
| 11 | 157 | 1000 | टॉड़ एक | रैयती | 0.0021 | असरफ अली पिता रजाक मियां | 1001 | रोड | 999 | रोड |
| 12 | 106 | 1031 | मकानमय सहन | रैयती | 0.0085 | समसाद अंसारी वो अजिमुल्लाह अंसारी वो फैयाज अंसारी वो हसनैन अंसारी वो कोनैन अंसारी पिता फेजुललाह अंसारी | 1032 | रोड | रोड | 1033 |
| 13 | 88 | 1032 | मकानमय सहन | रैयती | 0.0061 | मो0 हुसैन अंसारी वो जाफर अंसारी वो काबिद हुसैन वो लेयाकत हुसैन वो शौकत अंसारी पिता नजरूदीन मियां | 1033 | 1031 | रोड | 1033 |
| 14 | 32 | 1033 | टांड़ एक | रैयती | 0.0035 | मो0 हदीस अंसारी वो मो0 तौफीक अंसारी वो नफीस अंसारी पिता कमरूल हौदा | 1036 | 1032 | रोड | 1035 |
| 15 | 106 | 1036 | टांड़ एक | रैयती | 0.0039 | समसाद अंसारी वो अजिमुल्लाह अंसारी वो फैयाज अंसारी वो हसनैन अंसारी वो कोनैन अंसारी पिता फेजुललाह अंसारी | 1037 | 1033 | रोड | 1035 |
| 16 | 107 | 1037 | टांड़ एक | रैयती | 0.0015 | समसाद अंसारी वो अजिमुल्लाह अंसारी वो फैयाज अंसारी वो हसनैन अंसारी वो कोनैन अंसारी पिता फेजुललाह अंसारी | 1038 | 1036 | रोड | 1035 |
| 17 | 59 | 1038 | टांड़ दो | रैयती | 0.0099 | फिरोज अंसारी पिता कुर्बान अंसारी | 1041 | 1037 | रोड | 1038 |
| 18 | 123 | 606 | टांड़ दो | रैयती | 0.0122 | सरफुलहक मियां वो सरफुदीन अंसारी वो याकुब अंसारी वो सबीर अली पिता बुधन मियां वो जमालुदीन मियां पिता नजरली मियां वो अलीकरीम पिता बिपत मियां | 1023 | 1002 | 1004 | रोड |
| 19 | 131 | 1003 | टांड़ दो | रैयती | 0.0059 | रोज मोहम्मद अंसारी वो रियाजुदीन अंसारी पिता दिलजान मियां | 1023 | 1002 | 1004 | रोड |
| 20 | 186 | 954 | मकानमय सहन | रैयती | 0.0015 | आबीद अंसारी वो मुस्ताक अंसारी वो मुमताज अंसारी पिता वारिस मियां | 954 | 992 | रोड | नीज |
| 21 | 162 | 962 | मकानमय सहन | रैयती | 0.0039 | रमजान मियां वो कमालुदीन मियां पिता अलामुदीन मियां, जाति शेख मोमीन | 1000 | रोड | 999 | रोड |
| 22 | 157 | 999 | मकानमय सहन | रैयती | 0.0019 | असरफ अली पिता रजाक मियां | | | | |
| | | | | कुल :– | 0.2084 | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30/2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जांच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या :– शून्य,

जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए है, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है :– ग्राम–तेन्दरा उर्फ धुरकी, थाना नं0–179, थाना–धुरकी, अंचल–धुरकी, जिला–गढ़वा, क्षेत्रफल– 0, एकड़– 0, जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना के सार नीचे दिये गये है :– शून्य

उपायुक्त,
गढ़वा।

PR 302508 (Land Reforms) 23-24 (D)

### शुभ्रजित पंडा के खिलाफ मरीज के परिजनों ने की थी शिकायत

# पुलिस ने गंजाम में नकली डॉक्टर को किया गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर, गंजाम।** गंजाम डेंगाउस्ता स्थित बबुल क्लिनिक में फर्जी डाक्टर को दिगपहंडी पुलिस ने गिरफ्तार किया। ब्रह्मपुर एसपी के निर्देश पर उसे गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार फर्जी डॉक्टर ढेंकनाल जिले के संडा गांव का शुभ्रजित पंडा है। पुलिस ने गंजाम डेंगाउस्ता सहित कटक में स्थित निजी क्लीनिक पर जांच करने के साथ कटक में डॉक्टर के किराये के घर पर भी जांच चल रही है। उसने खुद को अनुभवी डॉक्टर होने का दिखावा किया और इलाज के लिए मोटी रकम ले रहा था।



**क्या है मामला :** कुछ दिन पहले डेंगाउस्ता में रहने वाले एक बुजुर्ग को बुखार हुआ था। परिजन वृद्धा को इलाज के लिए फर्जी डॉक्टर शुभ्रजित पंडा के पास ले गये। उन्होंने वृद्धा का इलाज किया। वृद्धा का शरीर बिल्कुल भी ठीक नहीं हुआ, बल्कि उनका तबियत और भी गंभीर हो गयी। इसको लेकर परिजन चिंतित थे। बाद में वृद्धा को इलाज के लिए भुवनेश्वर ले जाया गया। पता चला कि वृद्धा की किडनी खराब थी, लेकिन फर्जी डॉक्टर ने वृद्धा के परिवार को कुछ नहीं बताया। इसके बजाय, वह बार-बार दवा लिखते रहे। परिजनों की शिकायत है कि उचित इलाज नहीं मिलने से वृद्धा की हालत बिगड़ गयी। इसको लेकर परिवार वालों ने ब्रह्मपुर एसपी के पास शुभ्रजित पांडा के नाम से शिकायत दर्ज करायी है। ब्रह्मपुर एसपी ने एक टीम गठित कर घटना की तहकीकात शुरू कर दी है।

जाच के दौरान पता चला कि सुभ्रजीत को तेलंगाना पुलिस ने फरवरी 2020 में गिरफ्तार किया था। यह पता चला कि उसे पुलिस ने विश्व स्वास्थ्य संगठन का सदस्य होने का दावा करते हुए एक डॉक्टर के सम्मेलन में भाग लेने के लिए गिरफ्तार किया था। पुलिस के मुताबिक युक्त दो पढ़ाई के बाद डॉक्टरों से पास रह कर काम करा रहा था। प्रशिक्षण लेकर वह अपना सर्टिफिकेट बनवाया और मेडिसिन प्रतिनिधियों को पकड़ कर इलाज कर रहा था। एक मरीज को देखने के लिए 300 रुपये ले रहा था।

हालांकि यह बताया गया है कि डॉक्टर की शादी सिर्फ 24 दिन पहले हुई थी, जब उसकी पत्नी गंजाम दिगपहंडी पुलिस स्टेशन आती है, तो उसे सच्चाई का पता चलता है। दो दिन पहले दिगपहंडी पुलिस स्टेशन के अधिकारी और खुद एसपी के निर्देश पर एक टीम इलाज के लिए एम्स के डॉक्टर के पास गयी, उन्हें वहां से गिरफ्तार किया और उनसे आगे पूछताछ की और सच्चाई का खुलासा किया, लेकिन क्लीनिक करने वाला को यह नहीं पता था कि वह नकली डॉक्टर है।

### भाजपा की टिफिन बैठक में संगठनात्मक मुद्दों पर हुई चर्चा

# झारखंड में भाजपा की सरकार बनानी है, अभी से ही सभी कार्यकर्ता तैयारी में जुट जायें : बाबूलाल मरांडी

आजाद सिपाही संवाददाता

**गावां गिरिडीह।** प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने गावां प्रखंड के कई गांवों का दौरा किया। श्री मरांडी ने बेंड्रो जाकर ठाकुर पिंडा में पूजा अर्चना की। इसके बाद उपस्थित लोगों से मिलकर लोगों का हालचाल जाना। वे बादीडीह पहुंचकर विगत दिनों प्रवासी मजदूर के दिल्ली मौत की सूचना पर उसके घर पहुंचे और उनके परिजनों को ढांढस बंधाया। गौरतलब हो कि भागलपुर निवासी कपिल प्रसाद यादव घर आने दौरान रेलवे स्टेशन में हार्ट अटैक से मौत हो गया था। वे गावां किसान भवन में आयोजित गावां एवं माल्डा मंडल के संयुक्त टिफिन बैठक में भाग लिया। बैठक में सभी पंचायतों में सभी बूथों का गठन एवं सांगठनिक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि धनवार विधानसभा को आप सबों को एक मॉडल के रूप में प्रस्तुत करना है। मैं इस समय प्रदेश अध्यक्ष हूं। इसलिए अपने क्षेत्र के सभी बूथों का गठन सबसे पहले हो, इसे प्राथमिकता के सूची में रखें। उन्होंने कहा कि झामुमो की सरकार में राज्य का विकास पूरी तरह अवरुद्ध हो गया है। केंद्र की योजना का सही ढंग से सदुपयोग नहीं हो पा रहा है। आज यदि यहां भाजपा की सरकार होती, तो क्षेत्र का समुचित विकास होता। राज्य सरकार केवल अपनी कमाई में लगी है। उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की देन है कि सभी घरों तक बिजली पहुंची है। सभी गांवों को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क से जोड़ा जा रहा है। क्योंकि विकास की एजेंडा सिर्फ भाजपा के ही पास है। भाजपा बिना भेदभाव के क्षेत्र की विकास करती है। नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में पूरे विश्व मे भारत का मान सम्मान बढ़ा है। विश्व के सभी देशों में इन्हें सम्मानित किया जा रहा है। वर्ष 2024 चुनाव का वर्ष होगा, जिसमें नरेंद्र मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनाते हुए झारखंड में भाजपा की सरकार बनानी है। इसके लिए सभी कार्यकर्ता अभी से ही मेहनत करना शुरू कर दें।

कार्यक्रम को जिलाध्यक्ष महादेव दुबे, अजय रंजन, अशोक उपाध्याय, मनोज यादव, महेश राम, विवेक विकास मिश्रा ने भी संबोधित किया। मौके पर मंडल अध्यक्ष चन्द्रशेखर आजाद, मुन्ना सिंह, प्रह्लाद सिंह, श्रीराम यादव, कॉंग्रेस यादव, वहाब खान, बबलू साहा, पवन सिंह, मनोज सिंह, अर्जुन साव, उदय साव, रामचन्द्र ठाकुर, विजय यादव, श्रवण कुमार, देवनंदन सिन्हा उपस्थित थे




**बाबूलाल के प्रदेश अध्यक्ष बनते ही विपक्षी पार्टियां हताश-निराश : लक्ष्मण प्रसाद सिंह**

इस मौके पर अपने विचार व्यक्त करते हुए लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने कहा कि बाबूलाल के प्रदेश अध्यक्ष बनते ही विपक्षी पार्टियां हताश और निराश हो गयी हैं। केंद्रीय नेतृत्व ने बहुत ही सोच समझ कर बाबूलाल को प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। इनके नेतृत्व में पूरे झारखंड में कमल खिलेगा। नरेंद्र मोदी के शासन काल में अत्यंत महत्वपूर्ण योजनाओं का शुभारंभ किया गया है। कार्यकर्ता सभी पंचायतों में डोर-टू-डोर जाकर शसक्त संगठन का निर्माण करें।

# पीएम मोदी आज वीर सावरकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पोर्ट ब्लेयर के नये टर्मिनल का उद्घाटन करेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 18 जुलाई को सुबह 10:30 बजे वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पोर्ट ब्लेयर के नए एकीकृत टर्मिनल भवन का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उद्घाटन करेंगे। उद्घाटन समारोह में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया मौजूद रहेंगे। कनेक्टिविटी के बुनियादी ढांचे में वृद्धि करना सरकार का प्रमुख केंद्र बिंदु रहा है। इस नये एकीकृत टर्मिनल भवन का निर्माण लगभग 710 करोड़ रुपये की लागत से हुआ है। यह नया टर्मिनल, इस केंद्र शासित प्रदेश की कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। लगभग 40,800 वर्गमीटर के कुल निर्मित क्षेत्र वाला यह नया टर्मिनल भवन प्रति वर्ष लगभग 50 लाख यात्रियों के आवागमन को संभालने में सक्षम होगा।



पोर्ट ब्लेयर हवाई अड्डे पर 80 करोड़ की लागत से दो बोइंग-767-400 और दो एयरबस-321 प्रकार के विमानों के लिए उपयुक्त एप्रन का भी निर्माण किया गया है, जिससे यह हवाई अड्डा अब एक समय में दस विमानों की पार्किंग करने में सक्षम हो गया है। प्रकृति से प्रेरित इसका वास्तुशिल्प डिजाइन, समुद्र और द्वीपों को दर्शाते हुए एक शंख के आकार की संरचना जैसा दिखता है। नए हवाईअड्डे के भवन में गर्मी को कम करने के लिए डबल इंसुलेटेड रूफिंग सिस्टम, भवन के अंदर कृत्रिम प्रकाश के उपयोग को कम करने के लिए और दिन में प्रचुर मात्रा में प्राकृतिक रूप से सूर्य के प्रकाश का अधिक से अधिक प्रवेश कराने के लिए रोशनदानों की व्यवस्था, एलईडी लाइटिंग, गर्मी कम करने वाली ग्लेज़िंग जैसी स्थिरता वाली कई विशेषताएं मौजूद हैं। इस भवन में भूमिगत जल टैंक में वर्षा जल संग्रहण, शत-प्रतिशत शोधित अपशिष्ट जल को लैंडस्कैपिंग (भूदृश्य) के लिए दोबारा उपयोग करने के साथ ऑन-साइट सीवेज शोधन संयंत्र तथा 500 किलोवाट क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्र की मौजूदगी, इस टर्मिनल भवन की कुछ अन्य विशेषताएं हैं, जो इन द्वीपों के पर्यावरण परकम नकारात्मक प्रभाव सुनिश्चित करती हैं।

अंडमान और निकोबार के प्राचीन द्वीपों के प्रवेश द्वार के रूप में, पोर्ट ब्लेयर पर्यटकों के लिए बहुत लोकप्रिय गंतव्य स्थल है। यह विशाल नया एकीकृत टर्मिनल भवन हवाई यातायात को बढ़ावा देने के साथ-साथ इस क्षेत्र में पर्यटन में वृद्धि करने में भी सहायता प्रदान करेगा। इससे स्थानीय समुदाय के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और इस क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करने में भी सहायता मिलेगी।

# सीमा हैदर को यूपी एटीएस ने उठाया

### आइएसआइ एजेंट होने का शक, हो सकती है गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** उत्तर प्रदेश एंटी टेररिस्ट स्क्वायड (यूपी एटीएस) सीमा हैदर को अपने साथ ले गयी है। यूपी एटीएस की टीम ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा गांव पहुंची। उसने सीमा हैदर को बाहर निकलने के लिए कहा। इसके बाद अपने साथ लेकर चली गयी। उसे हिरासत में लिया गया है। सीमा हैदर अपने प्रेमी सचिन मीणा से जुदा हो गयी हैं। उनकी गिरफ्तारी की भी संभावना जतायी जा रही है। सीमा हैदर के पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आइएसआइ से कनेक्शन के शक में जांच चल रही है। यूपी एटीएस, आइबी, नोएडा पुलिस समेत कई एजेंसियां इस एंगल पर जांच कर रही है। सीमा हैदर के फोन कॉल डिटेल की भी जांच की जा रही है। पाकिस्तान से दुबई, फिर काठमांडू और वहां से ग्रेटर नोएडा आने के मसले की जांच में जुटी यूपी एटीएस की कार्रवाई के बाद हलचल तेज हो गयी है। सीमा हैदर को यूपी एटीएस की ओर से अपने साथ ले जाये जाने के बाद सचिन के परिवार के लोगों ने घर के दरवाजे बंद कर लिए हैं।



# पाकिस्तान के लिए जासूसी करनेवाले तीन दोषियों को सुनायी उम्रकैद की सजा

- इंडियन आर्मी कैंपों की रैकी करते थे
- तीनों भारत में रहते थे, लेकिन प्रेम पाकिस्तान से करते

आजाद सिपाही संवाददाता

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद की सेशन कोर्ट ने पाकिस्तान के लिए जासूसी करने वाले तीन दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनायी है। अहमदाबाद क्राइम ब्रांच ने सिराजुद्दीन अली फकीर, मोहम्मद अयूब और नौशाद अली को 2012 में अरेस्ट किया था। तब सिराजुद्दीन की उम्र 24, जबकि अयूब और नौशाद की 23-23 साल की थी। तीनों पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी (आइएसआइ) तक इंडियन आर्मी की सीक्रेट इन्फॉर्मेशन पहुंचाते थे। तीनों आरोपियों में से दो आरोपी अहमदाबाद के जमालपुर और नौशाद अली राजस्थान के जोधपुर का रहने वाला है।



**कोर्ट ने फांसी की मांग खारिज की :** एडिशन सेशन जज अंबालाल पटेल की अदालत ने मौत की सजा के लिए सरकारी वकील की अपील को खारिज कर दिया और कहा कि तीनों का अपराध रेयरेस्ट ऑफ रेयर कैटेगिरी में नहीं आता है। अदालत ने कहा कि तीनों भारत में रहते थे, लेकिन उनका प्रेम और देशभक्ति पाकिस्तान के लिए थी।

**14 साल कठोर कारावास भी :** अदालत ने तीनों को आइपीसी की धारा 121, 121 (ए) और 120 (पी) और आइटी अधिनियम की धारा 66 (एफ) के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम की धारा 3 के तहत 14 साल का कठोर कारावास और आइपीसी की धारा 123 के तहत 10 साल जेल की सजा सुनाई है। सभी सजाएं एकसाथ चलेंगी।

**कराची में मिले थे आइएसआइ एजेंट से :** सरकारी वकील भरत पाटनी ने बताया कि इस मामले में कोर्ट ने कुल 75 गवाहों से पूछताछ की। क्राइम ब्रांच की जांच के मुताबिक, अहमदाबाद के जमालपुर का रहने वाला आरोपी सिराजुद्दीन 2007 में पाकिस्तान के कराची गया था, जहां उसकी मुलाकात तैमूर नाम के आइएसआइ एजेंट से हुई थी। इसके बाद उसने मोहम्मद अयूब को अपने साथ मिला लिया था। वहीं, राजस्थान का नौशाद अली 2009 में पाकिस्तान पहुंचा था, जहां उसकी आइएसआइ एजेंट ताहिर से मुलाकात हुई थी।

**ई-मेल के ड्राफ्ट में सेव कर देते थे मैसेज :** चार्जशीट में क्राइम ब्रांच ने बताया कि पाकिस्तान तक मैसेज भेजने के लिए तीनों को kapoor201111@yahoo.com और nandkeshwar@yahoo.com नाम के दो फेक आईडी और इनके पासवर्ड दिये गये थे। आरोपी इन मेल में अपने मैसेज ड्राफ्ट में सेव कर देते थे। वहीं, दूसरी और पाक खुफिया एजेंसी के एजेंट मेल ओपन कर ड्राफ्ट मैसेज निकाल लेते थे।

**सऊदी से आते थे पैसे :** क्राइम ब्रांच की जांच में खुलासा हुआ था कि आरोपी सिराजुद्दीन फकीर, मोहम्मद अयूब, नौशाद अली भारतीय आर्मी से जुड़ी कई अहम जानकारियों के अलावा, सीमा पर भारतीय चौकियों के नक्शे भी भेजा करते थे। आरोपी राजस्थान के जोधपुर, अहमदाबाद, गांधीनगर और कच्छ में मिलिट्री कैंप की रैकी कर आर्मी के मूवमेंट, नक्शे समेत जानकारियां जुटाया करते थे। जासूसी के एवज में इन्हें सऊदी के एक एजेंट के जरिए पैसे पहुंचाये जाते थे।


बोरिंग के लिए संपर्क करे

जल ही जीवन

993106883
9113754813

रांची के अंदर कहीं भी अच्छे रेट में

Contact for : Deep Boring, 405" 6" 8" Dia All Motor & Pump Fitting, Building Material

कृष्णा ज्वेलर्स

Mob : 9973853279, 9031249105

समस्या है तो ! समाधान भी है !

आचार्य प्रणव मिश्रा

प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न गोल्डमेडलिस्ट, M.M (ज्योतिर्विज्ञान) टॉपर 2012 एवं (P.h.D) रांची, वि. वि. रांची

गांधी चौक, सोनार गली, बीण वस्त्रालय के सामने अपर बाजार, रांची

Ranjeet Singh
Kundan Singh
Proprietor

SHIVA TRADERS

T:+91-99341 89684
76673 84788

Shiva Complex, Rajender Chowk, Giridih Bypass Road Koderma(JH)825410
Mob : 9939563560, 7004525571, Email id : shivacement1212@gmail.com

PERFECT AQUA

Commercial WATER PLANT To purify water

CALL US

9431701163

Perfect service

H:B ROAD KOKAR RANCHI JHARKHAND

FREE FRANCHISE

Just call us : 9835502908

Alpha Institute of Computer Education

Franchise Benefit

- All Computer courses
- Vocational courses
- Authorization Letter
- Authorization Certificate
- Web Login ID & Password
- Study Material Support
- Branded Name
- PDF Certificate in 24 Hrs
- Hard Copy Certificate & Mark sheet
- Students Placement Support
- Marketing Support
- Online & Offline Certificate Verification
- Yearly Career Guidance - Seminar in your city
- Paper and Media Support

Registered Office : 262, Delta Bhawan,Adarsh Nagar, Khorha Toli,Kokar, Ranchi (Jharkhand),Mob : 9835502908

Cooperate Office : Kokar Chowk, Kokar, Ranchi (Jharkhand), Mob : 9631103045

Cooperate Office : Noorsarai, Near Police Station Nalanda, Bihar Mob : 7488289546

E-mail : alphaeducational.center@gmail.com, Web site : www.alphaec08.com

VERMA PRESS

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !



आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**